दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 53 | जयपुर | गुरुवार, 26 दिसम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# राजस्थान में साढ़े 11 हजार अटल प्रेरक भर्ती होंगे

## ग्राम पंचायतों में अटल ज्ञान केंद्र बनेंगे... एक साल पहले 50-हजार पदों पर भर्ती की थी रद्द

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में साढ़े 11 हजार ग्राम पंचायतों में संविदा पर अटल प्रेरक भर्ती किए जाएंगे। प्रत्येक ग्राम पंचायत में अटल ज्ञान केंद्र खोले जाएंगे। प्रत्येक ज्ञान केंद्र पर एक अटल प्रेरक नियुक्त किया जाएगा। ये अटल प्रेरक जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता करेंगे। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर सीएम भजनलाल शर्मा ने यह घोषणा की।

सीएम ने कहा- इन ज्ञान केंद्रों पर युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लाइब्रेरी और ई-लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। प्रशिक्षण और काउंसिलिंग सुविधा भी मिलेगी। सीएम प्रदेश भाजपा कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए थे। दरअसल, एक साल पहले भजनलाल सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार की ओर से 50 हजार पदों पर निकाली गई महात्मा गांधी सेवा प्रेरक भर्ती को रद्द कर दिया था।





### ई-गवर्नेंस अवॉर्ड अब अटल ई-गवर्नेंस अवॉर्ड

सीएम भजनलाल ने कहा- प्रदेश में अब ई-गवर्नेंस अवॉर्ड का नाम बदलकर अटल ई-गवर्नेंस अवॉर्ड होगा। इसके साथ ही सभी स्कूलों में कंप्यूटर रूम का नाम अटल कंप्यूटर रूम के नाम पर किया जाएगा।

### सीएम बोले- चाचा का पत्र लेकर वाजपेयी से मिला

समारोह में संबोधन के दौरान सीएम ने अपने चाचा गिर्राज का 1998 का संस्मरण सुनाया। उन्होंने कहा- मेरे चाचा गिर्राज ने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम किया। उस समय उन्हें गिर्राज दादा के नाम से जानते थे। मुझे उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम एक पत्र लिख कर दिया। इसमें लिखा- मेरा भतीजा आप से मिलने आ रहा है। हमारे परिवार में कोई राजनीति नहीं जानता है। लेकिन, वह जो कह रहा है बस, आप एक बार सुन लीजिए। सीएम ने कहा- इसके बाद जब मैं पत्र लेकर अटल जी के पास गया तो उन्होंने कहा- गिर्राज जी दाल, बाटी और चूरमा अच्छा खिलाते थे

### राठौड़ बोले- वाजपेयी के लिए स्कूटर से खाना लेकर आया था

प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- 1971 में अटल बिहारी वाजपेयी पाली आए थे। उस समय पाली में हमारे प्रत्याशी संपतमल गांधी थे। रेलवे स्टेशन पहुंचकर उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी से पूछा कि आपने भोजन किया तो उन्होंने कहा कि आपने पूछा ही नहीं। उसके बाद मुझे स्कूटर से संपतमल गांधी के घर भोजन लेने के लिए भेजा गया। मैं उनके लिए भोजन लेकर आया और उन्होंने रेलवे के रिटायरिंग रूम में बैठकर भोजन किया। राठौड़ ने एक अन्य किस्सा सुनाते हुए कहा- जब अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे, तो वह जयपुर आए थे। मैं सांभर में पार्टी का प्रचारक था। मैं उनसे मिलने जयपुर आया तो उन्होंने मुझसे पूछा आजकल क्या कर रहे हो? मैंने कहा कि मैं सांभर में प्रचारक हूं तो उन्होंने कहा- क्या मेरे लिए फीणी लेकर आए हो? मदन राठौड़ ने कहा- अटल बिहारी वाजपेयी को मीठे का बहुत शौक था।

### कांग्रेस ने बजट में की थी भर्ती की घोषणा

पिछली कांग्रेस सरकार में साल 2023-24 के बजट में तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत ने 50 हजार पदों पर महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की भर्ती करने की घोषणा की थी। इस बजट घोषणा के आधार पर शांति और अहिंसा विभाग ने 13 अगस्त 2023 को संविदा के आधार पर एक साल के लिए भर्ती करने के लिए विज्ञप्ति जारी की थी। प्रेरकों को हर महीने 4500 रुपए का स्टाइपेंड दिया जाना था। इन प्रेरकों को गांधीवाद और अहिंसा के प्रचार-प्रसार का जिम्मा दिया जाना था। गहलोत सरकार ने आचार संहिता से दो महीने पहले ही यह भर्ती निकाली थी।

## पुष्पा-2 टीम ने विक्टिम फैमिली को 2 करोड़ दिए

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद में पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाली महिला के परिवार को पुष्पा फिल्म की टीम ने 2 करोड़ रुपए की मदद की है।

अल्लू अर्जुन के पिता ने जानकारी दी है कि अल्लू अर्जुन ने 1 करोड़ रुपए दिए हैं, जबकि पुष्पा के डायरेक्टर सुकुमार और मैत्रेयी प्रोडक्शन हाउस ने 50-50 लाख रुपए दिए हैं।

इधर, तेलंगाना के कांग्रेस विधायक भूपति रेड्डी ने एक्टर अल्लू अर्जुन को चेतावनी दी है कि वे सीएम रेवंत रेड्डी के खिलाफ किसी भी तरह की आलोचना बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि अगर अल्लू अर्जुन ने सीएम रेड्डी पर टिप्पणी की तो राज्य में उनकी फिल्में रिलीज नहीं होने देंगे। दरअसल, 4 दिसंबर को फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के समय हैदराबाद के संध्या थिएटर में भगदड़ मची थी। पुलिस ने अल्लू अर्जुन के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। इसे लेकर अल्लू ने 21 दिसंबर को कहा था कि संध्या थिएटर में जो कुछ हुआ, वह एक साधारण दुर्घटना थी। अल्लू के इसी बयान पर कांग्रेस विधायक ने उन्हें मंगलवार को चेतावनी दी है।

## कांग्रेस ने केजरीवाल के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा कांग्रेस ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली में मुफ्त इलाज, महिलाओं को 2100 देने के ऐलान के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया। प्रदेशाध्यक्ष अक्षय लाकरा ने कहा कि हमने पार्लियामेंट पुलिस स्टेशन में केजरीवाल के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी करने को लेकर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि जब सरकार के विभाग इन दो स्कीम से इनकार कर रहे हैं, तब आप ऐसे कैसे दावा कर सकती है। दिल्ली सरकार के दो विभागों ने आज सुबह अखबारों में विज्ञापन छपवाकर कहा कि राज्य में महिला सम्मान और संजीवनी जैसी कोई योजना नहीं है। पहला इश्तिहार महिला और बाल विकास विभाग ने महिला सम्मान योजना को लेकर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली सरकार ने ऐसा कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। दूसरा विज्ञापन दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने संजीवनी योजना को लेकर जारी किया। इसमें कहा गया है कि सरकार ऐसी कोई स्कीम नहीं चला रही है। लोगों को कार्ड बनाने के नाम पर निजी जानकारी न देने की सलाह दी है।

यह मामला सामने आने के बाद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली के एलजी को इसका जिम्मेदार बताया। वहीं सीएम आतिशी ने कहा कि वे अखबारों में विज्ञापन देने वाले अफसरों पर एक्शन लेंगी।

## आतिशी बोलीं- प्रवेश वर्मा के घर महिलाओं को 1100 बंटे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली चुनाव में संजीवनी और महिला सम्मान योजना के विवाद के बाद अब पैसे बांटने का मामला गहरा रहा है। आप ने आरोप लगाया कि भाजपा के पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा के घर पर महिलाओं को भाजपा पैसे बांट रही है।

आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रवेश वर्मा के सरकारी आवास 20 विंडसर प्लेस पर महिलाओं को 1100 बांटे जा रहे हैं। आतिशी ने कहा कि प्रवेश वर्मा को गिरफ्तार करना चाहिए। ईडी-सीबीआई और दिल्ली पुलिस को इनके आवास पर छापा मारना चाहिए। इस मामले में चुनाव आयोग को भी जवाब देना चाहिए। उधर, प्रवेश वर्मा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा- मेरे पिताजी साहिब सिंह वर्मा ने जरूरतमंद लोगों की भलाई के लिए संस्था बनाई थी। उसके तहत महिलाओं को पैसे बांटे जा रहे थे। उन्होंने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल ने ही इन महिलाओं को प्रवेश वर्मा के घर भेजा है। प्रवेश ने कोई पैसे नहीं बांटे। ये केजरीवाल का ही काला धन है। आतिशी ने कहा कि 1100 रुपए के साथ महिलाओं को एक पैम्फलेट भी बांटा गया है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तस्वीर लगी है। भाजपा हारा हुआ चुनाव पैसे के दम पर जीतने की कोशिश कर रही है। सीबीआई-ईडी और दिल्ली पुलिस को इस मामले का जवाब देना होगा।

# पीएम ने खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया

बढ़ता राजस्थान

**खजुराहो (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खजुराहो में बुधवार को केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वाजपेयी पर डाक टिकट जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने यहां अपनी स्पीच की शुरुआत बुंदेलखंडी में की। कहा- वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पर रहवे वारे सभी जनन को हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पहुंचे।

उन्होंने अपनी स्पीच में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. भीम राव अंबेडकर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, देश में पानी से जुड़ी योजनाओं का क्रेडिट अंबेडकर को जाता है, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहेब को इसका श्रेय नहीं दिया, लोगों को पता भी नहीं चलने दिया।

## कहा- ऐसी योजनाओं का श्रेय अंबेडकर को, कांग्रेस ने कभी उन्हें क्रेडिट नहीं दिया



### पीएम मोदी की स्पीच, 3 नेताओं का जिक्र

1. **अटल बिहारी वाजपेयी:** प्रधानमंत्री ने कहा, एमपी में हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। आज बहुत प्रेरणादायी दिन है। आज अटलजी की जन्म जयंती है। आज उनके जन्म के 100 साल हो रहे हैं। उन्होंने मुझ जैसे कई कार्यकर्ताओं को सिखाया है। देश के विकास में अटलजी का योगदान हमारे स्मृति पटल पर अटल रहेगा।
2. **भीम राव अंबेडकर:** पीएम ने कहा, भारत में जो बड़ी नदी परियोजनाएं बनीं, इनके पीछे डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का ही विजन था। आज जो केंद्रीय जल आयोग है इसके पीछे भी डॉ. अंबेडकर के ही प्रयास थे, लेकिन कांग्रेस ने कभी जल संरक्षण के प्रयासों और बांधों के लिए बाबा साहेब को क्रेडिट नहीं दिया। किसी को पत भी नहीं चलने दिया।
3. **जवाहर लाल नेहरू:** मोदी ने नेहरू का नाम नहीं लिया पर इशारा देते हुए बोले, पानी के लिए दूरदर्शी आयोजन पर सोचने का क्रेडिट एक ही व्यक्ति ( जवाहर लाल नेहरू) को देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। आज मैं बताता हूं, देश आजाद होने के बाद भारत की जल शक्ति, भारत के जल संसाधन, भारत में पानी के लिए बांधों की रचना... इन सबकी दूरदृष्टि किसी एक महापुरुष को क्रेडिट जाता है तो उस महापुरुष का नाम है बाबा साहेब अंबेडकर।

## संसद के सामने शख्स ने खुद को आग लगाई

### गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, पुलिस को मौके से जला हुआ बैग और पेट्रोल मिला



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में नए संसद भवन के पास रेलवे भवन के सामने बुधवार दोपहर एक शख्स ने खुद को आग लगाकर सुसाइड करने की कोशिश की। घटना में युवक गंभीर रूप से झुलस गया। दिल्ली फायर सर्विस के एक अधिकारी के मुताबिक दोपहर 3.35 कॉल आई थी। इसमें युवक के आग लगाने की बात रही गई। इस पर हमने एक गाड़ी मौके पर भेजी। अधिकारी ने बताया कि रेलवे भवन सुरक्षाकर्मियों और अन्य लोगों ने मिलकर कंबल से युवक की आग बुझाई, इसके बाद उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस ने बताया कि युवक का नाम जितेंद्र है, वो यूपी के बागपत का रहने वाला है। घटनास्थल से 2 पेज का अधजला सुसाइड नोट, पेट्रोल, जला हुआ बैग और जूता मिला है।

## जयपुर एलपीजी ब्लास्ट- 3 लोगों ने दम तोड़ा

### मरने वालों की संख्या 18 हुई, 15 लोग गंभीर हालत में हॉस्पिटल में एडमिट

बढ़ता राजस्थान



जयपुर। जयपुर एलपीजी टैंकर ब्लास्ट में गंभीर रूप से झुलसी युवती सहित 3 और लोगों ने बुधवार को सवाई मान सिंह हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। इसी के साथ पिछले चार दिन में मरने वालों की संख्या 18 हो गई है। इसमें एक पूर्व आईएएस भी शामिल हैं। जयपुर-अजमेर हाईवे पर 20 दिसंबर की सुबह करीब पौने छह बजे हादसा हुआ था।

बुधवार सुबह करीब 4 बजे विजेता (22) निवासी प्रतापगढ़ (राजस्थान) और सुबह करीब साढ़े नौ बजे विजेंद्र (36) निवासी भुरीबड़ाज, पावटा (जयपुर) ने दम तोड़ दिया। इसके बाद दोपहर एक बजे के आसपास घायल बंशीलाल (35) की भी मौत हो गई। विजेता और विजेंद्र क्रमश: 70-70 प्रतिशत झुलसे थे। गंभीर रूप से झुलसे 15 मरीजों का अभी सवाई मान सिंह हॉस्पिटल के बर्न वॉर्ड में इलाज चल रहा है।

दोनों की बॉडी एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवा दी गई है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम होने के बाद शव परिजनों को दिए जाएंगे। मंगलवार (24 दिसंबर) को भी 2 लोगों की मौत हुई थी। इसमें एटा (यूपी) के रहने वाले नरेश बाबू और नूंह (हरियाणा) के यूसुफ शामिल हैं।

**एसएमएस हॉस्पिटल में 2 वेंटिलेटर पर-** एसएमएस हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर राकेश जैन ने बताया- 18 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को 2 की मौत के बाद बुधवार को भी सुबह 2 ने और दोपहर को एक व्यक्ति ने दम तोड़ा, जिनमें एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। अब गंभीर रूप से घायल 1 मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया है। इसे मिलाकर कुल 15 का इलाज चल रहा है। इसके अलावा कुल 5 अन्य मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। 3 को सोमवार को और 2 को मंगलवार को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया था।





सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# शोधकर्ता डॉ. ललित किशोर को 'राष्ट्र मंडलीय सलाहकार' किया नियुक्त

## राजस्थान,जयपुर जिले के चाकसू में खोलेंगे कार्यालय

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** समुदाय में एस.टी.ई.एम शिक्षा में जागरूकता के काम के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया है। उनकी नियुक्ति उनके विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योगदान के आधार पर की गई है। रमा शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए जानकारी साझा कि और बताया कि डा0 ललित किशोर मेरे गुरु है। उन्होंने अब तक 20 अंतराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया है उनकी प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से वर्ष 2023 में प्रोटेक्ट अवर प्लेनेट कस्टमें अवार्ड (अंतराष्ट्रीय) प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। अब शोधकर्ता डॉ. ललित किशोर को राष्ट्र मंडलीय सलाहकार समिति सदस्य चुना गया है। अब वो स्वयं अपनी प्रविष्ठियां नहीं भेजेंगे। संपूर्ण भारत के लोगों को प्रेरणा देकर रुचि रखने वाले लोगों की मदद करेंगे और उन्हें आगे बढ़ने हेतु रास्ता बताएंगे। डॉ. ललित किशोर ने बताया कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निभाने हेतु पूरा प्रयास करूंगा। मुझे भारत में दो राष्ट्र मंडलीय कार्यालय खोलने के लिए आदेशित किया है जिसमें एक कार्यालय विद्या भारती की ओर से संचालित विद्या मंदिर कुरुक्षेत्र



में व एक कार्यालय राजस्थान के जयपुर जिले के भावी निर्माण सोसायटी चाकसू कार्यालय में खोलने का निर्णय किया है।

# सहायक पुलिस उपनिरीक्षक दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सवाई माधोपुर टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए करते हुए चौकी प्रभारी कुश्तला पुलिस थाना रवांजना डूंगर जिला सवाई माधोपुर के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक भरत लाल (एएसआई) को परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की सवाई माधोपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस थाने में खाली करवाकर,एमवी एक्ट में चालान कर छोड़ने तथा कार्यवाही नहीं करने की एवज में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक भरतलाल (एएसआई) की ओर से पचास हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है जिसमें से मौके पर ही सहायक पुलिस उपनिरीक्षक भरतलाल (एएसआई) ने तीस हजार रुपये की रिश्वत के रूप वसूल कर लिये हैं। जिस पर एसीबी सवाई माधोपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस उपनिरीक्षक भरतलाल (एएसआई) को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया



गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सहायक पुलिस उपनिरीक्षक भरत लाल ने शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत के रूप में प्राप्त कर लिए थे।

# रॉयल्स ,स्टार्स, राइडर्स और क्वींस ने जीता अपने मैच एएमपीएल 2025 में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एएमपीएल के आठवें संस्करण के चौथे दिन चार मुकाबले हुए। आयोजन सचिव भगवान दास मंगल ने बताया कि पहले मैच में अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स ने मानसरोवर क्वींस को 9 विकेट से हराया। जिसमें प्लेयर ऑफ द मैच रहीं अंशु जैन रहीं। जिन्होंने 4 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 29 गेंदों पर 50 रन बनाये। दूसरे मैच में देवी नगर रॉयल्स ने टोंक रोड स्टार्स को एक रोमांचक मुकाबले में 8 रन से हराया। जिसमें प्लेयर ऑफ द मैच ज्योति रहीं जिन्होंने 3 चॉको और 3 छक्कों की मदद से 42 रन बनाये। आयोजन सह सचिव - सुनील फतेहपुरिया, मोहित मित्तल, रेखा अग्रवाल ने बताया कि लीग




तीसरे मैच में अग्रवाल फार्म्स ब्लास्टर को सुभाष नगर सनरॉज़र्स के बीच हुआ। जिसे ब्लास्टर ने वॉकओवर से जीत लिया। दिन का चौथा मैच में मालवीय नगर चैलेंजर्स ने निर्माण नगर राइडर्स को 22 रन से हरा दिया । जिसमें प्लेयर ऑफ द मैच संगीता रहीं जिन्होंने 5 चॉको और 1 छक्कों की मदद से 44 रन बनाये।

# खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन जारी कर किए जाएंगे वितरित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर द्वितीय।** शुक्रवार, 27 दिसम्बर को पीएचसी शिवदासपुरा (पंचायत समिति चाकसू) में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर द्वितीय की टीम द्वारा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान आयोजित होने वाले इस शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनाकर वितरित करने के साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जाएगी। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किराना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, केटरिंग व्यापारियों, फास्ट फूड, चाट, पकौड़ी, फल, सब्जी का ठेला, स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं के आवेदन ऑनलाइन कर मौके पर ही लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। शिविर मे एमएफटीएल (मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स) के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता एवं मिलावाट के संबंध मे जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही आमजन के लिए खाद्य पदार्थों की जाँच करवाने की सुविधा मौके पर ही उपलब्ध होगी।

# एकल पट्टा मामला : 2013 में फर्जी दस्तावेजों से दर्ज करवाई थी फाइल गुम होने की रिपोर्ट

## अब इस मामले में सचिवालय कर्मचारियों पर केस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के चर्चित एकल पट्टा मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। इस मामले से जुड़ी पत्रावली (फाइल) गुम होने के मामले में 9 साल पहले दर्ज हुई एफआईआर पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। अब उस पुरानी एफआईआर को लेकर अशोक नगर थाने में एक नई प्राथमिकी दर्ज हुई है, जिसमें कूटरचित (जाली) दस्तावेजों के आधार पर फाइल की गुमशुदगी थाने में दर्ज करवाने का आरोप सचिवालय के कर्मचारियों पर लगा है। फिलहाल अशोक नगर थाना पुलिस इस पूरे मामले को लेकर पड़ताल में जुटी है। थानाधिकारी उमेश बेनीवाल ने बताया कि एकल पट्टा मामले की जांच कर रही समिति के सचिव रवि शर्मा ने मुकदमा दर्ज करवाया है कि शासन सचिवालय के कर्मचारियों ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर एकल पट्टा प्रकरण की पत्रावली की गुमशुदगी 29 अगस्त 2013 को अशोक नगर थाने में दर्ज करवाई थी। ऐसे में सचिवालय के कर्मचारियों के खिलाफ यह नया मुकदमा दर्ज हुआ है, जिसकी जांच थानाधिकारी उमेश बेनीवाल कर रहे हैं।

**एकल पट्टा प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीजे ने शुरू की सुनवाई :** गौरतलब है कि एकल पट्टा प्रकरण से जुड़ी फाइल गुम होने की रिपोर्ट 29 अगस्त 2013 को अशोक नगर थाने में दर्ज हुई थी। एकल पट्टा मामले की जांच कर रही समिति की पड़ताल में यह सामने आया कि उस समय कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फाइल गुम होने की रिपोर्ट अशोक नगर थाने में दर्ज करवाई गई थी। ऐसे में रिपोर्ट दर्ज करवाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अब आईपीसी की धारा 420, 465, 467, 468 और 120बी के तहत यह मुकदमा दर्ज हुआ है।

# सर्वेश्वर मेरा श्याम परिवार के वार्षिक उत्सव में भव्य आयोजन

## वृंदावन से आए कलाकारों ने भजनों से भक्तों को किया मंत्रमुग्ध






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सर्वेश्वर मेरा श्याम परिवार के वार्षिक उत्सव में इस बार एक भव्य आयोजन हुआ, जिसमें वृंदावन से सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायक नंदू शर्मा, कलकत्ता के संजय मित्तल, और राजस्थान के कुमार गिरिराज, सुनील शर्मा, महेश शर्मा, रिद्धेश अरोड़ा, अमित नामा जैसे अन्य प्रमुख कलाकारों ने भाग लिया।

इन कलाकारों ने भक्ति भाव से भरे श्याम भजन प्रस्तुत किए, जो उपस्थित सभी भक्तों के दिलों को छू गए। इस आयोजन में पवन गुप्ता एवं मेरा सर्वेश्वर मेरा श्याम परिवार, मोहित टेलर, जय टेलर, अभिषेक गुप्ता, और चीनू टेलर ने नंदू शर्मा को सम्मानित करते हुए उन्हें हस्तनिर्मित श्री राम की प्रतिमा और दुपट्टा भेंट किया। साथ ही, नंदू शर्मा को माला पहनाकर श्रद्धा एवं सम्मान का प्रतीक दिया गया।

इस आयोजन में उपस्थित अन्य महत्वपूर्ण शख्सियतों में ज्योत सेवा पंकज जी महाराज, गोपाल सैन एंड पार्टी, कृष्णा साउंड, कीर्तन लाइव, और फोटो केशव आर्ट श्यामा लाइव के सदस्य भी थे। इन सभी ने इस भव्य आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन करते हुए, मंडल परिवार के सभी सदस्यों को आयोजन की सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी गई। इस आयोजन ने सभी भक्तों को एकजुट किया और एक अद्भुत भक्ति अनुभव प्रदान किया।

# भव्य कलशयात्रा के साथ श्री शिवपुराण कथा का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** यहां श्री चम्पेश्वर महादेव धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री शिवपुराण कथा का चम्पेश्वर महादेव मंदिर परिसर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हो गया है। कथाकार गोल्ड मेडलिस्ट अमिताचार्य जी महाराज ने आदिदेव भगवान शिव के बारे में जानकारी देते हुए शिवपुराण कथा को सभी धर्म शास्त्रों का सार तत्व बताया एवं कहा कि इस कलयुग में धर्म के आचरण करने से ही मनुष्य का उद्धार हो सकता है। इसके लिए दिखावटी आवरण एवं आडंबर की आवश्यकता नहीं है। कथा के शुभारंभ से पूर्व यहां गोपीनाथ मंदिर पर कलशयात्रा में भाग लेने वाली महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं को अल्पाहार करवाया गया। यहां शिवपुराण की विधिवत पूजा अर्चना कर कथावाचक अमिताचार्य जी महाराज की वंदना करते समय कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती रूक्मिणी देवी रामकिशोर जी सोनी, श्रीमती पुष्पा देवी कैलाश शर्मा, श्रीमती उमा शर्मा दिनेश कुमार शर्मा एवं श्रीमती लक्ष्मी देवी मीठालाल शर्मा ने अपना दायित्व निभाया।

यहां से एक सुसज्जित रथ पर कथावाचक अमिताचार्य जी महाराज, शिवपुराण पौथी के आगे पीली साड़ी धारण कर लगभग 251 महिलाओं के साथ बैंड-बाजा की मधुर ध्वनि पर कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। गोस्वामी विद्या मंदिर चाकसू



के सामने पुज्य कथावाचक अमिताचार्य जी, महाराज श्री राजेंद्र पुरीजी एवं चारों यजमानों को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कथास्थल पर पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं कलशयात्रा में शामिल महिलाओं को भोजन कराया गया।कथा का समय दोपहर बाद 12.30 से 4.30 तक रखा गया है।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर पकड़ी 12 लाख रुपये कीमत की 103.71 ग्राम एमडीएमए ड्रग, तीन आरोपित आए पुलिस गिरफ्त में

## पैसे नहीं थे तो बुलेट बाइक गिरवी रख खरीदी, ड्रग सप्लायर व खरीददार की तलाश जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की सूचना पर उदयपुर जिले की सुखेर थाना पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर 103.71 ग्राम एमडीएमए व तीन मोबाइल फोन जब्त किए है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ - अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि तीन युवको के पास भारी मात्रा में ड्रग्स है जो अभी सुखेर थाना इलाके में है। इसके बारे में सूचना टीम ने सुखेर थाना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस को भैरव गढ 200 फीट रोड पर तीन युवा खड़े दिखाई दिए, जो आपस में बाते कर रहे थे। पुलिस वाहन देख कर अचानक वह हडबडा कर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों युवकों को रोका गया और तलाशी में युवक के पास से 39.92 ग्राम एमडीएमए ड्रग, दूसरे के पास से 33.74 ग्राम एवं तीसरे के पास 30.05 ग्राम कुल 103 ग्राम 71 मिलीग्राम एमडीएमए ड्रग एवं तीन मोबाइल जब्त किये गए। इस पर पुलिस ने आदिल छीपा (22) निवासी देहली गेट कोतवाली चित्तौड़गढ़, समीर छीपा (22) निवासी भुपालपुरा जिला उदयपुर व अब्बु फैजान (22)निवासी प्रतापनगर उदयपुर को गिरफ्तार किया गया। साथ ही मादक पदार्थ एमडी ड्रग कहां से खरीदा गया के बारे में पूछा गया तो सामने आया कि उनके पास ड्रग खरीदने के पैसे नहीं थे तो उन्होंने अपने ताऊ के लड़के आसिफ की बुलेट बाइक अंजुमन मुखर्जी चौक निवासी लक्की उर्फ छोटा फरहान के पास गिरवी रख उससे ड्रग खरीदी है। जिसे वह आगे सप्लाई करने जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपित आदिल छीपा समीर छीपा एवं अब्बू फैजान से पुलिस इनके नेटवर्क एवं अन्य आपराधिक घटनाओं के बारे में



गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशाराम चौधरी के सुपरविजन में की गई इस कार्रवाई में एजीटीएफ से हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही, वहीं एसएचओ सुखेर हिमांशु सिंह एवं उनकी टीम का भी शानदार योगदान रहा।

# सांसद और विधायक ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

## जिले के सर्वांगीण विकास को लेकर हम प्रतिबद्ध :सांसद मेवाड़

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ और नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर आमजन को सौगात दी।

उन्होंने रेलमगरा क्षेत्र के मदारा में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की ओर से नवनिर्मित नंदघर का लोकार्पण किया। इस मौके पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ श्री अरुण मिश्रा और यूनिट हेड श्री बलवंत सिंह राठौर आदि मौजूद रहे। लोकार्पण के बाद सांसद और विधायक ने नन्दघर में नन्हें बच्चों से संवाद किया।

इसके पश्चात उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने खुला बरामदा निर्माण कार्य, रामदेव जी मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण, चावंडा माता मंदिर के पास महिला स्नानघर, बागवाले बालाजी के पास चारदीवारी निर्माण कार्य, राड़ाजी बालाजी के पास चारदीवारी निर्माण कार्य, गौशाला के पास मवेशी नांद निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।विकास कार्यों के लोकार्पण के पश्चात आमजन को संबोधित करते हुए सांसद और विधायक ने क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत सहित हर क्षेत्र में विकास कार्य होंगे। आमजन की अपेक्षा अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि वे अध्यापन के क्षेत्र में रही हैं और बच्चों से मिलकर सदैव अच्छी अनुभूति होती है, नन्दघर में बच्चों से संवाद कर उन्हें सुखद अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा की नन्दघर बनाने का उद्देश्य बहुत अच्छा है, भारत तब ही आगे बढ़ेगा जब हमारी जड़ यानि बच्चों का विकास सही से होगा, इसके लिए नन्दघर का निर्माण अच्छा कार्य है, यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में योगदान देगा।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में एसकेआईटी की टीम रही विजेता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले में हार्डवेयर श्रेणी में एसकेआईटी जयपुर की टीम 卐द ओलंपियन卐 को राष्ट्रीय विजेता घोषित किया गया है। यह ग्रैंड फिनाले नोडल सेंटर एमआईटी एडीटी यूनिवर्सिटी पुणे द्वारा आयोजित किया गया था, और एसकेआईटी की यह टीम विजयी रही। प्राचार्य प्रो. रमेश पचार ने बताया कि आईआईसी समर्थित इनक्यूबेशन सेंटर और इनोवेशन सेल ने छात्रों को एक अच्छा प्लेटफॉर्म दिया है, जहां वे अपने काम को प्रोजेक्ट से प्रोडक्ट तक ले जा सकते हैं। इस टीम के मेंटर डॉ. नीलम चौधरी और श्री सुदेश गर्ग ने बताया कि सभी छात्रों ने इस पांच दिवसीय हैकाथॉन में दिन-रात मेहनत की और उनकी मेहनत रंग लाई। यह



प्रॉब्लम स्टेटमेंट मिनिस्टरी ऑफ़ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स द्वारा इनोवेटिव समाधान के लिए दी गयी थी। हैकाथॉन के मेंटर और एसपीओसी डॉ. चौधरी ने यह भी बताया कि हर साल एसआइएच की सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर श्रेणी में हमारी टीमें बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं और इस साल भी हमारे छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमारी तीन टीमें 'ओलंपियन', 'उत्कृष्ट' और 'इनोवेट-एस' राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचीं और इनमें से एक विजेता भी रही। टीम लीडर आयशा सुथार ने बताया कि हमारा प्रस्तावित डिवाइस समाधान एक उन्नत निगरानी प्रणाली है जिसे विद्युत प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह व्यवस्थित रूप से पृथ्वी रिसाव का पता लगाता है, वर्तमान रिसाव की पहचान करता है और पृथ्वी प्रतिरोध स्तरों का मूल्यांकन करता है।

# बीतता वक्त, टूटता सब्र, बिखरता हौंसला... भगवान से चेतना की सलामती की प्रार्थना

- 54 घण्टों से 120 फिट गहरे बोरवेल में फंसी 03 वर्षीय मासूम बालिका चेतना
- करीब 05 घण्टे बाद फिर शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन, पाईलिंग मशीन से खोदा जा रहा समानान्तर गड्डा
- खेतड़ी से मंगवाई केसिंग, दूदू से मंगवाये पाईप, माता-पिता व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल






बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** सोमवार दोपहर करीब 02 बजे कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा की ढ़ाणी बड़ीयाली में बोरवेल में गिरी 03 वर्षिय मासूम बालिका चेतना पुत्री भूपेन्द्र चौधरी को बुधवार रात्रि 08 बजे तक घटना के लगभग 54 घण्टे का समय बीत जाने के बावजुद भी बोरवेल से बाहर निकालने में सफलता नहीं मिल सकी है। इसको लेकर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस समेत स्थानीय पुलिस प्रशासन के साझा प्रयास अभी तक सिफर ही साबित हुये है। एक ओर जहाँ चेतना के माता–पिता समेत परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है, वहीं बच्ची के दादा हरसहाय चौधरी समेत अन्य परिजन व ग्रामीण प्रशासन पर रेस्क्यू ऑपरेशन में लापरवाही बरते जाने का आरोप भी लगा रहे है।

दादा हरसहाय चौधरी ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पहले मिट्टी हटाने की बात कही गई। फिर 28 घण्टे बाद मशीन से गड्डा खोदने का फैसला किया गया। प्रशासन समय से निर्णय नहीं ले पा रहा है। ग्रामीणों में इस बात का आक्रोश था कि इतनी बड़ी घटना हो जाने के बावजुद भी जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल मौके पर क्यों नहीं पहुंची है। हालांकि

### पाईलिंग मशीन से बाहर निकालने के प्रयास

उल्लेखनीय है कि चेतना करीब 750 फिट गहरे बोरवेल में करीब 120 फिट पर अटकी हुई है। प्रशासन द्वारा प्लान ए के तहत देशी तरीके से प्रयास विफल रहने के बाद प्लान बी के तहत हरियाणा के मानेसर से पाईलिंग मशीन मंगवाई गई जो कि मंगलवार व बुधवार की मध्य रात्रि को मौके पर पहुंची। पाईलिंग मशीन के लिये 20 फिट लम्बाई व चौड़ाई के साथ 25 फिट गहरा एक गड्डा बोरवेल से करीब 20 फिट दूरी पर खोदकर पाईलिंग प्लेटफॉर्म तैयार किया गया। जिसके बाद मशीन के द्वारा बुधवार सुबह 08 बजे खुदाई शुरू कर करीब 40 फिट खुदाई करने के बाद ही मिट्टी के धंसने के कारण ऑपरेशन को रोक दिया गया था।

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह व विधायक हंसराज पटेल की मॉनीटरिंग में पुलिस प्रशासन के अधिकारी निरन्तर मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं को सम्भाल रहे है। घटना के बाद से ही एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, एसपी राजन दुष्यंत, एएसपी वैभव शर्मा, नगरपरिषद आयुक्त धर्मपाल जाट समेत पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद है एवं लगातार बालिका को सुरक्षित बाहर निकालने के हरसम्भव प्रयास कर रहे है। वहीं दुसरी ओर विधायक हंसराज पटेल ने सपत्नीक बुधवार को यज्ञ में आहुतियां देकर अभियान को सफल बनाने व बालिका को सकुशल बचाने की प्रार्थना भगवान से की। एसडीएम बृजेश चौधरी ने बताया कि दोनों ऑपरेशन जारी है। बुधवार सुबह रोशनी की कमी के कारण ऑपरेशन के संचालन में परेशानी का सामना करना पड़ा। दिन व रात के समय में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जमा है। बच्ची की सुरक्षा को लेकर चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। बालिका की माँ धोली देवी ने भी सीएम भजनलाल शर्मा से अपनी बच्ची को बचाने की मांग की है। वहीं दुसरी ओर विराटनगर के पूर्व विधायक इन्दाज गुर्जर भी बुधवार शाम मौके पर पहुंचे। जहाँ उन्होंने सारी जानकारी ली।

क्या है मामला : विगत सोमवार 23 दिसम्बर की दोपहर करीब 02 बजे मासूम बालिका चेतना (03) अपनी बड़ी बहन काव्या (07) के साथ बोरवेल के पास खेलते हुये उसमें अचानक गिर गई थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन में हडक़म्प मच गया था। जिसके बाद जयपुर से एनडीआरएफ–एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर चेतना को रेस्क्यू करने का ऑपरेशन शुरू किया गया था। लगभग 750 फिट गहरे बोरवेल में चेतना करीब 150 फिट पर फंसी हुई थी। उसे लोहे की एल बैंड के देशी जुगाड़ के जरिये निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन करीब 3–4 प्रयास के बावजुद भी वह प्रयास विफल ही रहा है। इस दौरान उसे कई बार 30–40 फिट ऊपर उठाकर करीब 120 फिट तक लाया गया था। जिससे उसके बाहर निकलने की सम्भावनायें बन गई थी, लेकिन हर बार यह प्रयास विफल रहे। इस दौरान कैमरे में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण ऑपरेशन रूका रहा। मौके पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये चार एम्बुलेंस भी तैनात की गई है। बच्ची को बचाने में एनडीआरएफ के 25 व एसडीआरएफ के 15 जवान जुटे हुये है। वहीं नगरपरिषद के 25 कार्मिकों के साथ–साथ पुलिस के 40 जवान भी मौके पर तैनात है। इसके अलावा सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत व बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर के नेतृत्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी तैनात किया गया है। चिकित्सकीय टीम को अलर्ट रखा गया है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग से पीडीयाट्रीशियन, एनेस्थिशियां विभागाध्यक्ष एवं 19 नर्सिंगकर्मी भी मौजूद है। वहीं प्रति घण्टे 01 ऑक्सीजन सिलेंडर इस्तेमाल में लिया जा रहा है।

अभी तक करीब 50 ऑक्सीजन सिलेंडर इस्तेमाल किये जा चुके है। लम्बा समय बीतने के बाद परिवार का सब्र टुटने लगा है। बुधवार को बालिका चेतना का चाचा मौके पर ही फूट फूट कर रोने लगा, जिसे अन्य ग्रामीणों ने समझा बुझाकर शांत किया। अब देखना यह है कि समय रहते चेतना का जीवन बचाया जाता है या यह लापरवाही भारी पड़ती है।

## भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की 100वीं जन्मजयंती गायो को गुड़ और हरा चारा खिलाकर मनाई



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान ) ।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की 100वीं जन्मजयंती बुधवार को अजमेर देहात जिले भर में मनाई गई। ब्यावर में अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के नेतृत्व में महाराणा प्रताप मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी जयंती सुशासन दिवस के रूप मे मनाई।

देलवाड़ा रोड़ स्थित गौशाला में मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर तिलक और पुष्पार्चन किया। इसके बाद गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि अटल जी के देश के ऐसे नेता थे जिनके लिए देश प्रथम था, सभी दलों के नेता उनका सम्मान करते थे। उन्हे देश की राजनीति में अजातशत्रु के नाम से जाना जाता है। अटल जी ने सुशासन का जो मॉडल अपने प्रधानमंत्री काल मे देश के सामने रखा उसको देश ने सदैव सराहा।

अपने नाम के अनुरूप अटल जी ने तमाम विरोधों के बावजूद परमाणु परीक्षण करके देश के सामने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित किया। उनके व्यक्तित्व से सभी युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार और भजनलाल शर्मा की सरकार उनके सुशासन पथ पर चलकर जनकल्याण का कार्य कर रही हैं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेश मित्तल, जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा, मंडल महामंत्री संतोष जाग्रत, सत्येंद्र यादव, एससी मोर्चा जिला महामंत्री रवि चौहान, सतीश गर्ग, राजेंद्र खंडेलवाल, शंकरलाल गर्ग, श्याम सिंह, अशोक भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डी. पी. एस, उदयपुर में कार्निवल व ऐलुमनी मीट-2024 का समारोह पूर्वक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के विशाल परिसर में बुधवार को क्रिसमस कार्निवल के साथ ही एलुमनी–मीट 2024 का धूमधाम से भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उदयपुर शहर के जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने रिबन काटकर कार्निवल का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के आरंभ में प्राथमिक विभाग के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने रंग–बिरंगी पोशाक में रैली डांस प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। तत्पश्चात बच्चों ने आर्केस्ट्रा, क्रिसमस केरॉल व समूह गान की संगीतमय प्रस्तुति से अनोखा समाँ बाँध दिया। कार्यक्रम में शाला एवं उदयपुर के लगभग दस हजार बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने बताया कि क्रिसमस कार्निवल में सभी बच्चों, उनके अभिभावकों तथा आगंतुकों के लिए अनेक प्रकार के मनोरंजक खेलों जिसमें शूटिंग, लकी डिप, फिशिंग, रिंगिंग द आर्टिकल,



कार रेसिंग, बॉल्स इन द बकेट, टिक टेक टो, फीडिंग द जोकर, सेवन अप सेवन डाउन, आर्चर डार्ट व सेल्फी बूथ जैसे अनेक मनोरंजनात्मक खेलों का आयोजन किया गया था। रंगारंग समारोह में शरीक हुए मुख्य अतिथि ने संपूर्ण कार्यक्रम की व बच्चों की प्रतिभा व उनके उत्साह की भूरि–भूरि प्रशंसा की। कार्निवल का अंतिम आकर्षण रहा– लकी ड्रॉ। समापन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस श्री योगेश गोयल तथा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री राजीव द्विवेदी ने लकी ड्रा के विजेताओं के नाम की घोषणा की तथा पुरस्कार प्रदान किए। विद्यालय के प्राचार्य संजय नरवरिया ने बताया कि कार्निवल के साथ ही विद्यालय के पूर्व छात्रों के लिए एलुमनी मीट – 2024 का भी आयोजन किया गया। इसमें सन् 2012 के बाद के लगभग 200 छात्रों ने अत्यंत उत्साह व प्रसन्नता से भाग लिया, जो वर्तमान में देश व विदेश में विभिन्न संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। पूर्व छात्रों के स्वागत में गायन, वादन व नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां आयोजित की गई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में यातायात नियम पर व्याख्यानमाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** केकेसी पीजी महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन सड़क सुरक्षा से संबंधित व्याख्यान आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए यातायात पुलिस प्रभारी गणपतराम व कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार ने बताया कि सभी युवाओं को यातायात के नियमों का पालन करते हुए सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी नियमों का पालन करना चाहिए तथा दुपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए तथा वाहन के सभी दस्तावेज आवश्यक रूप से बना लेने चाहिए ।



कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय निदेशक डॉ. किशोर सिंह राठौड़ ने बताया कि सभी युवा पीढ़ी सड़क सुरक्षा के नियमों को हमेशा ध्यान में रखे तथा हमेशा वाहन धीमी गति में चलाएं कार्यक्रम में राजकीय बालिका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश चाहर ने अपने व्याख्यान के माध्यम बताया कि सभी स्वयंसेवक सात दिवसीय शिविर के महत्व को समझे एवं एनएसएस के ध्येय वाक्य को अपने जीवन में उतारते हुए समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाए कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. भानीराम बरोड़ व भागीरथ चौहान ने युवाओं को अपनी शक्ति और सामर्थ्य को सही दिशा में प्रयोग करना चाहिए जिसके लिए समाज उनका आभारी रहे ।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.सुमेर सिंह स्वामी ने सबका आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी जगदीश कुमार व राजकुमार सोनी ने किया इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## गुरुजी के जीवन सूत्रों में है हर समस्या का समाधान

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश लाटा )।** राज्य के विधि एवं न्याय क्षेत्र में गुरुजी के नाम से मशहूर प्रो. महावीर सिंह यादव को उनके जन्मदिन पर बुधवार को अग्रसेन नगर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में शिष्यों, अधिवक्ताओं, न्यायाधीशों, विधि अधिकारियों, विधि विद्यार्थियों और नागरिकों ने याद किया।

वक्ताओं ने अपने वक्तव्यों, गीत–संगीत, कविता, संस्मरणों के जरिए लोहिया कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता रहे गुरुजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर बात की। विधि सत्संग संस्थान के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में जुटे विधि विशेषज्ञों ने विधि और दर्शन के क्षेत्र में गुरुजी के योगदान को



रेखांकित किया और उन्हें पुष्पांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहित्य अकादेमी अवार्डी राजस्थानी के ख्यातनाम लेखक भंवर सिंह सामौर ने कहा कि प्रो. यादव का चूरू के विधिक क्षेत्रा में योगदान हमेशा याद किया जाएगा। यह यादव का चमत्कारिक व्यक्तित्व ही था कि आज इतने बरसों बाद भी उनकी स्मृति अधिक मजबूत होती जा रही है।

श्रीगंगानगर एसीजेएम नारायण प्रसाद ने कहा कि गुरुजी के संपर्क में जो भी आया, वह गुरुजी के रंग में रंग गया। गुरुजी के भीतर आध्यात्मिकता, ज्ञान और मनोविज्ञान की एक ऐसी लौ थी, जिसने हम सबके जीवन में प्रकाश ही प्रकाश भर दिया। नोहर एसीजेएम अजय पूनिया ने कहा कि गुरुजी भरपूर आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक चेतना से भरपूर ऐसे अकादमिक व्यक्ति थे जिन्होंने अपने सूत्रों से लोगों का जीवन बदल दिया। बीकानेर एसीजेएम चंद्रशेखर पारीक ने कहा कि कहा कि गुरुजी का जीवन इतनी बहुआयामी घटनाओं और चमत्कारों से भरा पड़ा है कि इसे शब्दों में व्यक्ति करना काफी मुश्किल काम है। उन्होंने गुरुजी के जीवन के अनेक प्रसंग सुनाए और कहा कि उन्हें गुरुजी का सर्वाधिक आशीर्वाद प्राप्त हुआ, इसके लिए वे खुद को अत्यंत सौभाग्यशाली समझते हैं।

पूर्व बार कौंसिल सदस्य एवं लोक अभियोजक रोशन सिंह राठौड़ ने कहा कि गुरुजी का जीवन ही अपने आप में एक संदेश था। उनका जीवन बेहद, सरल, सहज, आडंबर मुक्त लेकिन उच्च आदर्शों से युक्त था। हमें उनके आदर्शों पर चलने की कोशिश करनी चाहिए।

## इस कार्यालय के अलावा मिलेंगे अनेक कार्यालय : शेखावत

### किसी अख़बार में गलत छापा गया कि विधायक ने नहीं खर्च किया पैसा : बोहरा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के एक्सीयन कार्यालय के शिलान्यास समारोह में विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि इस कार्यालय के अलावा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अन्य कार्यालय भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यकाल में राजस्थान में विकास कार्यों का शुभारम्भ है। आगे चलकर देख पाओगे कि विधानसभा क्षेत्र के लोगों को कहीं भटकना नहीं पड़ रहा। विधानसभा क्षेत्र में हर उस



कमी को पूरा किया जाएगा जो यहां उपलब्ध नहीं हैं। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि जिस अख़बार ने यह लिखा है कि विधायक ने कोई पैसा खर्च नहीं किया वह बेबुनियाद है। जो आप क्षेत्र में एक वर्ष में विकास कार्य देखे वे बेमिसाल हैं और आगे भी जारी रहेंगे।

## प्रभु यीशु की आराधना कर धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान) ।** बुधवार को शुलब्रेड मेमोरियल सीएनआई चर्च में क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस की पूर्व रात्रि को मध्य रात में आराधना की गई। सुमित के नेतृत्व में मसीह समाज ने केरल सिंगिंग का आयोजन किया। बुधवार प्रात 10 बजे प्रभु यीशु के जन्मोत्सव अवसर पर चर्च में विशेष आराधना रखी गई। चर्च में आराधना के दौरान मसीह समाज के लोगों ने प्रभु यीशु मसीह की सुन आसमानी फौज शरीफ रब की है दी आवाज फरिश्तों ने जमी के लोगों को उतर आया जहां में आज खुदा इंसान बनके जैसे गीत प्रस्तुत किया। सिसिल विनोद ने मैं गीत गाऊ तेरे, मेरे गीतों को सुर देना जैसे विशेष गीत प्रस्तुत किया। शुभ्रा सुनील व मार्टिन डेनियल के द्वारा बाइबल पाठ पढ़ा गया। दीपक मैथ्यूज द्वारा मध्यथा की प्रार्थना की गई। सचिव सुनील चार्ली द्वारा समाज को आगामी कार्यक्रमों की सूचना दी



तथा जयपुर बस हादसे में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए दुखी परिवारों को सांत्वना दी व मसीह समाज के दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। आराधना का संचालन तथा प्रवचन रेवह क्रिस्टीना डेनियल द्वारा किया गया। डेनियल ने बताया कि बच्चों को आज्ञाकारी होना आवश्यक है। बाइबल में लिखी आज्ञाओं को मानने वाला व्यक्ति ही सच्चा मसीह सेवक ही कहलाता है। इस अवसर पर मसीह समाज के लोग अपने–अपने घरों से केक बनाकर लाये। जिसे चर्च आराधना के पश्चात आम जन में वितरित किया गया। केक वितरण की जिम्मेदारी अरविंद आनंद को दी गई। इस अवसर पर अशोक राका, अजय शर्मा, जीवराज जावा, वत्युंजय आर्य, भारत बाघमार, हेमेंद्र विल्स, डेनियल डेविड, रॉक्सन, संदीप लॉयल सहित बड़ी संख्या में मसीह समाज के लोग उपस्थित थे। मेला संयोजक सुमित्राओ सुमित राव व सह संयोजक अदिति राहुल ने बताया कि दोपहर को मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इस दौरान मसीह समाज के महिला, पुरुष व बच्चों ने जमकर आनंद उठाया।

## माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, उदयपुर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक खेल दिवस ‘पैनाश प्ले ऑफ़, 2024

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल, उदयपुर में विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए वार्षिक खेल दिवस ‘पैनाश प्ले ऑफ़, 2024’ का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के लिए था, बल्कि अभिभावकों और बच्चों के बीच सामूहिकता और टीम भावना को भी मजबूत करने का एक अवसर था। खेल दिवस का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अरुण मांडोत और प्रधानाचार्य जय सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने विद्यार्थियों को खेल भावना और जीवन में अनुशासन की अहमियत पर बल दिया। इसके बाद विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस बार के खेल दिवस में बच्चों ने दौड़, कबड्डी, रिले रेस, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, लॉन्ग जंप, खो–खो जैसे विभिन्न खेलों में भाग लिया। खास बात यह थी कि इस बार खेल दिवस में अभिभावकों को भी प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने का अवसर मिला। विद्यालय के निदेशक अरुण मांडोत ने कहा, हमारा उद्देश्य बच्चों को खेलों के माध्यम से न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करना है। यह कार्यक्रम बच्चों को एक स्वस्थ और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में प्रदर्शन करने का अवसर देता है।

## सम्पादकीय

### लिखित परीक्षा होगी छात्रों के मूल्यांकन का आधार, 5वीं और 8वीं कक्षा में रखना होगा विशेष ध्यान

विद्यार्थियों के सीखने का मूल्यांकन कैसे हो, इस पर दुनिया भर में विचार-विमर्श और प्रयोग होते रहे हैं। हर जगह यह स्वीकार कर लिया गया है कि लिखित परीक्षा ही मूल्यांकन का सबसे व्यावहारिक और कारगर तरीका है। मगर भारत जैसे देश में, जहां बहुत सारे बच्चे समाज के निचले तबके से पढ़ने आते हैं, उनके घर में पढ़ाई-लिखाई का उचित वातावरण नहीं है। उनमें से बहुत सारे बच्चों को स्कूली पढ़ाई के साथ-साथ घर के काम या माता-पिता के काम में हाथ भी बंटाना पड़ता है, लिखित परीक्षा में ऐसे बहुत सारे विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो जाते हैं। अनेक बच्चे इसीलिए स्कूल नहीं जाते या बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं कि उन्हें परीक्षा का भय सताता है। इसलिए तय किया गया कि पांचवीं तक किसी भी बच्चे को अनुत्तीर्ण नहीं किया जाएगा। उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नत कर दिया जाएगा। आठवीं तक उनका मूल्यांकन केवल पाठ्यपुस्तकों में दिए पाठों के आधार पर नहीं, बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व विकास, जैसे स्कूल में उनके आचरण, खेल-कूद, संगीत, कला आदि में उनकी रुचियों के आधार पर भी किया जाएगा। इस तरह बच्चे अगली कक्षा में आसानी से प्रोन्नत तो होने लगे, मगर सीखने की उनकी क्षमता में गिरावट दर्ज होनी शुरू हो गई। इसी के मद्देनजर अब केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि पांचवीं और आठवीं कक्षा में किसी भी विद्यार्थी को फेल न करने की नीति को वापस लिया जाए। अब इन कक्षाओं में अगर विद्यार्थी लिखित परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते, तो उन्हें दुबारा परीक्षा देनी होगी। उसके बाद भी वे उत्तीर्ण नहीं होते, तो उसी कक्षा में बैठना पड़ेगा। इस फैसले से निस्संदेह विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों पर पढ़ाई-लिखाई को लेकर सतर्क रहने का दबाव बनेगा। देश में पढ़ाई-लिखाई के स्तर को मापने के लिए हर वर्ष निजी और सरकारी स्तर पर सर्वेक्षण किए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में इन सर्वेक्षणों में बहुत निराशाजनक परिणाम नजर आए।

आठवीं कक्षा के विद्यार्थी पांचवीं-छठवीं कक्षा की पुस्तकें पढ़ने, उस स्तर का गणित हल कर पाने में भी अक्षम पाए गए। इस तरह शिक्षा का मकसद ही हाशिये पर चला जाता है। इसी का नतीजा है कि आगे दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर नकल की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसे रोकने का यही तरीका हो सकता था कि शुरू से ही बच्चों में पढ़ाई-लिखाई के प्रति गंभीरता पैदा की जाए, उनके मूल्यांकन में कड़ाई लाई जाए। हालांकि सरकार ने नए नीतिगत फैसले में यह भी कहा है कि मूल्यांकन के आधार पर किसी भी विद्यार्थी को प्राथमिक शिक्षा से बाहर नहीं किया जाएगा। उन्हें अपना प्रदर्शन बेहतर करने का मौका उपलब्ध कराया जाएगा। मगर इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि नई व्यवस्था से प्राथमिक स्तर पर ही बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत चौदह वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देना सरकार की सांविधानिक बाध्यता है। अगर बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ेंगे, तो यह उद्देश्य पूरा हो पाना मुश्किल बना रहेगा।

# वीर बाल दिवस पर विशेष : गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहबजादों के साहस को श्रद्धांजलि

**26 दिसंबर 2024 को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने व इसी दिन पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वितरण की करें तो,पीएम आह्वान पर 2022 से 26दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के दो छोटे साहिबजादे 9 साल के बाबा जोरावर सिंह और उनके छोटे भाई 5 साल के बाबा फतेह सिंह की वीरता को समर्पित है। 26 दिसंबर को 1705 में इन महान सपूतों को धर्म नहीं बदलने पर प्रतिशोध स्वरूप वजीर खान ने जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। इस शहादत को नमन करने के लिए इस बार वीर बाल दिवस के मौके पर बहादुर बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।**

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत की अनेक गाथाएं इतिहास में दर्ज़ है, जिसका बखान उनके प्रकाशोत्सव वर्षगांठ या उस दुखद पल कुर्बानी दिवस के रूप में उसको याद किया जाता है। इसी कड़ी में 26 दिसंबर 2024 को सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। छोटे साहिबजादों का स्मरण आते ही सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और सिर श्रद्धा से झुक जाता है। देश में पहली बार पीएम के ऐलान के बाद ही 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस पूरे देश-विदेश में मनाया जाता है। गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब उस स्थान पर खड़ा है, जहां साहिबजादों ने आखिरी सांस ली। केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ने मंगलवार 24 दिसंबर 2024 को एक बयान जारी करके बताया कि भारत के बच्चों की उपलब्धियों और साम?र्थ्य को सम्मानित करते हुए आगामी गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के लिए इस साल 14 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार समारोह में सात श्रेणियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सात लड़कों और दस लड़कियों को सम्मानित किया जाएगा। पीएम बाल पुरस्कार इस बार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के बजाय 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के मौके पर दिए जाएंगे। राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में बाल पुरस्कार बांटेंगीं।पीएम इसके बाद भारत मंडपम में बच्चों से मिले।चूँकि छोटे साहबजादों का स्मरण आते ही सीना गर्व से चौड़ा हो जाताहै व सिर श्रद्धा से झुक जाता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहबजादों के साहस को श्रद्धांजलि, वीर बाल दिवस 26 दिसंबर 2024 पर विशेष।

साथियों बात अगर हम वीर बाल दिवस के महत्व व परिभाषा संशोधन की करें तो, यह दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई-खासकर जोरावर और फतेह सिंह की। सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादों को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था।इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें क्रमश: 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था। बदली परिभाषा, अब, वीर वह है जो अंधेरों को रोशन करेंसरकार ने इस



बार वीरता की परिभाषा को भी परिमार्जित किया है। इसमें कहा गया है, वीर वह है जो अंधेरों को रोशन करें। इसमें केवल साहस ही नहीं दया, क्रियाशीलता, नवप्रवर्तन के साथ कुछ कर गुजरे बच्चों जो समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं को शामिल किया गया है, ताकि इससे देश की युवा पीढ़ी और बच्चे भी ऐसा करने के लिए प्रेरित हों। सरकार का मकसद इसके जरिये समग्रता के साथ बच्चों की वीरता और कारनामों को पेश करना है। वीर सपूतों के अदम्य साहस से प्रेरणा लेना आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। यह वह नौनिहाल हैं, जिन्होंने साबित किया है कि दृढ़ संकल्प से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। इन बाल प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर विकसित भारत बनाएंगे। भारत सरकार असाधारण उपलब्धियों के लिए सात श्रेणियों कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण में बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) प्रदान करती है। इस बार 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनमें 7 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 26 दिसंबर, 2024 को इन बच्चों को पुरस्कार प्रदान करेंगी। प्रत्येक विजेता को पदक, प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र पुस्तिका दिए जाएंगे। वीर बाल दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम 26 दिसंबर, 2024 को ही नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा । यह दिन युवा दिमागों को पोषित करने, उनकी रचनात्मकता बढ़ाने और विकसित भारत की भविष्यदृष्टि में योगदान के लिए उन्हें प्रेरित करने पर केंद्रित होगा। इस कार्यक्रम में पीएम शामिल होंगे। आयोजन में पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं और गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 3,500 बच्चे इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भारतीय विरासत को दर्शाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बच्चे विविध संस्कृतियों के प्रतिनिधित्व वाले मार्च पास्ट में भी शामिल होंगे। इसके अलावा माई गॉव/माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन गतिविधियां सहित देश भर के स्कूलों, बाल देखभाल संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों में कहानी सुनाने, रचनात्मक लेखन, पोस्टर बनाने, निबंध लेखन, कविता और प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथियों बात अगर हम वीर बाल दिवस के इतिहास की करें तो, बताते हैं कि मुगलों ने अचानक आनंदपुर साहिब के किले पर हमला कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी मुगलों से लड़ना चाहते थे, लेकिन अन्य सिखों ने उन्हें वहां से चलने के लिए कहा। इसके बाद गुरु गोबिंद सिंह के परिवार सहित अन्य सिखों ने आनंदपुर साहिब के किले को छोड़ दिया और वहां से निकल पड़े। जब सभी लोग सरसा नदी को पार कर रहे थे तो पानी का बहाव इतना तेज हो गया कि पूरा परिवार बिछड़ गया। बिछड़ने के बाद गुरु गोबिंद सिंह व दो बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह व बाबा जुझार सिंह चमकौर पहुंच गए। वहीं, माता गुजरी, दोनों छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह और गुरु साहिब के सेवक रहे गंगू गुरु साहिब व अन्य सिखों से अलग हो गए।

इसके बाद गंगू इन सभी को अपने घर ले गया लेकिन उसने सरहिंद के नवाज वजीर खान को जानकारी दे दी जिसके बाद वजीर खान माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादों को कैद कर लिया। वजीर खान ने दोनों छोटे साहिबजादों को अपनी कचहरी में बुलाया और डरा-धमकाकर उन्हें धर्म परिवर्तन करने को कहा लेकिन दोनों साहिबजादों ने जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारे लगाते हुए धर्म परिवर्तन करने से मना कर दिया। वजीर खान ने फिर धमकी देते हुए कहा कि कल तक या तो धर्म परिवर्तन करो या मरने के लिए तैयार रहो। 27 दिसंबर को अगले दिन ठंडे बुर्ज में कैद माता गुजरी ने दोनों साहिबजादों को बेहद प्यार से तैयार करके दोबारा से वजीर खान की कचहरी में भेजा। यहां फिर वजीर खान ने उन्हें धर्म परिवर्तन करने को कहा लेकिन छोटे साहिबजादों ने मना कर दिया और फिर से जयकारे लगाने लगे। यह सुन वजीर खान तिलमिला उठा और दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवाने का हुक्म दे दिया और साहिबजादों को शहीद कर दिया। यह खबर जैसे ही माता दादी माता गुजरी के पास पहुंची, उन्होंने भी अपने प्राण त्याग दिए। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहबजादों के साहस को श्रद्धांजलि-वीर बाल दिवस 26 दिसंबर 2024 पर विशेष,छोटे साहबजादों का स्मरण आते ही सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है व सिर श्रद्धा से झुक जाता है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस की आन बान शान जाँबाज पुलिस इंस्पेक्टर जितेन्द्र सोलंकी। 4 फरवरी सन 1992 को टौंक जिले के छोटे से गाँव चैनसिंहपुरा में जन्में सोलंकी शुरू से ही शेरदिल इंसान हैं। सन 1992 को राजस्थान पुलिस में कॉस्टेबल के रूप में भर्ती हुए लेकिन मन नहीं माना और तैयारी की सब इंस्पेक्टर की और 1997 को कांधे पर दो स्टार लगाकर राजस्थान पुलिस के सब इस्पेक्टर बेडे में शामिल हो गए। एक नम्बर के इंसान हैं अपराधियों में पुलिस का खौफ कैसे होता है ये शायद बताने की आवश्यक्ता नहीं। बहरोड़ में फायरिंग कर नामी बदमाश पपला गुर्जर को हवालात में से छुडवाकर ले जाने की घटना के बाद पूरे राज्य भर में पुलिस की थूं-थूं हुई ऐसे में तत्कालीन डीजी ने थानें के अधिकारियों व कर्मचारियों को कहीं लाईन तो कहीं सस्पेंड कर चार्ज शीट सौंपी। अब ऐसे में बहरोड़ थानाधिकारी लगाए जाने के लिए राजस्थान में जितेन्द्र सोलंकी का नाम सबसे आगे आया और पुलिस अधिकारियों सोलंकी पुलिस अधिकारियों के विश्वास पर खरे भी उतरे। यूं तो पपला को पकड़ने के लिए डीजीपी द्वारा इसका जिम्मा एसओजी को सौंप दिया गया था लेकिन फिर भी थाने से बदमाश को फायरिंग कर छुडाए जाने के मामले में एसपी डॉ.अमनदीप सिंह कपूर के निर्देश के बाद इस जाँबाज इंस्पेक्टर एक के बाद एक उस वारदात में लिप्त बदमाशों को पकड़ा उनकी खोपड़ी से बाल उतारे कच्छा पहनाया और फिर शुरू हुआ बदमाश को ढ़क्कन बनाने का खेल। पूरे ईलाके में नामी गरामी बदमाशों को कच्छा पहनाकर टांट गंजी करवाकर उनका जुलूस निकवाना अपने आप में बहुत बड़ी बात थी। ऐसे में अपराधियों के हौसले चकनाचूर हुए और अंत में पपला भी पुलिस की



जितेन्द्र सोलंकी
( पुलिस इंस्पेक्टर )

गिरफ्त में चढ ही गया। जितेन्द्र सोलंकी पुलिस के शेर के रूप में जाने जाते हैं। जहां भी रहे पूरी शिद्दत के साथ अपना फर्ज निभाते हुए नौकरी की। आज महुँवा थाने के अधिकारी पद को सुशोभित कर रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे शानदार अधिकारी के हौसले को सलाम करती है व इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 26 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- शेक्सपियर ने 1606 में अपने लोकप्रिय नाटक किंग लियर को पहली बार इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम के दरबार में पेश किया था।
- फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच दक्षिणी हॉलैंड को लेकर समझौते पर 1748 में हस्ताक्षर किये गये।
- दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली का 1904 में उद्घाटन।
- तुर्की में 1925 में ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया गया।
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 1925 में स्थापना।
- सोवियत संघ ने 1977 में पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1978 में जेल से रिहा किया गया।
- उड़ीसा की प्रमुख पार्टी, बीजू जनता दल (बीजद) की 1997 में स्थापना वरिष्ठ राजनेता बीजू
- पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने की।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिक्षद ने 2002 में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ़ कांगो में पुन: संघर्ष शुरू होने की सूचना दी।
- शेन वार्न ने 2006 में अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेकर इतिहास रचा।
- चीन की राजधानी बीजिंग से ग्वांग्झू शहर तक बनाए गए दुनिया के सबसे लंबे हाई स्पीड रेलमार्ग को 2012 में खोला गया।

### 26 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- 18 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध अंग्रेज़ी कवियों में से एक थॉमस ग्रे का जन्म 1716 में हुआ।
- स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद उधम सिंह का जन्म 1899 में हुआ।
- विख्यात सामाजिक कार्यकर्ता, मुख्यत: कुष्ठरोगियों की सेवा के लिए विख्यात बाबा आम्टे का जन्म 1914 में हुआ।
- प्रसिद्ध संगीतकार नौशाद का जन्म 1919 में हुआ।
- गुजराती साहित्यकार तारक मेहता का जन्म 1929 में हुआ।
- भारतीय समाज सेवी महिला माबेला अरोल का जन्म 1935 में हुआ।
- प्रसिद्ध संत-महात्माओं में से एक विद्यानंद जी महाराज का जन्म 1935 में हुआ।
- प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता तथा चिकित्सक प्रकाश आम्टे का जन्म 1948 में हुआ।
- वैदिक परम्परा के प्रमुख बुद्धिजीवी राम स्वरूप का जन्म 1998 में हुआ।

### 26 दिसंबर को हुए निधन

- मुग़ल सम्राट बाबर का निधन 1530 में हुआ।
- कवि का कलकत्ता(अब कोलकाता) हेनरी लुईस विवियन डेरोजियो का निधन 1831 में हुआ।
- भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रसिद्ध क्रांतिकारी, लेखक तथा समाजशास्त्री भूपेंद्रनाथ दत्त का निधन 1961 में हुआ।
- 'गाँधी स्मारक निधि' के प्रथम अध्यक्ष, गाँधीवादी नेता, स्वतंत्रता सेनानी और पंजाब के प्रथम मुख्यमंत्री गोपी चन्द भार्गव का निधन 1966 में हुआ।
- हिन्दी के यशस्वी कथाकार और निबन्ध लेखक यशपाल का निधन 1976 में हुआ।
- भारत की महिला क्रांतिकारियों में से एक बीना दास का निधन 1986 में हुआ।

विशेष आलेख

# गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है बढ़ता डिजिटल प्रदूषण

सुनील कुमार महला



आज सूचना क्रांति और तकनीक का जमाना है। आज हम डिजिटल युग में सांस ले रहे हैं,एक ऐसी दुनिया जो संचार और मनोरंजन से लेकर, आनलाइन खरीदारी, आनलाइन गतिविधियों, स्वास्थ्य सेवा और परिवहन तक हर चीज़ के लिए प्रौद्योगिकी पर निर्भर होती जा रही है। हालाँकि, डिजिटल क्रांति ने मनुष्य को अनेक बेजोड़ सुविधाएँ और प्रगति प्रदान की है, लेकिन इसके साथ ही पर्यावरण संबंधी अनेक चुनौतियाँ भी सामने आई हैं, जिनमें से डिजिटल प्रदूषण प्रमुख चुनौती है। सूचना क्रांति और तकनीक के इस दौर में डिजिटल प्रदूषण एक नया कंसेप्ट है जो हमारे पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र पर टेक्नोलॉजी के कारण होने वाले नकारात्मक प्रभावों को बताता है। आज दुनिया भर में इंटरनेट क्रांति के बीच लैपटॉप, कंप्यूटर, सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्हाट्स एप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब, ट्विटर का जमकर उपयोग और प्रयोग किया जा रहा है। रोजाना करोड़ों इ-मेल भेजें जाते हैं। विशाल डाटा(फोटो, विडियो, डाक्यूमेंट्स, ई-मेल आदि) केंद्रों में क्लाउड डाटा स्टोरेज किया जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि डाटा स्टोरेज बहुत ज्यादा बिजली की खपत करते हैं। इससे डिजिटल प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। वास्तव में डिजिटल प्रदूषण इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरा), अतिरिक्त डेटा भंडारण, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की ऊर्जा खपत और पूरे डिजिटल उद्योग का कार्बन पदचिह्न जैसे अनेक तरीकों से प्रकट होता है। दूसरे शब्दों में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ई-कचरे से लेकर कार्बन उत्सर्जन तक डिजिटल प्रदूषण वास्तविक है। आज दुनिया भर में एंड्रॉयड मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप, कंप्यूटर का प्रयोग किया जा रहा है। अप्रचलित गैजेट(काम में नहीं आने वाले) और हार्डवेयर घटक अक्सर लैंडफिल में पहुंच जाते हैं, जिससे विषाक्त इलैक्ट्रोनिक अपशिष्ट(ई-कचरा ) उत्पन्न होता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सभी डिजिटल प्लेटफार्म ऊर्जा की खपत करते हैं।

जब भी हम अपने गैजेट्स के माध्यम से कोई वीडियो स्ट्रीम करते हैं या विभिन्न ऑनलाइन गतिविधियों में संलग्न होते हैं, तो कहीं न कहीं सर्वर उस सेवा को चालू रखने के लिए बिजली की खपत करते हैं। पाठकों को जानकारी के लिए बताता चलूं कि डिजिटल प्रदूषण के कुछ बहुत ही चौंकाने वाले प्रभाव हैं। उदाहरण के लिए, अकेले डेटा सेंटर में प्रति वर्ग मीटर लगभग 1,000 केडब्ल्यूएच की खपत होती है, जो एक सामान्य अमेरिकी घर की बिजली खपत से लगभग दस गुना अधिक है। डिजिटल तकनीक के प्रोडक्शन में अक्सर दुर्लभ धातुओं का खनन शामिल होता है, जिससे पृथ्वी के सीमित संसाधन खत्म हो रहे हैं, जो हमारे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। गौरतलब है कि ई-कचरे से किसी भी राष्ट्र पर वित्तीय बोझ भी बढ़ता है और इसके संपर्क में आने से मनुष्य और जीवों को गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, खासकर विकासशील देशों में जहां ई-कचरा अक्सर फेंका जाता है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि डिजिटल प्रदूषण को कुछ तरीके अपनाकर कम किया जा सकता है। मसलन, हरित आईटी मानकों/प्रमाणनों को अपनाना, उनका पालन करना सबसे तात्कालिक तरीकों में से एक है। इसमें ऊर्जा दक्षता के लिए कंप्यूटर सिस्टम को अनुकूलित करना, कम बिजली की आवश्यकता वाले सॉफ़्टवेयर का उपयोग करना, एआई एल्गोरिदम को शामिल करना आदि शामिल है, जो ऊर्जा के उपयोग को बुद्धिमानी से प्रबंधित कर सकते हैं। इसके अलावा पुराने और अप्रचलित इलैक्ट्रोनिक उपकरणों की रिसाइक्लिंग(पुनर्चक्रण) और उचित निपटान जरूरी है।उचित निपटान न केवल खतरनाक कचरे को लैंडफिल में जाने से रोकता है बल्कि मूल्यवान सामग्रियों को पुन: प्राप्त करने में भी मदद करता है, जिनका पुन: उपयोग किया जा सकता है।

इसके अलावा, संधारणीय सर्वर प्रबंधन समाधान के तहत नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा संचालित क्लाउड सेवाओं पर माइग्रेट करना या कार्बन न्यूट्रल होस्टिंग सेवाओं का उपयोग भी किया जा सकता है। वर्चुअलाइजेशन जैसी प्रथाओं से कंपनियों द्वारा मौजूदा हार्डवेयर का अधिक कुशलता से उपयोग किया जा सकता है, क्यों कि इससे नए उपकरणों की आवश्यकता कम हो जाती है और इस प्रकार ई-कचरे और ऊर्जा खपत दोनों को कम किया जा सकता है। इतना ही नहीं,कर्मचारियों को डिजिटल स्थिरता की संस्कृति और उसके महत्व के बारे में शिक्षित किए जाने के लिए आंतरिक जागरूकता अभियान, कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जा सकते हैं। मसलन,प्रिंटर को डिफ़ॉल्ट रूप से डबल-साइड प्रिंटिंग पर सेट करना या कर्मचारियों को उपयोग में न होने पर अपने कंप्यूटर को बंद करने के लिए प्रोत्साहित करना जैसे सरल कदम महत्वपूर्ण ऊर्जा बचत में योगदान कर सकते हैं। साथ ही, संगठनों को डिजिटल सफाई के लिए भी एक नियमित प्रोटोकॉल स्थापित करना चाहिए। मसलन,अप्रयुक्त फ़ाइलें, अनावश्यक ईमेल और पुराने डेटाबेस के स्थान पर केवल अति आवश्यक डेटा को ही स्टोर किया जाए और अनावश्यक डेटा को स्टोर न किया जाए, क्यों कि इससे अनावश्यक रूप से ऊर्जा की खपत होती है। टिकाऊ तकनीकी समाधानों में निवेश भी बहुत जरूरी है। इसके अलावा हमें यह चाहिए कि हम टिकाऊ, अपग्रेड करने योग्य और पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का चयन करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आप शारीरिक और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव करेंगे। सौंदर्य- प्रसाधन, घर की साज-सजावट और मनोरंजन के साधनों पर धन खर्च करेंगे। स्थायी संपत्ति के कागजात साइन करते समय आपको बेहद ध्यान रखने की जरूरत है।

**वृष**
व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा। मानसिक रूप से भी आज स्वस्थ रह पाएंगे। फिर भी दोपहर के बाद शारीरिक और मानसिक स्थिति में अनुकूल परिवर्तन आ सकता है। आप के काम से अधिकारी भी संतुष्ट रहेंगे।

**मिथुन**
धन प्राप्ति के लिए अच्छा योग है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी।

**कर्क**
शादी योग्य युवाओं को जीवनसाथी मिलने का योग हैं। सामाजिक रूप से आपको यश-कीर्ति मिलेगी। पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव रहेगा। प्रियजनों से मतभेद हो सकता है। मित्रों और स्वजनों के साथ अच्छे समय का आनंद ले पाएंगे।

**सिंह**
आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आर्थिक लाभ होगा। मैरिड कपल के बीच आनंद-प्रमोद छाया रहेगा।

**कन्या**
आपके प्रत्येक काम में आज दृढ़ता और आत्मविश्वास छलकता दिखेगा। अपनी बौद्धिक शक्ति से लेखन काम और अन्य रचनात्मक काम करने में आगे बढ़ेंगे। विचारों में आते शीघ्र परिवर्तन से मानसिक रूप से आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे। आज आप अधिक वाद-विवाद न करें।

**तुला**
काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में भी वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी। भागीदारों के साथ चर्चा सकारात्मक होगी। क्रोध की भावना अधिक रहेगी। भीतरी शांति के लिए प्रभु भक्ति और आध्यात्मिकता का सहारा लेंगे। आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी।

**धनु**
किसी अच्छी जगह पर घूमने जाने का कार्यक्रम बन सकता है। विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद-प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है।

**मकर**
संतान के विषय में चिंता रहेगी। अधिकारी आपसे नाराज रहेंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे।

**कुंभ**
नए वस्त्र और सौंदर्य की चीजें खरीदने में आपकी रुचि बनेगी। दोपहर के बाद वैचारिक स्थिरता नहीं रहेगी। नए काम का प्रारंभ करना आप के हित में नहीं रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा।

**मीन**
आज यश और कीर्ति भी प्राप्त होगी। परिवार का वातावरण अच्छा रहेगा। आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव से जिद्दीपन छोड़कर आगे बढ़ेंगे, तो अनेक समस्याओं का निराकरण होता दिखेगा। आर्थिक योजना बनाना सरल होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन पर चलने की ली शपथ



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर जिलेभर में सुशासन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद सभागार में आयोजित हुआ। इसके साथ ही, उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम हुए। इस मौके पर सभी ने सुशासन पर चलने की शपथ ली। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं माँ शारदे की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

### सुशासन के संकल्पों को जीवन में आत्मसात करें

इस दौरान देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि अटल जी की 100वीं जयंती भारत के अविस्मरणीय शख्सियत की जयंती है। जो सुशासन, सरलता और सादगी के प्रतीक है। उनकी सरकार में बनाई गई नीतियां गरीब, महिला, वंचित वर्ग एवं मजदूर के कल्याण के लिए थी। उन्होंने कहा था कि सरकारें आएंगी, जाएंगी पार्टिया बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए। उनके लिए राष्ट्रहित एवं लोकतंत्र के मूल्य सर्वोपरि थे।

जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हम सभी को प्रेरणा देता है। हमारा कर्तव्य है कि उनके द्वारा बताए गए सुशासन के संकल्पों को जीवन में ग्रहण करें। वाजपेयी जी की सरकार के समय शुरू हुई स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत की सड़कों के विकास को मजबूत आधार प्रदान किया। वे ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते थे।

पूर्व विधायक अजीत मेहता ने कहा कि श्री वाजपेयी जी राजनीति के अजात शत्रु थे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के गौरव को बढ़ाया है। उनके समय शुरू हुई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से आज भारत के गांवों की तस्वीर बदली है। उनके द्वारा देखे गए नदी जोड़ो योजना के सपने को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पीकेसी ईआरसीपी योजना के माध्यम से धरातल पर लाने का काम कर रहे है। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया।

इस दौरान टोडारायसिंह के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री संत कुमार जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, जिला परिषद के पूर्व सदस्य नरेश बंसल, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव, किसान नेता पोखर लाल जाट, सुनिल जैन समेत अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

लापरवाही की मौत पर भड़के परिजन

# शव के साथ प्रदर्शन कर ड्यूटी चिकित्सक पर लगाए गंभीर आरोप

## चिकित्सक डॉ. गुप्ता ने आरोपो को बताया आधारहीन व तथ्यो के विपरीत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा के राजकीय अस्पताल में बुधवार को उस समय भारी हंगामा हो या जब मौहल्ला सादात निवासी अब्दूल कय्यूम पुत्र मुश्ताक अली उम 60 वर्ष की ड्यूटी चिकित्सक की लापरवाही व अनदेखी से अकाल का शिकार हो गया। मामले के अनुसार मौहल्ला सादात निवासी अब्दूल कय्यूम पुत्र मुश्ताक अली उम 60 वर्ष अपनी पत्नि के साथ सीने व हाथ पेरो में दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में राजकीय अवकाश के चलते दोपहीर 12 बजे तक चिकित्सक महेन्द्रं गुप्ता की ड्यूटी थी। लेकिन पीड़ित व उसके परिजनो के लगभग आधे धंटे इंतजार के बाद डॉ. गुप्ता आए और पीड़ित को देखकर ईसीजी करवाने की सलाह देकर ड्यूटी समय समाप्त हो जाने के चलते घर चले गए। पीछे से पीड़ित के परिजन अस्पताल की तीन ईसीजी मशीने खराब होने के चलते ईसीजी करवाने अस्पताल के बाहर नीजि




प्रयोगशाला में ले गए। जहां ईसीजी करवाने में लगभग एक धंट लग गया। साथ ही पीड़ित ईसीजी करवा कर जब अस्पताल पहुंचे तो वहां तैनात चिकित्सक डॉ. जीतराम ने जांच के बाद अब्दूल कय्यूम को मृत धोषित कर दिया। कय्यूम के अकाल मौत का शिकार होने की जानकारी लगते ही परिजनो ने डयूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. महेन्द्र गुप्ता पर लापरवाही व अनदेखी का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। इधर कय्यूम के अकाल की मृत्यु होने की जानकारी लगते ही मौहल्ला सादात से काफी लोग अस्पताल पहुंच कर अस्पताल के बाहर शव के साथ खड़े होकर चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदर्शन करने वालो ने लापरवाह चिकित्सक को तुरन्त प्रभाव से निलम्बित करने की मांग करने लगे। साथ ही प्रदर्शनकारियो ने मौके पर प्रशासन को बुलाने की मांग करने लगे। चिकित्सा कर्मियो ने इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलाश सामरिया को दी तो डॉ. सामरिया भी अवकाश पर थे। अस्पताल में हंगामा व प्रदर्शन होने की जानकारी मालपुरा पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगो को समझा कर आक्रोश शांत करवाया। काफी देर प्रदर्शन व नारेबाजी के बाद परिजन शव को लेकर घरो की ओर रवाना हो गए।

### इस बारे में इनका कहना है

इस बारे में जानकारी चाहने पर डॉ. महेन्द्र गुप्ता ने बताया कि रोगी के परिजनो का यह आरोप कि वे ड्यूटी पर नहीं थे पूरी तरह से गलत व तथ्यहीन है। उन्होंने बताया कि रोगी के परिजन एक बजकर चार मिनट पर ड्यूटी समय समाप्त होने पर अस्पताल छोड़ा था। इससे पहले रोगी की जांच के बाद ईसीजी करवाने और ईसीजी ब्लाकेज होने पर रोगी को जयपुर के लिए रेफर की सलाह देकर बतोर प्राथमिक उपचार हृदयरोग का एक इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी थी। डॉ. गुप्ता ने बताया कि जानकारी करने पर यह भी सामने आया है कि रोगी के इंजेक्शन लग भी चुका था।

### मौके पर मोजुद लोगो का कहना था

अस्पताल में हंगामा व प्रदर्शन के समय काफी लोग जमा थे। इसमें वार्ड पार्षद मजीद व सेवानिवृत अब्दुल रईस नकवी सहित अन्य कई लोगो ने बताया कि एक तरफ तो सरकार मालपुरा के अस्पताल को जिला अस्पताल का दर्जा दे रही है। लेकिन अस्पताल की वर्तमान में बिगड़ी व्यवस्थाओ को सुधारने की ओर कोई ध्यान नहीं है।

अस्पताल में रोगीयो की इलाज के अभाव व लापरवाही के चलते कई अकाल मौते हो रही है। सरकार इन अकाल मौतो को रोकने व अस्पताल की बिग़ड़ी व्यवस्थाओ को सुधारने की ओर कोई ध्यान नहीं है।

# पुलिस को अपराधियो तक पहुंचने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग करना होगा

## कजोड़ गैंग का खुलासा करने पर मालपुरा पुलिस प्रशासन व टीम को दिया धन्यवाद

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान अविकानगर के केन्द्रीय सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में मौजुद जिले के सभी पुलिस अधिकारियो को निर्देश प्रदान करते हुए पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज ओमप्रकाश ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़तें मोबाइल एवं साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए पुलिस को अति आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर शातिर अपराधियो तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए। आईजी रेंज अजमेर ने बढ़ते साइबर अपराध व सोशल मीडिया पर बढ़ते अपराधो को रोकने के लिए उपलब्ध संसाधनो का पूर्ण प्रयोग कर अपराधो पर अंकुश लगाने व अपराधियो तक पहुंच कर कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता पर




बल दिया। अपराधियो द्वारा आधुनिक तकनीक व शातिर दिमाग का प्रयोग करने की वजह से पुलिस का अपराधियो तक पहुंचने में देरी संभव है लेकिन पुलिस को इस तरह के अपराधो तक पहुंचने के लिए कड़े प्रयास करने की महति आवश्यकता है। यह सही है कि समूची अजमेर रेंज की पुलिस सीमित संसाधनो के बावजूद अपराधो को रोकने व अपराधियो तक पहुंचने में सफल हो रही है। आईजी रेंज ने कजोड़ गैंग को पकड़ने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान एएसपी मोटाराम बेनीवाल, वृताधिकारी आशिष प्रजापत, थानाधिकारी चेनाराम सहित गठित टीम के सभी सदस्यो को धन्यवाद देकर हौसला बढ़ाया। इस दौरान आईजी ने जिले के सभी थानो क्षैत्रो के आपरधो, थाना क्षेत्रो में प्राय: होने वाले अपराधो कानून व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। साथ ही अपराधो पर अंकुश के लिए सुझाव भी मांगे। सम्मेलन में एएसपी बृजेन्द्र सिंह भाटी सहित जिले के सभी थानो के थाना प्रभारी मौजुद रहे।

# न्यायिक सेवा में चयन होने पर मेघा जैन को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** हतौना गाँव में स्थित श्री दिगम्बर जैन चंद्र प्रभु मंदिर में दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे जैन समाज हतौना ने मेघा जैन पहाड़ी का राजस्थान न्यायिक सेवा में चयन होने पर शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मेघा जैन के आरजेएस बनने से टोंक जिला जैन समाज गौरवान्वित हुआ। कार्यक्रम संयोजक एवं मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि राजस्थान न्यायिक सेवा में निवाई की मेधा जैन पुत्री सुरेश कुमार जैन पहाड़ी के आरजेएस में सफलता हासिल करने पर टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल, अर्चना जैन सरावगी समाज टोंक अध्यक्ष रमेश चन्द छाबड़ा, जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा, विष्णु बोहरा, महेन्द्र चंवरिया, ताराचंद हथौना, बाबूलाल बढ़ेरा, दिलीप जैन, मनोज जैन, मुंशी जैन, लोकेश जैन, अंकित जैन, अशोक छाबड़ा, बाबूलाल सेठी टोंक सहित समस्त जैन समाज हथौना ने आरजेएस मेघा जैन को सम्मानित किया।

# राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा का चेन्नई में सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई/ सवाई माधोपुर।** राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा को चेन्नई महानगर में अन्ना नगर क्षेत्र की शांति कॉलोनी स्थित श्री राम दयाल कलावती खेमका श्री अग्रवाल सभा भवन में पिछले 7 दिन से चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में बेहतर पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल सर्राफ ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा 2009 से 2011 तक चेन्नई में दैनिक राजस्थान पत्रिका में बतौर वरिष्ठ उप संपादक कार्यरत रहे थे। उस दौरान उन्होंने प्रवासी हिंदी भाषी राज्यों के विभिन्न समाज के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। उनके



इस बेहतर कार्य को देखते हुए ही लोगों के विशेष आग्रह पर शर्मा को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं नानी बाई का मायरा की विशेष कवरेज के लिए राजस्थान से बुलाया गया था।

कार्यक्रम की बेहतर कवरेज करने पर भागवत आचार्य प्रिया शरण महाराज ने राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा को विशेष प्रतीक चिन्ह एवं दुपट्टा व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। शर्मा के सम्मानित होने पर विभिन्न समाजों के वरिष्ठ पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही अपेक्षा भी की है कि वरिष्ठ पत्रकार शर्मा का सहयोग तमिलनाडु में अप्रवासी हिंदी भाषा लोगों को इसी प्रकार मिलता रहेगा।

# सड़क सीमा में लगे पोल से अज्ञात वाहन टकराने से तीन पोल टूटे, हादसा टला

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** नटवाड़ा स्टेट हाइवे 122 पर नटवाड़ा-शिवाड़ बाईपास पर विद्युत विभाग की लापरवाही एवं मनमर्जी के चलते सड़क सीमा में विद्युत पोल होने की वजह से मंगलवार अज्ञात वाहन की टक्कर से सिंगल फेज डीपी सहित तीन पोल टूटकर सड़क पर गिर गए। रात को सर्दी के कारण लोगो का आवागमन नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। अज्ञात वाहन की टक्कर मार देने से एक विद्युत ट्रांसफार्मर और एक 11 केवी विद्युत लाइन का पोल धराशाई हो गया है। एक ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रत हुआ है। इस हादसे में तीन पोल क्षतिग्रस्त हुए है। अचानक से धमाके के साथ विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर टूटा तो आसपास के लोग बाहर निकले और उन्होंने इस घटनाक्रम की सूचना विद्युत विभाग को देकर बिजली सप्लाई बंद कराई। ग्राम पंचायत नटवाड़ा मुख्यालय से गुजरते 28 करोड़ 51 लाख रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाला बरौनी-शिवाड़ स्टेट हाईवे 122 सडक् सीमा में विद्युत पोल को हटवाने के लिए पीडबल्यूडी विभाग द्वारा शिप्टिंग डिमांड



राशि 7 लाख 51 हजार 852 रुपए की राशि जमा करवाने के 6 माह बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते सड़क से पोल नही हटाए गए है। सडक् के बीचोंबीच खड़े बिजली पोल हादसे का कारण बन रहे हैं। पीडबल्यूडी विभागीय अधिकारियों द्वारा कई बार स्मरण पत्र लिखे लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमर्जी के चलते 6 माह का समय गुजरने के बावजूद भी सड़क के दायरे में आ रहे बिजली के पोल नही हटे।

### रोड़ क्रॉसिंग की नही हो रही है पालना

निर्माणाधीन स्टेट हाईवे 122 सड़क की ऊचाई पहले की अपेक्षा 3-4 फीट बढ़ गई है। ऐसे में सड़क से गुजरने वाली हाईटेंशन लाईन की ऊंचाई बहुत कम हो गई है। जिससे 11 केवी तारो के भरी वाहनो से छूने का अंदेशा बना रहता है। जबकि नियमानुसार रोड़ क्रॉसिंग पर सड़क के दोनों ओर लोहे के ऊंचे टावर लगाने चाहिए। वही सडक् के दायरे में खड़े बिजली के पोलो पर रेडियम की व्यवस्था नहीं होने से रात्रि में भारी वाहनों की आमने-सामने रोशनी के दौरान दुर्घटना होने का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि बरौनी-शिवाड़ पर नटवाड़ा बाईपास तिराहे के आसपास सड़क निर्माण को लेकर कार्य जारी है। सड़क पर खड़े विद्युत पोल हादसे को न्यौता दे रहे हैं। डिस्कॉम एवं प्रशासन इस ओर ध्यान देकर पोल हटाएं। जिससे किसी दिन कोई बड़ा हादसा नहीं हों। पीडबल्यूडी विभाग, सड़क निर्माण कंपनी एवं ग्रामीणों ने भी कई बार डिस्कॉम अधिकारियों को विद्युत पोल हटाने की मांग की। लेकिन इन्हें नहीं हटाने से हर दिन वाहन चालकों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। इससे ग्रामीणों में रोष है।

**इनका कहना-**

जयपुर विध्युत वितरण विभाग निवाई के सहायक अभियंता केसी माली ने बताया कि पोल शिफ्टिंग स्वीकृति हो गई है। पोल शिफ्टिंग का कार्य जारी है। जहां जरूरत थी वहा से पोल हटवा दिए गए। पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता आशीष वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग कि ओर से पोल शिफ्टिंग करने के लिए जारी डिमांड नोटिस की विभाग द्वारा 6 माह पूर्व ही जमा करवा दी गई है। लेकिन अभी तक सड़क सीमा से पोल नही हटे है।

# कार व बस में भिड़ंत, पांच की मौत, एक दर्जन घायल

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी (अब्दुल माहिर)।** जिले की सीमा से सटे करौली जिले के कुड़गांव थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के पास बीती मंगलतार रात भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बस में सवार एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। बस व कार में आमने-सामने की टक्कर में इंदौर निवासी मानवी देशमुख, नयन देशमुख, अनीता देशमुख, खुश देशखुश तथा प्रीति भट्ट की मौत हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची कुड़गांव थानाधिकारी रुकमणी गुर्जर ने ग्रामीणों की मदद से कार में फसे शवों को बाहर निकारा। 108 एम्बुलेंस की मदद से चार शवों को करौली जिला मुख्यालय व एक महिला के शव को गंगापुरसिटी जिला अस्पताल में रखवाया।

कुड़गांव थानाधिकारी रुकमणी गुर्जर ने बताया कि बीती मंगलवार रात गंगापुर-करौली हाइवे पर सलेमपुर पुलिस चौकी के पास वितरीत दिशा से आ रही एक यात्री बस ने कार को टक्कर मारदी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तेज धमाके की आवाज के साथ कार पिचक गई। कार में सवार सभी लोग उसमें फंस गए। बस यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इस दौरान में बस सवार लगभग एक दर्जन लोगों के भी चोट आई है। सभी को करौली जिला अस्पताल भेजा गया। घटना



स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हाइवे के दोनो तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसने भी देखा दंग रह गया। कार बुर तरह पिचक गई थी। पुलिस ने जेसीबी मशीन बुलाकर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से राहत कार्य शुरू किया। आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से कार में फसे सभी शवों को एक-एक कर बाहर निकाला गया।

### इंदौर का रहने वाला था परिवार, अधिकतर लोगों की मौत

मृतकों की पहचान के बाद इनके परिजनों को सूचना दी गई। यह सभी मूल रूप से इंदौर, मध्य प्रदेश के निवासी थे और वर्तमान में बड़ोदरा, गुजरात में रह रहे थे। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# सुमेर बड़जात्या अध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष पद के लिए समाजसेवी एवं भामाशाह सुमेर बड़जात्या को मनोनीत किया गया है। इस संबंध जानकारी देते हुए क्लब के पवन जैन संगम ने बताया कि क्लब की परम्परा का निर्वहन करते हुए क्लब के वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से भामाशाह एवं दानदाता सुमेर बड़जात्या सेवा वालो को



मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन के बाद बड़जात्या का मौजुद सभी क्लब सदस्यो ने मालाऐं पहना कर स्वागत सम्मान किया। साथ ही क्लब के हर सेवा कार्यो में पूर्ण सहयोग का वादा किया।

इस मौके पर बड़जात्या ने अपनी ओर से विश्वास दिलाते हुए कहा कि जिस तरह से क्लब के सदस्यो ने उन पर विश्वास प्रकट जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे सभी को साथ लेकर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

साथ ही क्लब के सेवा कार्यो को ओर अधिक ऊंचाईया प्रदान की जाएगी।

# शाह के बयान के खिलाफ गंगापुर शहर में कांग्रेस का सम्मान मार्च

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी (अब्दुल माहिर)।** बीते दिनों सदन में संविधान पर चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में गत दिवस कांग्रेस पार्टी ने शहर में सम्मान मार्च निकाला। इस दौरान स्थानीय विधायक एवं राजस्थान विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीना के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने गृहमंत्री अमित शाह से इस्तिफे की मांग की। साथ ही इस मामले की गहन जांच कराने, ऐसी टिप्पणियों से बचने के लिए सभी सार्वजनिक पदों पर बैठे जिम्मेदारों से संविधान और इसके मूल्यों का पालन करवाने तथा देश के सामाजिक ताने-बाने और एकता को सुरक्षित रखने के लिए भविष्य में ऐसे अपमानजनक बयानों पर रोक लगाने की मांग की। इससे पूर्व पार्टी कार्यकर्ता उदेई मोड़ स्थित थोक फल-सब्जी मंडी से रैली के रूप में रवाना हुए। यह सम्मान मार्च ओसवाल चुंगीनाका, प्राइवेट बस स्टैण्ड, फव्वारा चौक, न्यायालय सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीना ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। विधायक मीना ने अमित शाह के बयान पर एतराज जताते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर हमारे भगवान है। शाह ने उनका अपमान कर उनके करोड़ो अनुयायियों का अपमान किया है। इसे हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। शाह का यह बयान आकमिक नहीं है। भाजपा की सोची समझी साजिश है।

### भाजपा पर बोला

ज्ञापन के बाद उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीना ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार एक साल का जश्न मना रही है, लेकिन उन्होंने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। ईआरसीपी योजना का नाम बदलकर अन्य राज्यों के साथ हुए समझोते को छिपाया गया। उन्होंने इसमें पूर्वी राजस्थान के साथ भेद किया। गंगापुरसिटी नगरपरिषद में भ्रष्टाचार हो रहा है। जिम्मेदारों पर मामले दर्ज हो रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। गंगापुरसिटी का जिले का दर्जा खत्म करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जिला खत्म हुओ तो इसका जवाब उन्हें जनता देगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अब्दुल वहाब, ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष नवीन खान, गंगापुरसिटी ग्रामीण कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष छोटेलाल व्यास, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवचरण बैरवा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता व बाबा साहब के अनुयायी मौजूद रहे।



# नगर निगम कार्यालय में मनाया सुशासन दिवस

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को किया याद

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप मे नगर निगम कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया। इससे पहले मंत्री संजय शर्मा ने निगम कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।

नगर निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एक राजनेता के साथ-साथ कवि, प्रखर वक्ता और पत्रकार भी रहे। उन्होंने कहा कि वाजपेई जी को उनके कार्यों के लिए सदैव याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि चाहे कारगिल युद्ध हो या परमाणु परीक्षण सभी में सटीक रणनीति के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने काम किया था। जिसकी न केवल देश बल्कि विदेशों तक चर्चा रही। सुशासन की दिलाई शपथदृ कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने उपस्थित लोगों को सुशासन से संबंधित शपथ दिलाई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शासन को अधिक पारदर्शीए सहभागीए जनकल्याण केंद्रित तथा जवाबदेही बनाए रखने की शपथ ली। साथ ही लोगों ने प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की भी शपथ ली। सुशासन शपथ के दौरान प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए संकल्प लिया गया।

**कविता पाठ का भी हुआ आयोजन :** सुशासन दिवस के तहत नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहर के जाने-माने कवि मनीष मनु, सुरेश तनेजा और प्रवेंद्र पंडित ने अटल बिहारी वाजपेई द्वारा लिखी कविताओं का पाठ किया। आमंत्रित कवियों द्वारा वाजपेयी जी की रचनाओं का सस्वर काव्यपाठ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन कर रहे शिक्षाविद दिनेश शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन से जुड़ी कई घटनाओं की जानकारी साझा की। जिसे उपस्थित लोगों ने बड़े ध्यान से सुना। कार्यक्रम के अंत में नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने सभी अतिथियों और पधारे हुए लोगों धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के साथ नगर निगम के पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल और नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका सहित निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पाटन मेवान में 250 छात्रों को जर्सी वितरित बच्चों के चेहरे खिले



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** खैरथल कस्बे के समीप पहाड़ियों की तलहटी में बसे एक छोटे से गांव पाटन मेवान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शीतकालीन अवकाश से पूर्व मंगलवार को 250 छात्र-छात्राओं को जर्सियां वितरित की गई।

उप प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में कार्यरत ओमप्रकाश जाट व फ्तेहचंद व्याख्याता की प्रेरणा से प्राचार्य मगतू राम बेरवा के सानिध्य में आयोजित एक कार्यक्रम में खैरथल के भामाशाह पदम डाटा, डॉ. शैलेंद्र गुप्ता गुप्ता नर्सिंग होम खैरथल फ्तेह मोहम्मद समाजसेवी तथा दादरहेड़ा निवासी भगवान दास जी प्रधानाध्यापक के सहयोग से स्थानीय विद्यालय के 250 छात्र-छात्राओं को जर्सियां वितरित की गई। जर्सिया प्रकार बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे उप प्राचार्य डॉण् अनिल कुमार ने बताया कि ठंड के मौसम में बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराना उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है तथा यह पहल बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए की गई है कार्यक्रम में अभिभावकों और ग्रामीणों ने विद्यालय के स्टाफकी सराहनीय पहल की प्रशंसा की इस कार्यक्रम की अवसर पर प्राचार्य मगतू राम बेरवा,उप प्राचार्य डॉ अनिल कुमार, फ्तेहचंद, कुसुम मीणा ,गायत्री शर्मा, सुमन रावत,ओमप्रकाश ,गीता गुप्ता,मनीषा कुमारी,राजेश कुमार ,मनीष शर्मा,लीलाबाई,गजेंद्र सिंह, राजभारत, रामजीलाल, सुंदरलाल, नितिन कुमार, मनीराम, नंदराम गुप्ता, जीतू व रामफ्ल आदि उपस्थित रहे।

अलवर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

# मरता है शरीर, अमर है आत्मा और नेत्रदान से मिलता है स्वयं परमात्मा, नेत्रदान अवश्य करे : डॉ. एससी. मित्तल

### 78 ओपीडी से लाभान्वित एवं 5 मरीजो का निःशुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु चयन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** बुधवार को लायंस क्लब अलवर मत्स्य अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप, मित्तल हॉस्पिटल, आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन एवं जिला अन्धता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया गया। इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 78 लोग लाभान्वित हुए तथा मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण के ऑपरेशन हेतु 5 लोगो का चयन तथा बाकी सभी जरूरतमंद मरीजो को निःशुल्क दवा देकर घर भेज दिया गया ! मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक एवं समाजसेवक डॉ. एससी मित्तल ने कहा कि मरता है शरीर, अमर है आत्मा नेत्रदान से मिलता है परमात्मा नेत्रदान अवश्य करे। नेत्र रोगियों के निःशुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन करके भी हम मानवसेवा का धर्म निभा रहे है। शिविर संयोजक एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन एवं अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप के अध्यक्ष तथा मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह शिविर अलवर के युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में शिवाजी पार्क, बुध बिहारए अन्य आस पास के क्षेत्र में बहुत से नेत्र रोगी होने के कारण शुरू किया गया है। किसी ना किसी मजबूरी के चलते वो सामान्य चिकित्सालय में आकर नही दिखा पाते है । शिविर में पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं मित्तल हॉस्पिटल, अलवर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ लायन डॉ. महेश जैन एवं उनकी टीम बीना ओमप्रकाश, आरसी बोस सहित सभी ने अपनी निःशुल्क सेवाये प्रदान की तथा आवश्यकतानुसार मरीजो को निःशुल्क दवा भी वितरित की गयी। लायंस क्लब अलवर मत्स्य के लायन सत्यनारायण अग्रवाल तथा अलवर जिला स्काउट गाइड के गोविन्द गोयल ने बताया कि मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण रोग से पीड़ित कुल 05 मरीजो के ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल, सुभाष नगर अलवर में गुरूवार को किये जायेंगे। मरीज को रहने, खाने-पीने, लेंस, ऑपरेशन, चश्मा, दवा इत्यादि सभी सुविधाए पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जायेगी तथा अगले दिन मरीज को छुट्टी दे दी जायेगी। शिविर में लायंस क्लब से रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायन डॉ. महेश जैन, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, तथा अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप से गोविन्द चन्द गोयल, युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल से डॉ. अशोक पाठक सहित पूरी टीम ने बेहतरीन सहयोग प्रदान किया।

# विकसित भारत के लिए मातृभाषा गौरव विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सामाजिक अपवर्जन एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र सीएसएसईआईपी राजस्थान विश्वविद्यालय एवं विद्या भारती के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत के लिए मातृभाषा गौरव विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी सभागार में आयोजित किया गया। सीएसएसईआईपी के निदेशक एवं आयोजन सचिव रोहित कुमार जैन ने बताया कि परिचर्चा की प्रस्तावना माध्यमिक शिक्षा बोर्डएराजस्थान के पूर्व अध्यक्ष प्रोण्भरतराम कुम्हार द्वारा रखी गई तत्पश्चात कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष प्रो.वासुदेव देवनानी का सानिध्य प्राप्त हुआ। जिन्होंने अपने उध्बोधन में मातृभाषा की संविधानिक स्थिति का जिक्र करते हुए ए भाषा के मूल्य बोध को बताया। विकसित भारत की यात्रा केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं हो सकती। इसे वास्तविक रूप में सफ्ल बनाने के लिए हमें सामाजिक समावेश और मातृभाषा गौरव को अपने राष्ट्र निर्माण के मूल आधार के रूप में स्वीकार करना होगा। एक सशक्त राष्ट्र वही बन सकता है, जहां पर मातृभाषा के प्रति उचित सम्मान हो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.अल्पना कटेजा कुलपति,राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा की गई। उन्होंने अपने उध्बोधन में बताया की कोई भी देश तब तक विकास नहीं कर सकता जब तक की उसकी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खुद की भाषा न हो। भाषा किसी भी देश की संस्कृति और सभ्यता की संवाहक होती है। मुख्य वक्ता शिवप्रसाद संगठन मंत्री विधा भारती ने अपने उध्बोधन में बताया कि मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच, संस्कृति और चेतना की आधारशिला है। विशिष्ट अतिथि जयपुर जिला कलेक्टर डॉ.जितेंद्र कुमार सोनी ने अपने उध्बोधन में राजस्थानी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया की केवल एक भाषा नही मरती अपितु एक पूरी संस्कृति मर जाती है। साथ ही बताया कि आज हम शब्दो को खोते जा रहे हैए भाषाओं को सहजना और उनका संरक्षण आवश्यक है। सीएसएसईआईपी के निदेशक एवं आयोजन सचिव रोहित कुमार जैन ने बताया कि परिचर्चा में मातृभाषा गौरव पुस्तिका का भी माननीय अतिथीयो द्वारा विमोचन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाषा विशेषज्ञ, शिक्षक, शोधार्थी व अभिभावक शामिल हुए।

आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का वन एवं पर्यावरण मंत्री माननीय संजय शर्मा ने किया उदघाटन

# आयुर्वेद दुष्प्रभावरहित-स्थाई समाधान देने वाली चिकित्सा पद्धति : संजय शर्मा





बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर की ओर से चलाए जा रहे आयुष्मान अलवर अभियान के तहत जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट एवं हार्टफुलनेस ध्यान केन्द्र, अलवर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर बुधवार को प्रातः 9 से 1 बजे तक हार्टफुलनेस ध्यान केन्द्र, डी ब्लॉक अम्बेडकर नगर, नियर सामुदायिक भवन अलवर में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय वन मंत्री संजय शर्मा ने भगवान धनवंतरी प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में घनश्याम गुर्जर पूर्व महापौर नगर निगम अलवर, अशोक जैन अगोनिज अध्यक्ष आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान, विशम्बर दयाल शर्मा अध्यक्ष ब्राम्हण समाज, भूप सिंह नरूका क्षत्रिय कार्मिक संगठन, पार्षद सतीश यादव, पंडित जले सिंह रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल सिंह जोनल इंचार्ज हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र अलवर ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिविर संयोजक डॉ.पवन सिंह शेखावत एवं हार्टफूलनेस ध्यान केंद्र के जिला संयोजक हेमनारायण सेन द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा को पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने आयुर्वेद को प्राचीन, प्रामाणिक, दुष्प्रभावरहित चिकित्सा पद्धति बताते हुए इसकी स्वीकार्यता पर जोर दिया एवं बिल्व का पौधा रोपण कर औषधीय पौधारोपण को बढ़ावा देने का संदेश दिया तथा ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान अलवर अभियान की सराहना की।

शिविर संयोजक डॉ.पवन सिंह शेखावत ने बताया कि शिविर में विश्व आयुर्वेद परिषद एवं आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन के अनुभवी चिकित्सक डॉ. मुरारी लाल भारद्वाज, डॉ विशन सैनी, डॉ अनिल कुमार जैन द्वारा 211 रोगियों को चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में मधुमेह, रक्तचाप, उदर विकार, स्त्रीरोग, अस्थि संधि एवं न्यूरोजनित विकार इत्यादि रोग के रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श देकर औषध वितरण किया गया। शिविर में बी.पी, शुगर, बीएमआई की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा विभिन्न रोगों से बचाव एवं प्रबंधन में उपयोगी योग परामर्श, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ.अशोक राजा जोशी द्वारा एक्यूप्रेशर परामर्श सुविधा प्रदान की गई। विश्व आयुर्वेद परिषद चिकित्सक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी एवं जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट के संयोजक डॉ पवन सिंह शेखावत ने अलवर जिले में आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं के विस्तार हेतु माननीय मंत्री महोदय से अलवर शहर में आयुर्वेद महाविद्यालय एवं 50 बैड के आयुर्वेद चिकित्सालय को राज्य सरकार द्वारा आगामी बजट में स्वीकृत कराने की मांग की, जिसे मंत्री ने सहज स्वीकार करते हुए आगामी बजट में इन मांगों को पूर्ण करने का आश्वाशन दिया।

विशेष शिविर के पंचम दिवस कैरियर कॉउंसलिंग व व्यक्तित्व विकास पर हुई चर्चा, स्वंयसेवकों ने किया श्रमदान और व्यायाम

# कैरियर में उस कार्य को चुने जो आपको दिल से अच्छा लगे फिर ईमानदारी से प्रयास करें : मनीष जैन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** बुधवार को श्री लालदास मंदिर, धौलीदुब में आयोजित हो रहे बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारो इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस स्वंयसेवको ने मंदिर परिसर में श्रमदान और व्यायाम किया और कैरियर कॉउंसिलिंग पर मनीष जैन और व्यक्तित्व विकास पर दीपक शर्मा ने व्याख्यान दिया। विशेष शिविर के पंचम दिवस श्री लालदास मंदिर में प्रातः 9 बजे से प्रथम सत्र में स्वंयसेवको ने डॉ अनिल यादव और डॉ सुभाष खटीक के निर्देशन में परेड का अभ्यास और व्यायाम किया तथा मंदिर परिसर में साफसफाई का कार्य करते हुए श्रमदान किया। द्वितीय सत्र में कैरियर कॉउंसलर मनीष जैन ने कैरियर के विभिन्न आयामों से परिचय कराते हुए संवयसेवको से उनके जीवन के लक्ष्यों के बारे में चर्चा की। एक सफ्ल जीवन के लिए आवश्यक सही कैरियर का निर्माण करने के लिए सही जीवनवृत्ति का चुनाव करने के लिए आवश्यक सावधानियो के बारे में बताया। स्वंयसेवकों को भेड़चाल से बचते हुए अपने मनमाफ्कि कैरियर का चयन कर उसके लिए पूर्ण क्षमता के साथ निरन्तर ईमानदारी से प्रयास करने के लिए सजग किया। सत्र का संचालन डॉ महेश गोठवाल ने किया। तृतीय सत्र में हेल्पिंग हैंड से दीपक शर्मा ने व्यक्तित्व विकास विषय पर व्याख्यान देते हुए स्वंयसेवकों की टीम बनाकर उन्हें टास्क सौंपकर स्वंयसेवकों को समय प्रबंधन, टीमवर्क, लीडरशिप, टास्क मैनजेमेंट का व्यवहारिक ज्ञान दियाए स्वंयसेवकों को समस्या को पहचान कर समस्या का समाधान खोज कर अपने गांव, शहर, राज्य और देश को बेहतर बनाने का आह्वान किया। स्वंयसेवकों को विभिन्न प्रकार की मानसिक बेड़ियों को तोड़कर अपनी पूर्ण क्षमता के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। सत्र का संचालन डॉ सरोज मीना ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरोज मीणा, डॉ महेश गोठवाल, डॉ अनिल यादव और डॉ सुभाष खटीक के निर्देशन में अंकित मधुकर, लेखराज मीणा, धीरज, अलकेश, अजय सैनी, प्रीति, सेजल शर्मा, सपराना, अंजली, राजकुमार, अभिषेक, कुलदीप, गौरव, सचिन प्रजापत, प्रिंस, राशिका, मुकेश, पूजा, पायल, अंजली शर्मा, लक्की, करण, कुलदीप, अमनदीप, धीरज, कुशल वर्मा, राहुल शर्मा, मनोहर लाल, कुलदीप सैनी आदि का विशेष सहयोग रहा। सभी स्वंयसेवको ने शिविर में सामूहिक भोज का आनन्द लिया।

# अजेय योद्धा का बलिदान दिवस भारत के लिए क्षति और अभिमान : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास में सर्वसमाज द्वारा वीर शिरोमणि अजय योद्धा महाराजा सूरजमल का 261बलिदान दिवस मनाया गया।इस मौके पर सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल सही मायने में हिन्दू सम्राट थे।उनके नेतृत्व में अधर्म पर धर्म की विजय की पताका हमेंशा लहराती रही। उन्होंने देश और धर्म को वह सबकुछ दिया जो बिरले लोग ही अपने जीवन में दे पाते हैं। सम्पूर्ण राष्ट्र को उन पर गर्व है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम से पूर्व महाराजा सूरजमल के चित्र पर माला पहनाकर, पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गईं। इस मौके पर उपस्थित गणमान्य लोगों का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष शिम्भुदयाल पल्सनिया ने की।अध्यक्ष सिंभूदयाल पल्सनिया,सार्वजनिक निर्माण विभाग की एक्सीयन नीलम पुनिया,उपाध्यक्ष अमरसिंह सरपंच, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी, पूर्व अध्यक्ष रघुवीर चौधरी, सरजीत जाखड़, पूर्व सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि होशियार सिंह जाट, सरपंच सतपाल, बुधराम चौधरी, रामावतार, छितरमल सूबेदार, छाजु मेहरा, पूर्ण बूरा, रामावतार पल्सनिया, रामावतार कटारिया,मातादीन नागा, देशराज नागा सहित सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।



## सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल को लेकर प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने बूंदी सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता में गिनाई उपलब्धियां



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान में भाजपा सरकार का 1 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार के कार्यकाल को लेकर बुधवार को प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने बूंदी सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित की। जहां पर उन्होंने बूंदी सहित राजस्थान में विकास कार्य एवं योजनाओं को लेकर चर्चा करते हुए ,कहा कि विकास में किसी प्रकार की कोई कमी भाजपा सरकार द्वारा नहीं छोड़ी गई है। वहीं डबल इंजन की सरकार राजस्थान में अच्छा काम कर रही है । बिजली, पानी ,सड़क, सभी क्षेत्र में विकास को लेकर सरकार ने काम किए हैं, और टेंडर प्रक्रिया भी कर दी है, वही ईआरसीपी को लेकर जो कांग्रेस राजनीति किया करती थी, उसको भाजपा ने सफल किया है। उसका भी काम जारी है, जल्दी ही लाभान्वित होने वाले जिलों को द्रह्ष्क्ष योजना के तहत पानी मिल पाएगा । उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार का 1 वर्ष पूर्ण हो गया है , और बूंदी में विकास को लेकर सरकार और स्थानीय स्तर पर हमारे द्वारा प्लान तैयार किया जा रहा है । आने वाले समय में बूंदी पर्यटन की नगरी के क्षेत्र मे एक्सप्रेस हाईवे, एयरपोर्ट से जुड़ जाएगा। और साथ ही रामगढ़ विषधारी का विकास होने के बाद यहां पर्यटकों की तादाद पढ़ने लगेगी, नगर परिषद द्वारा जल्द ही सड़कों का जीर्णोद्धार भी होगा ताकि बूंदी भी विकास के पैमाने पर पीछे नहीं रहे । युवाओं को रोजगार हो या सरकार की योजनाएं इसका भरपूर लाभ आम जनता को पहुंचाया जा रहा है। प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि आने वाले 5 साल में राजस्थान को विकास के पैमाने सहित उद्योगों सड़क परिवहन आदि के क्षेत्र में विकास के पायदान पर खड़ा करना, भाजपा सरकार का राजस्थान में लक्ष्य है। इस दौरान के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष कालू लाल जागिड़, भारत शर्मा , सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

बूंदी में ऊर्जा राज्यमंत्री एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर सर्किट हाऊस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय राजनीति एवं विकास के प्रति उनके असाधारण योगदान को सराहा। इस अवसर प्रभारी जुगल शर्मा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, नैनवां प्रधान पदम नागर, तालेडा प्रधान राजेश रायपुरिया, रामबाबू शर्मा,भरत शर्मा, पूर्व सभापति महावीर मोदी, निर्मल मालव, अशोक जैन, सत्यनारायण गौतम, पूर्व चेयरमेन भगवान लाडला और महावीर खंगार, रूपेश शर्मा, राजकुमार श्रृंगी, कालूलाल जांगिड, रामेश्वर मीणा, पूर्व उपजिला प्रमुख आशा मीणा,महेन्द्र शर्मा, मोहन किराड आदि मौजूद रहे।

## भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिलों को दो दिन नही मिलेगा चंबल का पानी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/शाहपुरा।** चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिलों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है। अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग परियोजना खण्ड़-प्रथम भीलवाड़ा अवजीत सिंह ने बताया कि चम्बल भीलवाडा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत फेज 1, पेकैज द्व एवं द्वद्व के तहत रॉ एवं क्लियर वॉटर पम्पिग एवं ट्रांसमिशन सिस्टम तथा आरोली डब्ल्यूटीपी के वार्षिक संधारण एवं जनरल रिपेयर कार्य हेतु दिनांक 26.12.2024 प्रातः 7:00 बजे से 36 घंटे का शटडाउन रहेगा। जिसके कारण भीलवाडा शहर सहित समस्त भीलवाडा एवं शाहपुरा जिले में दिनांक 26.12.2024 सांय से 28.12.2024 प्रातः तक चंबल से होने वाली पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने भीलवाड़ा शहर सहित भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिला वासियों से अनुरोध किया है कि शटडाउन पूर्व पेयजल का समुचित भंडारण सुनिश्चित कर लेवे तथा पेयजल मितव्ययता से खर्च करें।

## तुलसी पूजन दिवस हर्षोल्लास से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** योग वेदांत सेवा समिति की तरफ से तुलसी पूजन दिवस पर बुधवार को पद्मिनी पार्क चित्तौड़गढ़ में हर्ष उल्लास के साथ सभी महिला पुरुष श्रद्धालु ने तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत सभी श्रद्धालु माताएं बहनें भाइयों ने तुलसी माता की पूजा अर्चना आरती की गई। इसके तत्पश्चात प्रसाद व पुस्तक के वितरित की गई । वर्तमान परिवेश में बच्चों के अंदर भारतीय संस्कार सभ्यता एवं संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाना चाहिए। इस अवसर पर भोलाराम प्रजापत, गोविंद सोनी, तुलसीराम, संजय गर्ग, राकेश जैन, धन्नालाल गुर्जर, रामप्रसाद धोबी, बाबूलाल सालवी, सुनील आगाल, आदित्य सोनी, ओमप्रकाश खटोड़, सुरेश न्याती, रामप्रसाद तोषनीवाल, शिव वैष्णव, मांगीलाल, सचिन आमेटा, गजानन्द छिपा, ईशान माली, लाली देवी सोनी, सुधा, ऋतु जैन, तरुणा कुमावत, सुचिता पुंगलिया, आशा खोईवाल, उमा देवी सोनी, चंद्रकांता भंडारी, गीताबाई, सीमा रजक, सीमा दशोरा, विनोद सेन हेमंत कुमार जायसवाल, लाली बाई, मीना देवी, निकिता सोनी, अनिता शिंदे, लक्ष्मीकांत व्यास आदि उपस्थित थे।

## तुलसी पूजन दिवस मनाया,एवं पौधे वितरण किये

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** मणी एजुकेशनल सोसाइटी भीलवाड़ा द्वारा तुलसी पूजन के दिन तुलसी का पौधा वितरित किया गया, तुलसी का पौधा हिन्दू धर्म में पूजनीय माना जाता है, तुलसी के पौधा पूजा के साथ-साथ औषधीय रूप भी है ,कई बीमारियों में काम आने वाला पौधा है आज 151 तुलसी का पौधा पटेल नगर विस्तार, आजाद नगर,चंद्रशेखर आजाद नगर भीलवाड़ा में बांटे गये है । कार्यक्रम में उपस्थित मणि एजुकेशनल सोसायटी भीलवाड़ा के अध्यक्ष विभोर त्रिवेदी जी ,सचिवअनुराधा झा, कोषाध्यक्ष मीना देवी झा, शिल्पी सिंह, रामावती देवी, सावित्री देवी, रीता देवी आदि महिला उपस्थित रही।

## ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जिले के समस्त ब्लॉक स्तर पर गुरूवार, 26 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे विशेष अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में आमजन की शिकायतें एवं परिवाद सुने जाएंगे। केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों के आवेदन भरवाए जाएंगे।

### "सहकार से समृद्धि"

# ऊर्जा मंत्री ने 6 एम-पैक्स को वितरित किए रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट

## सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** "सहकार से समृद्धि" कार्यक्रम के तहत बुधवार को यहां सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा जिले की 6 एम-पैक्स को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट वितरित किए। जिनमें तीन नवगठित महिला एम-पैक्स कोलाना, सातलखेड़ी एवं मोरूकलां शामिल रही। साथ ही, डेयरी समितियों को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं तीन सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम का वितरण भी किया गया। सिआम ऑडिटोरियम में कृभको एवं दि कोटा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक कोटा के संयुक्त तत्वावधान में किसान संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। साथ ही, जेएलजी को 2 लाख रूपये एवं सहकार किसान कल्याण योजना के तहत 2 लाख रूपये के ऋण के चेक वितरित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कोटा डेयरी अध्यक्ष श्री चौन सिंह राठौड़, सांगोद प्रधान श्री जयवीर सिंह अमृतकुआं, सुल्तानपुर प्रधान कृष्णा शर्मा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रामप्रसाद शर्मा, कोटा सहकारी उपभोक्ता भंडार की महाप्रबंधक बीना बैरवा, संयुक्त निदेशक कृषि आरके जैन, सियाम के क्षेत्रीय निदेशक शंकर लाल जांगिड़ एवं बैंक कोटा के एमडी बलविन्दर गिल सहित कृभको के अधिकारी उपस्थित रहे।

सहकार से समृद्धि के राष्ट्रीय मेगा इवेंट में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पूरे देश की 10 हजार नई एम-पैक्स, डेयरी सहकारी समितियों एवं मत्स्य समितियों को वर्चुअल माध्यम से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट वितरित किए। इस कार्यक्रम का पूरे देश के 500 जिलों में वर्चुअल प्रसारण किया गया। राज्य



स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के झालाना स्थित आरआईसी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिला मुख्यालयों पर उपस्थित स्वयं सहायता समूह से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं, ग्राम सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्ष, संचालक मंडल सदस्यों एवं व्यवस्थापकों को संबोधित किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहकारिता राज्य मंत्री श्री गौतम कुमार दक, गृह एवं डेयरी राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं शासन सचिव सहकारिता मंजू राजपाल भी उपस्थित रही।

### अमृता हाट मेला : प्रदर्शनी 29 दिसम्बर तक

## चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर 29 तक रहेगा निःशुल्क प्रवेश, हर दिन होंगे मनोरंजक कायक्रम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** कोटा महोत्सव के अंतर्गत चल रहा अमृता हाट मेला 29 दिसम्बर तक लगेगा। इस दौरान हर दिन मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर 29 दिसम्बर तक प्रातः 10 से रात्रि 8 बजे तक आमजन के लिए निःशुल्क प्रवेश रहेगा। अमृता हाट के तहत चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर 26 दिसम्बर को सांय 4 बजे से डांस प्रतियोगिता, 27 दिसम्बर को सांय 4 बजे से मिस अमृता 2024 प्रतियोगिता एवं कोटा एक्सप्लोर, 28 दिसम्बर को सांय 4 बजे से कवि सम्मेलन कार्यक्रम तथा 29 दिसम्बर को सांय 4 बजे से गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महिला अधिकारिता के सहायक निदेशक मनोज कुमार मीणा ने बताया कि प्रातः 10 से रात्रि 8 बजे तक राजीविका समूह की महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बाजार लगाया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जा रही है।

**आमजन को भा रहे हस्तशिल्प उत्पाद :** अमृता हाट मेले में प्रदेशभर से महिला समूहों की दुकानें लगाई गई हैं जिसमें विभिन्न तरह के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। इनमें अलवर का टैराकोटा, बीकानेर के नमदे, मंगोडी, पापड़, जुतियां, कोटा डोरिया आदि प्रमुख है। मेले में सामान क्रय करने वाले ग्राहकों को 500 रुपये की खरीद पर एक कूपन दिया जा रहा है जिसका ड्रॉ प्रतिदिन रात्रि 8 बजे खोला जाता है। मेले में 70 स्टॉल लगाई गई है जिसमें राजस्थान के सभी जिलों के स्वयं सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित सामान उपलब्ध हैं।



### चौमहला प्रीमियर लीग सीजन 4

## टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का विशाल आयोजन का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में दस दिवसीय चौमहला प्रीमियर लीग सीजन 4 टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का विशाल आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक कालूराम मेघवाल ने पीज पर फिथा काट कर किया। व भाजपा पदाधिकारी का सफा व माल्यार्पण सम्मान किया गया। पहला मुकाबला चौमहला नाईट राइडर व चौमहला सुपर किंग के बीच हुआ। चौमहला नाईट राइडर ने पहले बल्लेबाजी करते हुई 8 ओवर मै 88 रन का लक्ष्य रखा। चौमहला सुपर किंग लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 ओवर मै 78 रन ही बना पाई।10 रन से चौमहला नाईट राइडर ने जीत लिया। मैन ऑफ द मैच 51 रन की बना कर इमरान मेव रहे। वही दुसरा मैच रॉयल चैलेंज चौमहला व चौमहला टाइटन के बीच हुआ । जिसमै रॉयल चैलेंज चौमहला ने पहले बल्लेबाजी कर के 8 ओवर मै 66 रन का लक्ष्य रखा।लक्ष्य का पीछा करते हुई चौमहला टाइटन ने 6 ओवर मै 9 विकेट से मैच जीत लिया।मैन ऑफ द मैच दिपक गयारी रहे।हर मैच मै मैन ऑफ द मैच उपसरपंच प्रतिनिधि विक्रम सिंह कव द्वारा दिया गया।

## कोटा महोत्सव : सांस्कृतिक रंगों से सजा कोटा, विजेताओं ने रचा नया इतिहास

## कोटा महोत्सव में हुई साफा और मूंछ प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** कोटा महोत्सव इस बार अपनी सांस्कृतिक धरोहर और विविधता को प्रदर्शित करने का भव्य मंच बना। महोत्सव में साफा प्रतियोगिता और मूंछ प्रतियोगिता जैसी आकर्षक गतिविधियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन का उद्देश्य कोटा को पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान के क्षेत्र में नई ऊँचाई पर ले जाना है। मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोटा पर्यटन के क्षेत्र में नया इतिहास लिखने जा रहा है। यहां के मथुराधीश मंदिर, मुकुंदरा हिल्स, जीवनदायिनी चंबल नदी और जैविक विविधता विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथों में इतिहास को नया आयाम देने की क्षमता है। सोशल मीडिया के माध्यम से कोटा महोत्सव और यहां की खूबसूरती देश-दुनिया के हर कोने तक पहुंच रही है। पर्यटन विभाग के उप निदेशक विकास पंड्या ने बताया कि महोत्सव में आयोजित साफा प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार श्वेता ने जीता, जबकि करीना ने द्वितीय और संतोष सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में भवानी सिंह को प्रथम, दीपक मेहरा को द्वितीय और जितेंद्र सिंह को तृतीय स्थान मिला। मूंछ प्रतियोगिता में धन्ना लाल गुर्जर ने प्रथम, आर्यन राज ने द्वितीय और श्याम जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महोत्सव में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा के साथ जनप्रतिनिधि राकेश जैन, कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्ण शुक्ला अतिरिक्त संभाग्य आयुक्त मनीषा तिवारी, अतरिक्त पुलिस अधिक्षक, शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक स्नेहलता शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी के. के. शर्मा और शिक्षा विभाग से सतीश गुप्ता, व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक महेश्वरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। हजारों की संख्या में कोटा वासी, कोचिंग छात्र और अन्य दर्शकों ने महोत्सव का आनंद लिया और इसे सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।



## भारत रत्न स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिन सुशासन के रूप में मनाया



बढ़ता राजस्थान


**सुनील मेघवाल ( केशोराय पाटन )।** केशोराय पाटन में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भारत रत्न स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिन सुशासन के रूप में मनाया उनको श्रद्धा से याद कर फूल चढ़ाए गए। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष गौरव मलिक, जिला मंत्री पवन चौहान महामंत्री राजेश सैनी पूर्व महामंत्री श्याम मनोहर भगत ने प्रकाश डाला कार्यालय पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उनको श्रद्धा से फूल चढ़ाए गए इस कार्यक्रम में पार्षद मुकेश शर्मा राजेश सैनी शुभम शर्मा मंडल उपाध्यक्ष जगन्नाथ मेघवाल शैकी भाटिया पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष बसंत शर्मा मनोज मलिक बुथ अध्यक्ष मुकेश कुमार मेघवाल भाजपा नेता जगजीत सिंह भाटिया ओम सेन आयुष नामा भोला शंकर शर्मा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए अमित शाह के इस्तीफे की मांग की

### अमित शाह ने कहा की अभी एक फैशन हो गया है : अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में बुधवार को पूर्व मंत्री कांग्रेस बाबू लाल नागर बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा के.पाटन विधायक सी एल प्रेमी के नेतृत्व में प्रेस वार्ता आयोजित की गई ,जहां पर जमकर भाजपा सरकार को कोसते हुए ,पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं को बंद करने, पूर्ववर्ती सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाते हुए, राजस्थान में कर्ज बढाने की बात करते हुए, भाजपा सरकार को पूर्ण रूप से फैल बताते हुए , राजस्थान से लेकर दिल्ली तक , मुख्यमंत्री भजनलाल से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक कांग्रेसी पदाधिकारी पूर्व मंत्रियों ने घेरा। पूर्व मंत्री नागर ने कहा कि 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सतारूद भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान ओर संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है, बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई भी मौका नहीं छोडती, इस बार तो हद ही पार कर दी, संविधान के पचहतर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी, अडानी, मणिपुर संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई । इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबदधता याद दिलाई समता समानता और न्याय के डॉ अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई सतापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की यही नहीं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत बीजेपी की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और वैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पठाया था, लेकिन बीजेपी ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है ओर बाबा साहेब का अपमान किया गया है, लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है लेकिन मोदी सरकार डॉ अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नही है, उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी, यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया, बीजेपी ने षडयंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई, बीजेपी और उसकी मातृसंस्था हमेशा से डॉ अंबेडकर और संविधान विरोधी रही है इन्होने न सिर्फ संविधान के निर्माण के समय से ही विरोध किया बल्कि इससे पहले डॉ अंबेडकर को चुनाव हराया था ।



## महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने सरकार के कार्यकाल को बताया फैल



बढ़ता राजस्थान

**सुनील मेघवाल ( केशोरायपाटन )।** देईखेडा में सवाई माधोपुर से कोटा जाते समय निजी आवास में ठहरी महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि सरकार एक वर्ष में महिलाओं के विरूद्ध उत्पीड़न मामले में अपना रिकार्ड बना चुकी है ,युवा बेरोजगार होकर सड़कों पर है देश के गृह मंत्री अमित शाह संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर जी के विरूद्ध अनर्गल राष्ट्र-विरोधी टिप्पणी कर रहे हैं। शीघ्र गृह मंत्री को हटाना चाहिए किसान खाद बीज पानी को लेकर त्रस्त है इस सरकार को केवल अफसरशाही चला रहे हर वर्ग इस एक साल में अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है । इस मौके पर देईखेडा सरपंच राजकुमार मीना विधायक प्रतिनिधि अशोक मीना, युवा नेता राकेश कुमार आदि ने प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी के जन्मदिन पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा कार्यालय बसेड़ी रोड पर बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राष्ट्रवादी कवि,प्रखर बुद्धिमानी नेता, भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती मनाई। अटल जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए कैसे अटल जी ने जनता पार्टी को शून्य से शिखर तक पहुंचाया कैसे युद्ध के दौरान पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया । जन्म जयंती के दौरान जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश बागथरिया , पूर्व मंडल अध्यक्ष बिजौली रामवीर सिंह गुर्जर , दुर्ग सिंह अंदाना, उदयभान सिंह परमार , गोपाल कोली , हरदेव शर्मा , शैलेन्द्र गुर्जर , करण प्रजापति , नीलेश भारद्वाज , नत्थी गुर्जर विरामपुर एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## पंचायत समिति में दिलाई सुशासन दिवस की शपथ

### पंचायत समिति परिसर में हुआ पूर्व पीएम अटल के जन्मदिन पर सुशासन संकल्प का आयोजन

**बाड़ी।** शहर के पंचायत समिति परिसर में बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति के प्रधान अजय सिंह परमार ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद करते हुए उनके द्वारा किए गए देश हित के कार्यों की सभी लोगों के बीच चर्चा की। इस दौरान बाड़ी एसडीएम हेमंत कुमार ने बताया कि





पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी अपने नाम के अनुसार अटल रहे। उन्होंने देश के लिए ऐसे कार्य किया जो देश के स्वर्णिम विकास में सार्थक हो रहे है। जिसमें स्वर्णिम चतुर्भुज बनाकर महानगरों को तो जोड़ा ही साथ में ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना देकर गांव गांव को सड़क से जोड़ दिया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह ने बताया स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई 50 वर्ष विपक्ष में रहे। विपक्ष में रहते हुए भी सत्ता पक्ष उनका लोहा मानता था। जब वे सत्ता में आए तो उन्होंने देश को मजबूत करने के लिए तमाम योजनाएं शुरू की। देश का विदेश में नाम हो और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो इसके लिए उन्होंने 1998 में न्यूक्लियर बम का परीक्षण कराया। तब विदेशी ताकतों ने हमारे देश पर प्रतिबंध लगाए लेकिन अटल बिहारी वाजपेई उनसे भयभीत नहीं हुए और अटल रहते हुए देश की सुरक्षा को लेकर कहीं पर भी समझौता नही किया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम हेमंत कुमार ने सभी कार्मिकों और अधिकारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई और देश की तरक्की में चल रही योजनाओं में मन से काम करने के साथ देश हित में काम करने का आवाहन किया। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा,बृजेश शर्मा, फिरोज खान सहित पंचायत समिति के सभी कार्मिक मौजूद रहे।

# नगरपालिका में सुशासन पर्व के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी की मनाई जयंती

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती सुशासन पर्व के रूप में नगरपालिका में मनाई गई, जिसमे भाजपा पदाधिकारी वंदना शिवहरे ने कहा कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, और भारत की राजनीति के आदर्श पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी जी न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि वे एक संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता, और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। अटल जी ने हमें यह सिखाया कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज की सेवा का सबसे प्रभावी जरिया हो सकता है। उन्होंने अपने नेतृत्व से देश को विकास, राष्ट्रीय एकता और अंतरराष्ट्रीय पहचान के नए शिखर पर पहुंचाया। उनका 卐सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय卐 का मंत्र हर व्यक्ति के दिल को छूता है। उनकी सबसे बड़ी शक्ति थी उनकी निर्णय लेने की क्षमता और दूरदृष्टि। चाहे वह पोखरण परमाणु परीक्षण हो, कारगिल युद्ध में विजय, या फिर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना— अटल जी ने हर कदम पर यह साबित किया कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक राष्ट्र निर्माता हैं।

आज उनकी जयंती पर हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे। समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करेंगे। नगर निगम पदाधिकारी ए आर ए मांगीलाल जी गर्ग, वरिष्ठ सहायक मनजीत खान लोकेश गर्ग वरिष्ठ सहायक सफाई निरीक्षक सीताराम जी यादवेंद्र जी अश्वनी कुमार पाराशर जी पार्षद सुदामा शिव शंकर पचौरी रामकुमार सोनी सुनील यादव गोविंद यादव अंकित कुमार जोगेंद्र मीना सुमित कुमार आदि सभी उपस्थित रहे।। भाजपा जिला पदाधिकारी जिला महामंत्री अनिल गोयल, मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा, संगठन पर्व जिला सहसंयोजक वंदना शिवहरे, महामंत्री रामकुमार , महामंत्री नरेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में पर्ची से चल रही सीएम भजनलाल की सरकार : रामकेश मीणा

## प्रतिपक्ष के उपनेता के धौलपुर जाते समय बाड़ी में कांग्रेसियो ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजस्थान की भजनलाल सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर जहां सरकार द्वारा प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं कांग्रेस पार्टी और विपक्ष द्वारा भी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में कोई कामकाज नहीं होने का आरोप लगाते हुए जगह-जगह प्रेस वार्ता का आयोजन किया जा रहा है। धोलपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने जा रही इसी प्रेस वार्ता को लेकर राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के उप नेता और गंगापुर विधायक रामकेश मीणा के बुधवार को दिन में बाड़ी पहुंचने पर हाईवे बाईपास पर कांग्रेसियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

कांग्रेस के बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के तमाम पदाधिकारीयो ने उनके बाड़ी आगमन पर बधाई दी साथ में उनका स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए प्रतिपक्ष के उप नेता रामकेश मीणा ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की भजन लाल सरकार का एक



वर्ष का कार्यकाल कोरे कागज का सा रहा है। सरकार द्वारा ना तो बेरोजगारों के हित में कोई ध्यान दिया गया ना ही किसान और आमजन के प्रति कुछ सोचा।यहां तक की सरकार जांच के नाम पर भी कोई काम नही कर पाई है। वहीं उन्होंने कहा की भजनलाल सीएम होते हुए भी अपने संभाग में भी कुछ नहीं कर पाए है। मुख्यमंत्री का भरतपुर और धौलपुर जिला अछूता नहीं है। यहां क्या काम होने हैं और क्या समस्याएं है। वे सब कुछ जानते हुए भी चुप बने हुए है। उन्होंने अभी तक कुछ नहीं किया है। रामकेश मीणा ने आरोप लगाया कि भजनलाल सरकार केंद्र से आने वाली पर्ची पर ही चल रही है। वहां से जो कुछ लिखा हुआ पर्ची पर आता है उसी हिसाब से यहां काम हो रहा है।

### बाबा बीआर अंबेडकर मामले में गृह मंत्री की निंदा, बीजेपी से माफी मांगने की मांग

विधानसभा में प्रतिपक्ष के उप नेता रामकेश मीणा ने लोकसभा में देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर बी आर अंबेडकर पर दिए गए बयान पर उनकी निंदा की और कहा कि संसार के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के संविधान निर्माता के खिलाफ की गई टिप्पणी किसी भी दृष्टि में शोभनीय नहीं है। अमित शाह को इस पर माफी मांगते हुए त्यागपत्र देना चाहिए। प्रधानमंत्री को भी चाहिए क्यों नहीं हटाए और भाजपा देश से माफी मांगे। इस दौरान वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज, महिला पदाधिकारी रोशनी शिवहरे, शबनम खान, हरिसिंह पहाड़िया, रामसेवक अजर, लज्जाराम कोल, नासिर खान, अनिल अरेला, सोनू यादव, अजय मीणा,अभिषेक यादव, राकेश अजर, योगेश,ध्रुव,लखना यादव सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।


# शहर की कृष्णा कॉलोनी में एक बार फिर से आया जरख, कॉलोनी के लोगो में दहशत, लगातार मूवमेंट के बाद भी पकड़ने को लेकर नहीं हुए ठोस प्रयास

## कॉलोनी के लोगो की प्रशासन और जंगलात विभाग के अधिकारियो से मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर की कृष्णा कॉलोनी में एक बार फिर से जरख का मूवमेंट देखा गया है। मंगलवार की देर रात को यह जरख कॉलोनी की विभिन्न गलियों में घूमा दिखा है। जिसके बाद से कॉलोनी के लोग दहशत में है। कॉलोनी के लोगों ने जरख को मोबाइल के केमरे में भी कैद किया है। शहर की कृष्णा कॉलोनी निवासी डॉ आशुतोष शर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर रात को करीब एक बजे के आसपास कुत्तों और उनके बच्चो के लगातार भोंकने पर जब उन्होंने खिड़की से बाहर देखा तो जरख गली में घूम रहा था। जिस पर कुत्ते और उसके बच्चे लगातार चिल्ला रहे थे ।उक्त जरख के देखने के बाद उन्होंने इसका वीडियो कैमरे में कैद किया और आसपास के घरों के लोगों को फोन से सूचना दी। इसके बाद कॉलोनी के लोग एकत्रित हो गए तो जरख जंगल में भाग गया। मामले को लेकर उन्होंने देर रात ही जंगलात विभाग के अधिकारियों को सूचना दी साथ में प्रशासन से मांग की है कि जरख का यह आतंक पिछले 3 महीने से बना हुआ है। जिसको पकड़ने के लिए जंगलात विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। शहर के वार्ड नंबर 42 के पार्षद ठाकुर रुक्मपाल सिंह जादौन के साथ कॉलोनी निवासी जगदीश प्रसाद, माता प्रसाद सेठ, बाबूलाल कपरेले, शरद चौहान, श्रीगोपाल तिवारी, नीलम देवी, पुष्पा एवं अन्य लोगों ने बताया की कॉलोनी के पास में रेलवे स्टेशन के आसपास काफी जंगल है। जिसमें यह जरख और इसके बच्चे रहते हैं। जिनको पकड़ने के लिए कई बार जंगलात विभाग को अवगत कराया है। जंगलात विभाग ने एक महीने पहले जरख की मूवमेंट पर एक पिंजरा भी रखवाया था लेकिन उसके बाद कोई ध्यान नही दिया। अब जरख एक बार फिर से मूवमेंट में है। इसको पकड़ा जाना जरूरी है क्योंकि इससे छोटे बच्चों को और बड़े बुजुर्गों को खतरा है।

**इनका कहना है :** जंगलात विभाग के रेंजर नकुल शर्मा का कहना है की जरख को पकड़ने के लिए पूर्व में भी प्रयास किया था। लेकिन पिंजरा लगाए जाने के बाद यह दिखाई नहीं दिया। मंगलवार की रात यह कॉलोनी में आया है ऐसे में एक बार फिर से प्रयास किया जाएगा। जरख आदमखोर नहीं होता और किसी पर बेवजह हमला नहीं करता है। ऐसे में लोगो को डरने की जरूरत नहीं है।



# टांडा गांव में पकड़ी अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री

## अवैध हथियारों के साथ बनाने का सामान जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिले के मनियां थाना इलाके में डीएसटी और थाने की पुलिस ने अवैध हथियारों की एक फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस की टीम ने मौके से अवैध हथियार और उन्हें बनाने की समान के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी खेत में बने एक कमरे में अवैध हथियार बना रहे थे। मनियां थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि डीएसटी प्रभारी दीनदयाल शर्मा ने सूचना दी थी कि टांडा गांव में खेत में बने एक कमरे में कुछ लोग अवैध हथियार बनाने का काम कर रहे हैं। सूचना पर डीएसटी टीम के साथ थाने के एएसआई थान सिंह को मौके पर



पुलिस टीम के साथ भेजा गया। जहां पुलिस की टीम ने घेराबंदी करते हुए मौके पर अवैध हथियार बनाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि हथियार बनाते हुए केदार सिंह (45) पुत्र रामेश्वर प्रसाद त्यागी निवासी राजपुर और थान सिंह उर्फ टीटू (32) पुत्र राजेंद्र त्यागी निवासी टांडा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मौके से अवैध हथियार बनाने की समान के साथ 315 बोर की एक देसी सिंगल शॉट पौना राइफल, एक अर्द्ध निर्मितदेसी कट्टा 315 बोर और 2 मिस कारतूस 315 बोर मिले हैं। आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री के समान को जब्त किया गया है, जिनके खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस टीम जांच में जुटी है।

# क्रिसमस पर चर्चों में गूंजे प्रार्थना गीत : झांकियों और रोशनी से जगमगाए, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पर्व

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिले में बुधवार को क्रिसमस का पर्व श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के साथ धूमधाम से मनाया गया। जिले के सभी प्रमुख चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चर्चों को भव्य तरीके से सजाया गया था। पूरे जिले में क्रिसमस की चहल-पहल देखी गई और बाजारों में रौनक रही। धौलपुर के सेंट पीटर्स चर्च, सेंट थॉमस चर्च और गुड शेफर्ड चर्च सहित अन्य प्रमुख चर्चों में मंगलवार रात से ही क्रिसमस की तैयारियां पूरी कर ली गई थी। चर्च परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और झांकियों से सजाया गया। रात को हुई कैरोल गायन सभा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बच्चों और युवाओं ने प्रभु यीशु के जन्म की गाथा गीतों के माध्यम से प्रस्तुत की। चर्चों के भीतर प्रभु यीशु की जन्मस्थली की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने रात बारह बजे चर्च में प्रार्थना करते हुए प्रभु यीशु के जन्म का स्वागत किया, जिसके बाद मोमबत्तियां जलाकर शांति और समृद्धि की कामना की गई। पूरा माहौल भक्ति और आनंद से भर गया था। बुधवार सुबह चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। जहां फादर ने प्रवचन के दौरान प्रभु यीशु के जीवन के महत्व और उनके बलिदान के संदेश को श्रद्धालुओं तक पहुंचाया।



उन्होंने कहा कि क्रिसमस केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, करुणा, सेवा और त्याग का प्रतीक है। पादरी ने समाज में प्रेम और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की और सभी को गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने का संदेश दिया। इस अवसर पर लोगों ने अपने परिवारों और मित्रों के साथ चर्च में जाकर प्रार्थना की और एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। क्रिसमस के अवसर पर चर्चों में बच्चों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित नाटकों और झांकियों का मंचन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

# भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

## लोकसेवकों का परम दायित्व है जन कल्याण हेतु सुशासन पर अमल करना : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होने देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने आधारभूत अवसंरचना विकास सहित अनेक कार्यों को मूर्त रूप दिया। उन्होंने ऐसी जनकल्याण की योजनाएं चलाई जो देश के नागरिकों को आज तक लाभान्वित कर रही हैं। जिला कलक्टर बुधवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर के गांधी पार्क में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोक सेवकों का दायित्व है कि जनकल्याण हेतु सुशासन के सिद्धांतों पर अमल करें। हमें आमजन और सरकार के बीच के फासले को पूरी तरह भरना है। उन्होंने वाजपेयी के सिद्धांतों की चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे आदर्श व्यक्ति का स्मरण आज पूरा देश कर रहा है, हम सब इनके जीवन से सुशासन एवं सेवा का संकल्प लें साथ ही इनके आदर्शा को अपने जीवन में उतारकर देश के विकास में भागीदार बनें।

जिला कलक्टर ने इस मौके पर सुशासन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के संस्मरण सुनाएं तथा उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सादगी, सरलता, तपस्वी, विद्धता के प्रतीक थे। इस मौके पर अटल जी के संस्मरण में उनकी कई कविताओं का पाठन किया गया। हार नहीं मानूँगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूँ, गीत नए गाता हूँ जैसे शब्दों से प्रांगण, गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा



कि अटल जी की छवि जनप्रतिनिधि के तौर पर देश के सच्चे सेवक के रूप में देखने को मिलती है। उनकी सादगी और देश के प्रति समर्पित भाव का आज भी कोई सानी नहीं है। कार्यक्रम के पश्चात अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व सुशासन दिवस पर गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट परिसर पर रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में अधिकारीगण, विद्यालयी छात्रों, राजकीय पीजी कॉलेज के स्काउट्स एवं गाइड्स ने भाग लिया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित छात्र-छात्राएं, शिक्षाविद, अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सुशासन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को किया याद

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** भारत रत्न पूर्व प्रधामंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर मे सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी ने सभी को सुशासन की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में सांसद सीपी जोशी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, कार्यों और उपलब्धियों पर चर्चा की गई । उन्होंने कहा कि अटल जी एक महान नेता, कवि और पत्रकार थे जिन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की। उन्होंने अटलजी के जीवन के विभिन्न पहलुओं यथा उनके बचपन, शिक्षा, राजनीतिक जीवन, कविताएं आदि पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि अटलजी की कविताओं में देशभक्ति, सामाजिक न्याय और मानवता की भावना झलकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल की उपलब्धियों पोकरण परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध और स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से अटल जी के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वे जन्म दिवस पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने देश को आगे ले जाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। सुशासन दिवस के रूप में हम उस महापुरुष को हमेशा याद करते रहेंगे। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी भारत के दसवें प्रधानमंत्री थे और उन्होंने तीन बार प्रधानमंत्री का पद संभाला। वह एक महान नेता, कवि और पत्रकार थे, जिन्होंने भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। कार्यक्रम में पूर्व उप जिला प्रमुख मिट्ठू लाल जाट ने भी अपने विचार रखें। सुशासन दिवस कार्यक्रम के दौरान चित्तोड़गढ़ पंचायत समिति प्रधान देवेंद्र कंवर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कल्पना शर्मा, सागर सोनी, हर्ष वर्धन सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे।

# कार्यकारिणी बैठक के साथ राष्ट्रीय महाअधिवेशन प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** अखिल भारत वर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के साथ ही दो दिवसीय राष्ट्रीय महाअधिवेशन बुधवार से यहां प्रारंभ हुआ। राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक से पूर्व महासभा के नवनिर्वाचित राश्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने महासभा एवं महाअधिवेशन को लेकर जानकारी साझा की।

राष्ट्रीय महाअधिवेशन स्थल पर आयोजित पत्रकार वार्ता में नव निर्वाचित राश्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने बताया कि महासभा की स्थापना 1936 में रतलाम में की गई थी तथा हर पांच साल में महाअधिवेशन आयोजित किया जाता रहा है। चित्तौड़गढ़ में 14 वर्श बाद पुन: महा अधिवेशन आयोजित किया जा रहा हैं यह महाअधिवेशन चित्तौड़गढ़ का तीसरा तथा राजस्थान का 32वा अधिवेशन है। उन्होने बताया कि अधिवेशन में खुला मंच आयोजित किया जाता है जिसमें समाजजन समाज के विकास उन्नति को लेकर विचार व्यक्त करते है। जोशी ने बताया कि महासभा द्वारा मेघावी छात्रौं को बिना ब्याज की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्रतिवर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किये जाते है। उन्होने बताया कि 2011 के पुष्कर अधिवेशन के दौरान एज्युकेशन ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। राष्ट्रीय प्रभारी एवं स्वागत समिति से जुड़ें ओमप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि 25 को आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव लिये जायेंगे। इसमें प्रमुख रूप से चुनाव प्रक्रिया को बदलने का प्रस्ताव लिया जायेगा। उन्होने बताया कि इसके अलावा दिल्ली में गौतम हाऊस बनाने, अहमदाबाद में गौतम भवन निर्माण का प्रस्ताव के साथ ही एज्यूकेशन ट्रस्ट को महासभा के अधीन ही रखने का प्रस्ताव लिया जायेगा। जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि गुरूवार 26 दिसम्बर को सुबह 9 बजें पाडनपोल से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो सदर बाजार, गोल प्याऊ सहित विभिन्न मार्गो से होती हुई समारोह स्थल भरत बाग पहुंचेगी जहां महर्षि गौतम का ध्वजारोहण एवं स्वागत समारोह आयोजित किया जायेगा। समारोह स्थल पर ही दोपहर बाद खुला अधिवेशन आयोजित किया जायेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश जोशी, नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, संरक्षक सुरेश उपाध्याय, एडवोकेट एवं युवा उद्योगपति अनिल जोशी, षशिरंजन तिवारी, शिवदत्त व्यास, योगेश षर्मा, ओम शर्मा दुर्ग, देवकिशन शर्मा, पवन शर्मा, राजनारायण शर्मा शिवशंकर व्यास आदि भी मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे 27 पर ढाबों और रेस्टोरेंट्स में घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध उपयोग

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता क्षेत्र में नियमों की अनदेखी कर घरों में उपयोग होने वाले गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल दुकानदारों और चाय-नाश्ता ठेलेवालों द्वारा व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा है। कई होटलों और दुकानों पर भी घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है। हालांकि, इन व्यापारिक स्थलों पर व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का रजिस्ट्रेशन तो कराया गया है, लेकिन महंगे होने के कारण ये दुकानदार सब्सिडी वाले घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल खुलेआम कर रहे हैं।

नेशनल हाईवे 27 पर संचालित ढाबों, रेस्टोरेंट्स और अन्य छोटे व्यापारिक स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग सामान्य हो गया है। व्यावसायिक गैस सिलेंडर का कनेक्शन न होने के कारण, दुकानदार और होटल संचालक घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग कर रहे हैं, जबकि व्यापारिक उद्देश्यों के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर का उपयोग करना अनिवार्य है।

**नियमों की अनदेखी और अधिकारियों की उदासीनता :** कस्बे में लगभग 200 से अधिक नाश्ते, मिठाई के ठेले और दुकानें हैं, जिनमें से अधिकांश में गैस कनेक्शन है, लेकिन दिखावे के लिए व्यावसायिक सिलेंडर रखे जाते हैं, जबकि वास्तविकता में घरेलू सिलेंडरों का ही उपयोग हो रहा है। इसके बावजूद खाद्य विभाग और संबंधित अधिकारियों द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। साथ ही, होटल और रेस्टोरेंट्स में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता या सफाई की जांच नहीं की जाती, जिससे होटल संचालक नियमों का पालन नहीं करते और घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध उपयोग करते हैं।

## गैस सिलेंडर की कालाबाजारी

व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत लगभग 1892 है, जबकि घरेलू गैस सिलेंडर 828 में उपलब्ध होता है। दुकानदार घरेलू सिलेंडर को अधिक मूल्य पर बेचकर मुनाफा कमाते हैं। कुछ दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडरों में रिफिलिंग करते हैं और एक बड़े सिलेंडर से 700 तक का मुनाफा कमाते हैं। साथ ही, उपभोक्ता हर वर्ष 12 सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन अधिकांश उपभोक्ता पूरे वर्ष में 12 सिलेंडर नहीं खरीद पाते। इसके कारण गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी होती है।

## अधिकारियों का बयान

जिला रसद अधिकारी अनिल चौधरी ने बताया कि, 'यदि कोई व्यक्ति गैस की कालाबाजारी करता है या गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

# विधायक शत्रुघ्न गौतम ने किया नवनिर्वाचित केकड़ी बार अध्यक्ष मनोज आहूजा का अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ मनोज आहूजा का निकटवर्ती ग्राम खेडीशंकर में एक समारोह में अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम मौजूद थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सरवाड तहसीलदार बंटी राजपूत व केकड़ी सदर थानाधिकारी भंवर लाल उपस्थित थे। समारोह के दौरान विधायक शत्रुघ्न गौतम द्वारा नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ मनोज अहूजा का साफा व माल्यार्पण तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के महासचिव मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़, वित्त सचिव रामेश्वर कुमावत सहित अन्य पदाधिकारियो का भी स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि नवनिर्वाचित जिला बार अध्यक्ष मनोज आहूजा सदैव ही अधिवक्ता हितों के लिए जागरूक रहे हैं। उनके नेतृत्व में अधिवक्ताओं को अपने कार्य क्षेत्र में उल्लेखनीय सहूलियतें मिलेगी। प्रारंभ में अधिवक्ताओं द्वारा विधायक शत्रुघ्न गौतम का माल्यार्पण कर साफा बांधकर स्वागत किया गया। समारोह में जिला बार अध्यक्ष मनोज आहूजा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बार की प्राथमिकता समाज हित की रहेगी। कार्यक्रम में रामपाली सरपंच प्रतिनिधि सांवरलाल गुर्जर, पूर्व पार्षद गिरधारी चौधरी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र चौधरी, धनराज चौधरी, पूर्व अपर लोक अभियोजक परवेज नकवी, पूर्व बार अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़, अधिवक्ता महेंद्र चौधरी, मुकेश गुर्जर, भेरू चौधरी, कमलेश कंसोटिया, लोकेश शर्मा, आशीष पंचाल, दिनेश चौधरी, भेरू सिंह राठौड़ व द्वारका प्रसाद वर्मा आदि मौजूद थे।

# 32 करोड़ की स्वीकृति भाजपा नेताओ की आपसी लड़ाई में अटकी : पूर्व राज्यमंत्री

### पिछले गहलोत सरकार में पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के विजन से बस्सी को उप जिला चिकित्सालय की मिली थी सौगात

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान के पूर्व राज्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार में चित्तोड़गढ के बस्सी को बजट में उप जिला चिकित्सालय की सौगात मिली थी। भवन के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई थी तथा इसके निर्माण के लिए 32 करोड़ की राशि भी स्वीकृत हो गई थी। क्षेत्रवासियों को बहुत बड़ी सौगात के रूप में यह उप जिला चिकित्सालय मिला था जिसका शिलान्यास भी तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया लेकिन आज भाजपा नेताओ के आपसी विवाद में निरस्त होने की कगार पर है। राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने कहा कि बस्सी में कन्या महाविद्यालय बड़ी उपलब्धि होकर संचालित है। राजनीतिक का शिकार हो चुके इस उप जिला चिकित्सालय के विवाद 30 दिसंबर तक नहीं सुलझा तो निरस्त हो जायेगा जिसके लिए मौजूदा जनप्रतिनिधियों को आपसी विवाद को पर रखकर जनहित में निर्माण शुरू करवाना चाहिए। भूमि को लेकर मतभेद हो तो अन्य स्थान पर भविष्य को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त भूमि का चयन करवाना चाहिए। शीघ्र निर्माण होकर संचालन पर उप जिला चिकित्सालय 22 चिकित्सक फैकल्टी के साथ एक महत्वपूर्ण सौगात साबित होकर ग्रामीण क्षेत्रों के बस्सी, बेगू आसपास वाशिंदो को लाभ मिलता, कोटा चितौड़गढ़ जाने को मजबूर नही होना पड़ता भविष्य में जिला चिकित्सालय बनता किंतु राजनीतिक विवाद में उलझ कर रह गया।

# अग्रसेन विकास परिषद अंता महिला मंडल द्वारा पोश बड़ा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अग्रसेन विकास परिषद अंता महिला मंडल द्वारा पोश बड़ा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नगर मंडल अध्यक्ष अंजू सिंघल एवं महामंत्री रश्मि गोयल ने बताया कि पौषमहा का महत्ता बताई व इस पर्व पर सामूहिक संगोष्ठी कर बच्चों को मोजे वितरित किए गए। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीनू गुप्ता के भी जन्मदिवस के अवसर केक काटकर सभी मंडल के सदस्यों को पर्यावरण एवं पेड़ की महत्ता को देखते हुए सभी को एक-एक पौधा वितरित गया। महोत्सव में कोषाध्यक्ष सीमा गोयल, नेहा गोयल, शीला गोयल गोयल, हेमा अग्रवाल,जय श्री अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, कविता गोयल, कुसुम गर्ग लीलावती सिंघल, रेनू गोयल,प्रीति गोयल उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कपासन में श्रद्धासुमन अर्पित किये



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वी जयंती पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। भाजपा मंडल महामंत्री सोहन खटीक ने बताया कि विधायक कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी में मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी,जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव,ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल आदि द्वारा प्रधानमंत्री अटल बिहारी के कार्यकाल में हुवे विकास कार्यों पर विचार व्यक्त किये गये।

साथ ही वक्ताओं द्वारा गांव विकास के लिए अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा संचालित हुई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मिल का पत्थर रही। संगोष्ठी का संचालन पूर्व नपा कपासन अध्यक्ष एवं भाजपा नगर मंडल महामंत्री गजेंद्र बागमार तथा आभार नगर पालिका पार्षद अशोक विजयवर्गीय द्वारा व्यक्त किया गया।

इस संगोष्ठी में नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सोनी,पार्षद गोपाल पुर्बीया,अखिल शाह,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अरुण कोदली,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय सोनी,मंडल मंत्री प्रकाश तेली,बूथ अध्यक्ष गिरिराज वैष्णव, हंसमुख टेलर,मुकेश सिरोया,देवीलाल,रामनिवास विजयवर्गीय,नारायण खटीक,हरिशंकर चोटिया, आशीष नंदवाना,संजय चोटिया,भगवतीलाल आचार्य,प्रतीक वैष्णव,गौरव दाधीच,मनीष बारेगामा,अखिलेश तिवारी कार्यालय प्रमुख केसर सिंह आदि द्वारा वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने सहित इनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल के 4 करोड़ 50 लाख से निर्माणाधीन नवीन भवन का अवलोकन किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी द्वारा बुधवार को कपासन में निर्माणाधीन महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल का अवलोकन किया गया।

जानकारी अनुसार राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में 4 करोड़ 50 लाख रु. की लागत से निर्माणाधीन विद्यालय के नवीन भवन का सांसद सीपी जोशी एवं कपासन विधायक अर्जुनलाल जिनगर द्वारा अवलोकन किया गया।इस दौरान सांसद जोशी एवं विधायक जीनगर द्वारा संवेदक को गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य करने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, पूर्व जिला महामंत्री एवं पूर्व पंचायत समिति कपासन प्रधान मोहब्बत सिंह राठौड़,नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली,ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,मंडल महामंत्री एवं पार्षद अशोक विजयवर्गीय,मुकेश सिरोया आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना शुरू ग्रामीणों के लिए खुलेंगे रोजगार के अवसर

### 35 प्रतिशत की छूट पर लगा सकेंगे फूड प्रोसेसिंग यूनिट



बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत केकड़ी जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मण्डी समिति के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तकनीकी प्रबंधक छवि व्यास ने आवेदन से लेकर अनुदान मिलने तक की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मंडी सचिव उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि लघु एवं कुटीर उद्योग लगाने वाले लोगों के लिए यह योजना बेहद लाभदायक है। इस योजना में 35 प्रतिशत तक पूंजीगत अनुदान (अधिकतम 10 लाख रुपए) मिल सकता है। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया बेहद सरल है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से आर्थिक लाभ लेने के लिये योजना की आधिकारिक वेबसाइट https://pmfme.mofpi.gov.in/pmfme/ पर जाकर आवेदन सकते हैं। मंडी सचिव ने बताया कि भारत सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिये प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना शुरू की है। जिसमें किसानों और युवाओं को फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिये आर्थिक अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य रोजगार की तलाश में गांव से शहरों को पलायन करने वाले किसानों और युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे ग्रामीणों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे और उन्हें खेती के साथ-साथ आमदनी का दूसरा साधन भी मिलेगा। कार्यशाला के दौरान 20 जनों का योजना के तहत रजिस्ट्रेशन किया गया। कार्यशाला में मंडी सचिव उमेश शर्मा, तकनीकी प्रबंधक छवि व्यास, एलडीएम राजेश परमार, डीआरसी नितेश, व्यापारिक एसोसिएशन अध्यक्ष शिवप्रसाद तोषनीवाल, डीआरपी पुष्पेन्द्र शर्मा, संगीता पांचाल, राहुल पोरवाल, सीए दिव्या सोमानी, पर्यवेक्षक राजेन्द्र प्रसाद बैरवा, कैलाशचन्द जैन, सुरेश चन्द पारीक, नीरज शर्मा, चन्द्रप्रकाश गुर्जर व विशाल सहित एसएसजी की 30 महिला सदस्याएं मौजूद रही।

## राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष 26 और 27 को चित्तौड़गढ़ में

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर 26 और 27 दिसंबर को चित्तौड़गढ़ प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 26 दिसंबर को सीकर से दोपहर 1 बजे प्रस्थान कर सड़क मार्ग द्वारा सायं 8 बजे सर्किट हाउस चित्तौड़गढ़ पहुंचेगें। वे 27 दिसंबर को दोपहर 12 बजे इंदिरा प्रियदर्शिनी आडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल स्वामित्व योजनान्तर्गत पट्टे / प्रोपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात् दोपहर 3 बजे जयपुर हेतु प्रस्थान करेंगें।

# सहकार से समृद्धि' अभियान के तहत वर्चुअल समारोह आयोजित

## समितियों को पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं क्रडिट कार्ड किये वितरित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)।** 'सहकार से समृद्धि' अभियान के तहत देश की सभी पंचायतों को नई बहुउद्देशीय पैक्स से जोडने के लिए आयोजित वर्चुअल समारोह का बुधवार को सीधा प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार एवं अटल सेवा केन्द्र में किया गया। राष्ट्रीय समारोह में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह एवं राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री श्री गौतम कुमार दक एवं गृह एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम उपस्थित रहें। जिला स्तरीय समारोह में वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव एवं प्रबंध निदेशक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. उमेश चन्द्र शर्मा ने लाभार्थि्यायों को पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं क्रडिट कार्ड वितरित किये गये। कार्यक्रम में अध्यक्ष जीएसएस अटारी राकेश शर्मा, अध्यक्ष मडरपुर राधेश्याम श्याम, अध्यक्ष घुसयारी प्रेमसिंह, अध्यक्ष पार सरोज कुमारी मीना, अध्यक्ष मूडौता बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समितियों केदार सिंह तथा अध्यक्ष पीपला देवकी, अध्यक्ष जघीना महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों श्यामवती को पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित किये गये है।

अध्यक्ष गुनसारा लक्ष्मण सिंह, अध्यक्ष डहरा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समितियां रामसिंह को पीओएस मशीन तथा मंजू देवी को राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत ब्याज मुक्त ऋण वितरण किया गया। जिला कलक्टर ने सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समितियों के उत्थान के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इनका अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले। उन्होंने गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, अन्न भण्डारण योजना, पेट्रोल व एलपीजी वितरण, जन औषधि केन्द्र, जल जीवन मिशन, पीएम किसान समृद्धि केन्द्र एवं कस्टम हायरिंग



केन्द्र जैसी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन योजना की सफल क्रियान्विति हेतु समितियों की समयबद्ध ऑडिट कराकर योजना से पात्रजनों को लाभान्वित किया जाये। समारोह में उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां शचीन्द्र चतुर्वेदी, उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां धौलपुर सतेन्द्र सिंह मीना एवं सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां डीग रामअवतार सिंह तथा भरतपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समिति व दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।



# सड़क के नीचे मिट्टी धंसी, आखिर कब चेतेगा प्रशासन

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी (नि.स.)।** सिस्टम की लापरवाही के चलते शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग गंगासपुरसिटी-नादौती-सिकंदरा हाइवे के नीचे मिट्टी धंसने से गहरी खाई बन गई है। सड़क किनारे खुला गड्ढा नजर आ रहा है। सड़क नीचे से खोकली है। यह गड्ढा हादसे को दावत दे रहा है। राजकीय महाविद्यालय के समीप निजी मैरिज गार्डन के सामने सड़क से सटकर 2 से 3 फीट चौड़ा गड्ढा कभी भी बढ़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। बुधवार सुबह भी इसमें गिरकर बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि रफ्तार कम होने से जनहानि नहीं हुई। स्थानीय निवासी ब्रहम्मा ने बताया कि इस सड़क मार्ग के किनारे पूर्व में निजी कम्पनी ने सीवर लाइन डाली थी। बीते कई दिनों से यहां सड़क किनारे गड्ढा बनता जा रहा है। पहले यह छोटा था अब इसने बड़ा रूप ले लिया है। यहां सीमेंटेड सड़क नीचे से खोकली हो गई है। अंदर पांच से साथ फीट गहराई में खाई है। ऐसे में कभी भी यात्री बस या मालवाहक वाहनों के दबाव से सड़क टूट कर वाहन गड्ढे में गिर सकते हैं।

उन्होंने कहा इस बारे में कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शायद जिम्मेदार हादसे का इंतजार कर रहे हैं। बड़ी दुर्घटना के बाद ही इसकी सुध लेंगे।

## कलैक्ट्रेट परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण



बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (नि.स.)। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर जिलेभर के सभी कार्यालयों में पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कलैक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने अनावरण कर सुशासन की शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की आदमकद प्रतिमा पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एव गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन दिवस की शपथ ली गई। जिला कलक्टर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी मना रहे हैं उनके द्वारा सुशासन एवं आमजन के हित में लिए गए निर्णय आज भी प्रेरणादायक हैं। ग्रामीणों क्षेत्रों में सड़कों को नेटवर्क, देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाने, विद्युत नियामक आयोग गठित करने की दिशा में उनका योगदान अस्मरणीय है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के जन्मशताब्दी के अवसर पर पिछले एक सप्ताह से सुशासन सप्ताह के तहत ग्रामीण स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर आमलोगों की समस्याओं का निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि कलैक्ट्रेट में उनकी प्रतिमा स्थापना से लोगों को प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर भरतपुर विकास प्राधिकरण सचिव ऋषभ मण्डल, प्रशिक्षु आईईएस राहुल श्रीवास्तव, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, सहायक निदेशक लोक सेवाऐं भारती भारद्वाज, अधिवक्ता मनोज भारद्वाज, मोहन रारह, गिरधारी गुप्ता अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक जल प्रवाह के रास्ते में निर्माण कार्य की शिकायत पर रूकवाया काम

### निर्माण करा रहे परिवार ने नगरपालिका को कहा बुरा-भला : तहसीलदार अंकुर जैन



बढ़ता राजस्थान

बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। कस्बे में होकर बहने वाले बरसाती नाले में कस्बा निवासी एक परिवार के लोगों द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य मौके पर पहुँची राजस्व विभाग एवं नगर पालिका की टीम ने रूकवा दिया है। लोगों द्वारा जल प्रवाह को अवरूद्ध कर यह नींव खुदवाकर निर्माण कार्य दमदमा रोड़ पर करवाया जा रहा था। बयाना तहसीलदार विनोद मीणा के निर्देशन में गिरदावर सुमरन सिंह एवं कस्बा पटवारी रोहित कुमार की टीम मंगलवार को मौके पर पहुँची। नगर पालिका से ईओ एवं नायब तहसीलदार अंकुर जैन के नेतृत्व में पालिका के कैशियर दीपक गुप्ता, वरिष्ठ प्रारूपकार चौथमल मीणा एवं भूमि शाख प्रभारी सुखपाल सहित अन्य सदस्यों की टीम भी मौके पर पहुँची। गिरदावर एवं पटवारी ने नक्शे के आधार पर ही निर्माण कार्य कराने की बात कही। जिस पर नाले के रास्ते में कथित रूप सें निर्माण करा रहें परिवार के सदस्यों द्वारा नाले के दूसरी ओर बने मकानों को ही जल प्रवाह के रास्तें में बता दिया। साथ ही नींव खुदवा रहे परिवार के लोगों ने बगल में हो रहे अधूरे निर्माण की ओर इशारा करते हुये पालिका प्रशासन को बुरा-भला कह दिया। जिस पर नगर पालिका ईओ नायब तहसीलदार ने नींव खुदायी कर निर्माण की कोशिश कर रहे परिवार के सदस्यों को संयमित भाषा में बात करने की चेतावनी दे डाली। सक्षम अधिकारी के आदेश एवं संसाधन उपलब्ध नहीं होने के चलते नाले की पैमाइश का काम पूरा नहीं किया जा सका। ईओ नायब तहसीलदार ने पैमाइश कराने तक 4 दिनों की अवधि तक निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिये।

## भरतपुर रियासत के संस्थापक महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** भरतपुर रियासत के संस्थापक महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर बुधवार को बयाना में तहसील जाट समाज की ओर से भव्य शौर्य शोभायात्रा निकाली गई। ऐतिहासिक उषा मंदिर से बैंडबाजों, ढोल नगाड़ों और घोड़ाबग्घी के साथ शुरू हुई शोभायात्रा में जाट समाज के लोग महाराजा सूरजमल के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा का रास्ते में जगह-जगह विभिन्न संगठनों की ओर से पुष्प वर्षा और जलपान कराकर स्वागत किया गया। लोगों ने महाराजा सूरजमल के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी हमेशा राष्ट्र को मजबूत करने के लिए तत्पर रहते थे : रामसहाय वर्मा

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन रैली, सुशासन की शपथ, संकल्प, अटल विचार संगोष्ठी एवं अटल कविता पाठों का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** नगर पालिका के तत्वावधान में हनुमान नगर में स्थित अटल पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर संपूर्ण देश व प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान जगह-जगह सुशासन रैली, सुशासन की शपथ, संकल्प, अटल विचार संगोष्ठी एवं अटल कविता पाठ का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी हमेशा राष्ट्र को मजबूत करने के लिए तत्पर रहते थे। वह कवि, कुशल प्रशासक व मानवीय संवेदनाओं को समझने वाले व्यक्तित्व के धनी थे। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वी जयंती पर जगह-जगह कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि



पूर्व प्रधानमंत्री को आज हर वर्ग का व्यक्ति याद करता है। पूर्व प्रधानमंत्री गरीबों के मसीहा थे। पूर्व प्रधानमंत्री की बात तर्कसंगत होती थी। वह कहते थे कि अगर पार्टी आगे बड़ी है तो अपने काम मेहनत और विचारों से बढी है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री सडक योजना लागू करके देश भर में सडकों का जाल बिछा दिया था। उनका लक्ष्य हमेशा अटल रहता था। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता परसराम कुमावत, शंकर सैनी, मंगलराम मीणा, जीतपाल गुर्जर, एडवोकेट रमेशकुमार शर्मा, संजय रैगर, रामफूल शर्मा, लालचंद सैनी, सीता देवी, मोहन शेखाटिया, राजप्रतापसिंह राणावत, स्वच्छ भारत मिशन अभियंता रजत बेनीवाल, प्रधानमंत्री आवास योजना के अभियंता कोमलकुमार सैनी, मुख्य मंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के कनिष्क अभियंता निशांक जैन, कोशल शर्मा, कमलेश बैरवा, सुरभि गौतम, पूनम शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सामाजिक बुराईयों को छोड़ते हुए सामाजिक सरोकार के करने चाहिए कार्य : विधायक वर्मा

### भामाशाह के सहयोग से 15 लाख रूपए के हॉल व बरामदा निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेय के जन्म दिवस पर राहोली के मुकेशकुमार अटल, शंकरलाल अटल व राकेशकुमार अटल ने अपने पिता स्वर्गीय कल्याणमल अटल की स्मृति में 15 लाख रूपये की लागत से बनने वाले एक हॉल मय बरामदा के निर्माण कार्य का विधायक रामसहाय वर्मा व चाकसू विधायक रामअवतार बैरवा ने विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर निवाई विधायक वर्मा ने कहा कि सामाजिक बुराईयों को छोडते हुए लोगों को सामाजिक सरोकार के कार्य करना चाहिए। अटल बंधुओं ने अपने पिता की याद में विद्यालय में हॉल निर्माण की अनुठी पहल की है। चाकसू विधायक रामअवतार बैरवा ने कहा कि अटल बंधुओं द्वारा किया गया यह सराहनीय कार्य हर समाज के लिए प्रेरणादायी है। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि स्वर्गीय कल्याणमल अटल स्वयं भी स्कूल के भामाशाह रहे थे। उन्होंने ही स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए ट्यूबवेल लगवाई थी। अटल बन्धुओं ने अपने पिता की अन्तिम इच्छा का सम्मान करते हुए मृत्युभोज नहीं करके स्कूल में विकास कार्य करवाने का निर्णय लिया था। इस अवसर पर समाजसेवी शंकरलाल हाथीवाल, रामप्रसाद शर्मा, बद्रीनारायण जाट, संदीपसिंह राजावत, उप सरपंच मधुसूदन शर्मा, प्रकाश जैन व चतरपालसिंह राजावत सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय जिला वैश्य महिला महासम्मेलन की पहल

## स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर हुई संगोष्ठी, खेल प्रतियोगिताओं में दिखाई दिलचस्पी

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी (नि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय जिला वैश्य महिला महासम्मेलन के तहत खेल महोत्सव तथा स्वास्थ्य सुरक्षा सेमिनार आयोजित की गई। कार्यक्रम का आगाज महिला इकाई जिलाध्यक्ष रीना पल्लीवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद स्वास्थ्य सुरक्षा पर अहम चर्चा हुई। अध्यक्ष रीना पालीवाल ने स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा करते हुए महिलाओं से कहा स्वस्थ जीवन के लिए पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और घरेलू नुस्खों का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें इस पर ध्यान देना होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष कुशला खूंटेटा, प्रदेश मंत्री शिप्रा गोयल, जिला महामंत्री रचना मित्तल, कोषाध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने भी स्वास्थ्य सुधार के बारे में बताया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं रहीं। जिनमें गृहस्त जीवन में व्यस्त होते हुए महिलाओं ने भाग लेकर प्रतिभा दिखाई।

### यह रही विजेता

गिफ्ट पैकिंग प्रतियोगिता में ज्योति गोयल, पिरामिड प्रतियोगिता में शिप्रा गोयल प्रथम, आरती जैन द्वितीय, पजल गेम में कविता रावत प्रथम, साक्षी गुप्ता द्वितीय, म्यूजिकल डांस ने कुशला खूंटेटा व वर्षा नाटाणी (प्रथम), रीना पल्लीवाल, ममता जैन, निर्मला खारवाल, सुमन दुशाद द्वितीय स्थान पर रहीं, गोलगप्पा कॉन्टेस्ट अमिता खंडेलवाल प्रथम, सरिता गुप्ता द्वितीय,कप झपट्टा में साक्षी अग्रवाल प्रथम, शिप्रा गोयल द्वितीय, विजिट



इंडिया में कविता रावत विजेता, प्रश्नोत्तरी में रीना पालीवाल, रचना मित्तल और रक्षा बरड़िया विजेता रहीं। कार्यक्रम के अंत में लक्की ड्रॉ निकाला गया। जिसमें कौशल्या बिरला विजेता रहीं। इस आयोजन में 50 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। संयोजक टीम और सभी प्रतिभागियों की उत्सुकता और मेहनत ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक अंजना रावत, ममता गोयल और ममता खंडेलवाल की कड़ी मेहनत और समर्पण की अहम भूमिका रही।

# गाड़िया लोहार की बेटी की शादी में किया सहयोग



सामग्री भेंट करते ट्रस्ट के पदाधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** कस्बे में गत कई वर्षों से रह रहे गाड़िया लोहार की बेटियों की शादी में स्थानीय एवं स्थानीय कस्बे के अन्य स्थान पर निवास करने वाले परिवारों द्वारा सहयोग किया जाता रहा है इसी क्रम में 25 दिसंबर 2024 बुधवार को गाड़िया लोहार नैना की बेटी दल की शादी के लिए अनेक परिवारों द्वारा सहयोग प्रदान किया इसी क्रम में सेट गुजरमल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शादी में मेहमानों के लिए खाद्य सामग्री प्रदान की गई ट्रस्ट के सदस्य सत्येंद्र अग्रवाल ने बताया कि ट्रस्ट समय-समय पर आम जानकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है किसी क्रम में वार्ड पार्षद अमर सिंह जाटव द्वारा ट्रस्ट को अवगत कराया गया कि गाड़ियां लोहार की बेटी की शादी है इस पर जयपुर निवास करने वाले ट्रस्ट के वेदव्रत गुप्ता द्वारा सामग्री भेजी गई जिसे ट्रस्ट की स्थानीय इकाई के सदस्य सुभाष चंद्र सिंगल विजय कुमार नेवरिया अमित मित्तल ब्रह्म प्रकाश गुप्ता रोहित जिंदल शुभम गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर सामग्री सोपी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अमर सिंह जाटव समाजसेवी तुलसीराम जाटव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# कल्याण फाउंडेशन का पहला रक्तदान शिविर संपन्न : शाम 5 बजे तक 383 लोगों ने किया ब्लड डोनेट, रक्तवीरों को सौंपे सम्मान पत्र

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे में बुधवार को सामाजिक संस्था श्री कल्याण फाउंडेशन की ओर से पहला रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कस्बे के अमर पैलेस मैरिज होम में लगे इस शिविर में सुबह से ही रक्तदाताओं की भीड़ उमड़ती दे रही थी। रक्तदान करने के लिए लोगों को कतार में लगना पड़ रहा था। संस्था चेयरमैन विनय अग्रवाल ने बताया- जिला आरबीएम अस्पताल और एसएमएस ट्रॉमा यूनिट की दो टीमें ब्लड कलेक्शन का काम करने आई थी। रक्तदाताओं के लिए 16 बेड लगाए गए। महिलाएं भी अच्छी संख्या में रक्तदान में अपनी भागीदारी निभाती नजर आई। इससे पहले विधायक ऋतु बनावत ने शिविर का उद्घाटन करते हुए रक्तवीरों को सम्मान पत्र भी प्रदान किये। विधायक ऋतु बनावत ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। रक्तदान करके हम रोती हुए मानवता के चेहरे पर मुस्कुराहट ला सकते हैं। सीएचसी इंचार्ज डॉक्टर जोगिंदर सिंह विधूड़ी ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित अंतराल में ब्लड डोनेट करना चाहिए। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के मनोरंजन के लिए कार्यक्रम में भजन गायक केडी नारायण अपनी टीम के साथ भजनों और पुराने सदाबहार फिल्मी नगमों की प्रस्तुति दी। सेल्फी पॉइंट बनाए गए। संस्था अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने बताया शाम 5 बजे तक कुल 383 लोग रक्तदान कर किया। जिसमें भरतपुर आरबीएम की टीम ने 199व एसएमएस ड्रामा टीम ने 184 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। इनमें लगभग 35 महिलाएं और 11 कपिल भी शामिल रहे। संस्था सचिव रमन धाकड़ ने बताया कि उन्होंने 38वी बार रक्तदान कर अपने आप में कीर्तिमान स्थापित किया है। और बताया हर बार अपनी पत्नी के साथ रक्त दान करते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए तीन काउंटर बनाए गए हैं। संस्था से जुड़े कार्यकर्ता बड़ी संख्या में



व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, नायब तहसीलदार अंकुर जैन, जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष ष्ट अतुल मित्तल, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ जिलाध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, अग्रवाल समाज बयाना के अध्यक्ष सुरेश चंद सिंघल, बैजनाथ दमदमा, राजेंद्र सरोज, डॉ टीएस वर्मा, डॉ मनोज धाकड़, डॉ भरत मीना, कपिल शर्मा, प्रदीप आर्य, कोषाध्यक्ष किशन चंद गुप्ता,डॉ बरखा तोमर, त्रिलोक उपाध्याय मनोज अग्रवाल, संजय सिंघल आदि कई लोग मौजूद रहे।

# पाला व शीतलहर की संभावना, पशुधन सुरक्षा के करें उपाय

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सदी बढ़ने व वर्तमान में दिन व रात्रि के तापक्रम में आ रहे परिवर्तन से पशुओं के स्वास्थ्य एवं उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव रहना तथा पशु रोगों की प्रायिकता में वृद्धि होना संभावित है। पशुपालन विभाग सवाई माधोपुर के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग ने बताया है कि दुग्ध उत्पादन में कमी अथवा किसी बीमारी के लक्षण की स्थिति ने निकटतम पशु चिकित्सक से संपर्क करें। पशुपालक फडकिया, गलघोंटू, पी.पी.आर, भेड माता, लंगडा बुखार, मिश्रित संक्रमण, खुरपका-मुंहपका आदि के टीके आवश्यक रुप से लगवायें ताकि इन रोगो से बचाव हो सके। एनिमल शेड्स में जूट की टाटपट्टी/तिरपाल आदि का उपयोग किया जावें ताकि पशुओं विशेषकर छोटे पशुओं एवं पोल्ट्री आदि को विशेष सुरक्षा प्रदान की जा सके।

मूवी रिव्यू

# बेबी जॉन

# वरुण धवन का जबरदस्त एक्शन और इमोशन, स्क्रीनप्ले अच्छा होता तो फिल्म अलग ही लेवल तक जाती

**वरुण धवन की एक्शन थ्रिलर फिल्म बेबी जॉन क्रिसमस के अवसर पर आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। कलीस के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का निर्माण एटली ने किया है। फिल्म में वरुण धवन के साथ कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव की अहम भूमिका है। 2 घंटे 44 मिनट की लेंथ वाली इस फिल्म को 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है।**




## फिल्म की कहानी क्या है?

फिल्म की कहानी एक्शन, इमोशन और सामाजिक संदेश के ताने-बाने पर आधारित है। वरुण धवन ने बेबी जॉन का किरदार निभाया है, जो अपनी बेटी खुशी के लिए हर मुश्किल का सामना करता है। कहानी महिलाओं की सुरक्षा और बाल तस्करी जैसे मुद्दों को छूती है। फिल्म में दिखाया गया है कि जॉन उर्फ डीसीपी सत्या वर्मा(वरुण धवन) अपने पास्ट को छुपाते हुए केरला में अपनी बेटी खुशी के साथ खुशनुमा जिंदगी जी रहा है। जॉन एक बेकरी चलाता है उसे उसकी बेटी खुशी बेबी के नाम से पुकारती है, लेकिन इसी बीच जॉन की पिछली जिंदगी एक बार फिर उसके वर्तमान पर हावी होने लगती है, जब खतरनाक विलेन नाना जी( जैकी श्रॉफ) के गुर्गों के चंगुल से मासूम बच्चियों को बचाने में कामयाब हो जाता है। कैसे नाना के खतरनाक मंसूबों से जॉन खुद को और अपनी बेटी को बचा पता है फिल्म की कहानी इसी के इर्द-गिर्द घूमती है।

## स्टारकास्ट की एक्टिंग कैसी है?

वरुण धवन ने अपने करियर का एक नया अंदाज दिखाया है। उनका इमोशनल और एक्शन पैक्ड परफॉर्मेंस बेहतरीन है। कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी ने अपने किरदारों में गहराई दिखाई है। कीर्ति का ग्रेस और वामिका की ईमानदारी फिल्म को मजबूत बनाती है। फिल्म में जैकी श्रॉफ की अदाकारी और लुक दमदार हैं, लेकिन उनका किरदार आधा-अधूरा लगता है। ऐसा लगता है उनके किरदार को और अच्छे से पेश किया जा सकता था। राजपाल यादव का हल्का-फुल्का कॉमेडी अंदाज कुछ सीन में असर छोड़ता है। वरुण धवन और जारा जियाना की केमिस्ट्री फिल्म का सबसे भावुक पहलू है। जारा ने इस फिल्म में वरुण धवन की बेटी का किरदार निभाया है।

## डायरेक्शन कैसा है?

कलीस का डायरेक्शन प्रभावी है, लेकिन स्क्रीनप्ले और स्टोरीलाइन में कई कमियां हैं। हालांकि, फिल्म में उन्होंने समाजिक मुद्दों को उठाने की कोशिश की है। पिता-पुत्री के रिश्ते को भावनात्मक तरीके से पेश किया है, लेकिन कहानी की बुनियाद कमजोर है। लेखकों ने ऑडियंस को जरूरत से ज्यादा होशियार मानकर एक जटिल और आउटडेटेड कहानी बनाई है। कई हिस्से प्रेडिक्टेबल हैं और इमोशनल कनेक्ट की कमी खलती है। अंत तक आते-आते फिल्म खिंचती हुई लगती है। फिल्म का जिस तरह का विषय है, उसमें रिसर्च की कमी है। फिल्म में एक्शन भरपूर है, लेकिन कॉमेडी और इमोशन सीन के बीच तालमेल नहीं दिखाता है। पंच लाइन जो दर्शकों को आकर्षित करते हैं, उसकी फिल्म में कमी नजर आती है। फिल्म के डायलॉग पर भी कुछ खास ध्यान नहीं दिया गया है। मुख्य खलनायक को पूरी तरह इस्तेमाल नहीं किया गया। वहीं, सलमान खान का कैमियो बेवजह लगता है। यह फिल्म तमिल 'थेरी' की रीमेक हैं, लेकिन इंटरवल के बाद कुछ सीन बदले गए हैं। खासकर वामिका गब्बी के किरदार में।

## फिल्म का संगीत कैसा है?

फिल्म के गाने की बात करें तो 'नैन मटक्का' के अलावा ऐसा कोई गीत नहीं जो याद रहे। थमन का बैकग्राउंड स्कोर दमदार है और फिल्म के माहौल को बेहतर बनाता है।

## फिल्म का फाइनल वर्डिक्ट, देखें या नहीं

इस फिल्म में वरुण धवन का नया अंदाज, एक्शन और इमोशन का सही तालमेल देखने को मिला है। यह फिल्म समाजिक मुद्दों को छूने की कोशिश करती है। क्रिसमस के मौके पर रिलीज हुई फिल्म एक बार देखी जा सकती है, लेकिन कमजोर कहानी और लंबे स्क्रीनप्ले के चलते यह ज्यादा प्रभावी नहीं लगती।

# विवादों के बीच अल्लू अर्जुन ने किया पोस्ट

### पुष्पा 2 की तारीफ के लिए यशराज फिल्म्स का जताया आभार, बोले- उम्मीद है वाईआरएफ फिल्म तोड़ेगी रिकॉर्ड



अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी फिल्म पुष्पा 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने यशराज फिल्म्स के प्रति अपना आभार जताया। दरअसल, यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म की तारीफ की थी।

यशराज फिल्म्स ने अपनी पोस्ट में लिखा, रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं और नए रिकॉर्ड्स हर किसी को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। इतिहास को फिर से लिखने के लिए Pushpa 2: The Rule की टीम को बधाई। फायर नहीं, वाइल्ड फायर। अल्लू अर्जुन ने इस पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, 'धन्यवादज बहुत सुंदर। आपकी शुभकामनाओं का आभारी हूं। उम्मीद है कि यह रिकॉर्ड जल्द ही एक दिल छू लेने वाली ङ्क्रक्रस्न फिल्म तोड़ देगी और हम सभी एक साथ आगे बढ़ेंगे।

पुष्पा 2 की रिलीज के बाद से विवादों में हैं अल्लू अर्जुन अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 जहां कमाई के मामले में सभी रिकॉर्ड्स तोड़ रही है, तो दूसरी ओर 4 दिसंबर को हैदराबाद में पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद से ही एक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, हाल ही में उनके घर के बाहर तोड़फोड़ भी हुई थी। वहीं, अल्लू अर्जुन से मंगलवार, 24 दिसंबर को करीब 3 घंटे से ज्यादा पूछताछ की गई। हैदराबाद सेंट्रल जोन डीसीपी के नेतृत्व वाली टीम ने एक्टर से सवाल किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन से पूछा गया कि क्या वे घटनास्थल पर मौजूद थे और उन्होंने हालात को कैसे संभाला। इस पर उन्होंने कहा, मुझे महिला की मौत की जानकारी अगले दिन मिली।

# इम्तियाज अली ने अपनी अगली फिल्म 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' पर लगाई मुहर



भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और निर्माता इम्तियाज अली इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म को लेकर चर्चा तो काफी पहले से शुरू हो चुकी हैं। कहा जा रहा है कि इसमें पहली बार फहाद फासिल और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। अब आखिरकार इम्तियाज ने यह पुष्टि कर दी है कि उनकी अगली फिल्म फहाद मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और उनकी फिल्म का नाम इडियट्स ऑफ इस्तांबुल है।

## यह थोड़ा समय से पहला हो गया- इम्तियाज

इम्तियाज ने हाल ही में हॉलीवुड रिपोर्टर के साथ खास बातचीत में अपनी अगली फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा, इसकी घोषणा हो चुकी है, लेकिन यह अपने समय से थोड़ा पहले हो गया। यह फिल्म बन रही है, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह अगली फिल्म होगी या नहीं। हां, मैं काफी वक्त से इस फिल्म को बनाने की कोशिश कर रहा हूं। इसका नाम द इडियट ऑफ इस्तांबुल है। यह फिल्म मुझे फहाद फासिल के साथ बनानी है।

## अगले साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

इडियट्स ऑफ इस्तांबुल के जरिए फहाद बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब फहाद और तृप्ति पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। यह फिल्म किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इम्तियाज साल 2025 की पहली तिमाही में तृप्ति और फहाद के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# चुनिंदा रोल्स ही करना चाहती हैं रिद्धि डोगरा


### बोलीं- काम ऐसा करो कि लोग हमेशा याद रखें; द साबरमती रिपोर्ट में नजर आई थीं एक्ट्रेस



रिद्धि डोगरा ने हाल ही में अपने फिल्मों के सलेक्शन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह अपनी जिंदगी में कुछ चुनिंदा रोल्स ही करना चाहती हैं, ताकि जब वह किरदार खत्म हो, तो लोग उसे हमेशा याद रखें। स्क्रीन के साथ बातचीत में रिद्धि डोगरा ने कहा, 'मेरी सबसे पहली सोच यह है कि मैं ऐसे रोल्स करना चाहती हूं जो असरदार हों। मैं ऐसा किरदार निभाना चाहती हूं, जिसे अगर कहानी से निकाल दिया जाए, तो लोग उसे मिस करें। यही मेरी शुरुआत से सोच रही है। फिल्म में चाहे जितने भी लोग हों, इससे फर्क नहीं पड़ता। आप हमेशा हीरोइन का किरदार नहीं निभा सकते।' रिधि डोगरा की मानें तो उन्होंने हमेशा टीवी पर मुख्य भूमिका निभाई है और टीवी पर उन्हें बहुत प्यार मिला है, क्योंकि उन्होंने हमेशा हीरोइन का किरदार निभाया है। अब वह अपने काम का दायरा बढ़ाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि भले ही लीड रोल में सबका ध्यान आपकी तरफ होता है, लेकिन वह चुनिंदा रोल इसलिए करना चाहती हैं ताकि उन्हें अलग-अलग किरदार निभाने का मौका मिल सके। रिधि डोगरा ने आगे कहा, मैं नहीं चाहती कि मुझे एक ही तरह के किरदार में फंसा दिया जाए, क्योंकि अगर आप एक बार किसी किरदार में फेमस हो गए, तो आसानी से वैसा ही रोल मिल जाता है। लेकिन मैं खुद को इस बंधन से आज़ाद करना चाहती हूं। मैं जो भी करती हूं, उस पर ध्यान देती हूं और इसमें मुझे कुछ अच्छे और कुछ गलत फैसले लेने पड़ते हैं। मेरे पास यह नहीं है कि कोई मुझे बताए कि क्या करना चाहिए। इस इंडस्ट्री में काम करने का कोई एक तरीका नहीं है।

# अनुपमा शो छोड़ने पर अलीशा परवीन ने तोड़ी चुप्पी

### बोलीं- मैंने शो नहीं छोड़ा, बल्कि निकाला गया; फैंस ने रूपाली गांगुली को ठहराया जिम्मेदार



टीवी शो अनुपमा इन दिनों चर्चा में बना है। शो से मेकर्स ने रातों रात लीड एक्ट्रेस अलीशा परवीन को निकाल दिया। इस बात का खुलासा खुद अलीशा ने किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने शो को नहीं छोड़ा, बल्कि उन्हें निकाला गया है। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर यूजर्स ने रूपाली गांगुली को इस पूरे मामले का जिम्मेदार ठहराया है। दरअसल, अलीशा परवीन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अनुपमा शो के कुछ एपिसोड्स के क्लिप्स थे। इसके कैप्शन में अलीशा ने लिखा, 'मैंने शो नहीं छोड़ा, मुझे बदला गया। यह मेरे लिए बहुत कठिन था। जब आप अपना पूरा प्यार, ताकत, खुशी, सब कुछ अपने किरदार में लगाते हैं और फिर अचानक बिना बताए आपको बदल दिया जाता है, तो यह दिल तोड़ने जैसा लगता है। लेकिन मैं मुस्कुरा रही हूं क्योंकि आप सभी का प्यार और सपोर्ट है। हमेशा आपकी राही। इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद।' अलीशा के पोस्ट पर फैंस भी जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'आपको और ताकत मिले,' एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'हमेशा हमारी राही आप ही हैं,' जबकि कुछ लोगों ने रूपाली गांगुली को इसका जिम्मेदार ठहराया है। बता दें, अनुपमा टीवी का नंबर वन शो रहा है। कुछ समय पहले शो में लीप आया था। इसके बाद शो की लगभग पूरी कास्ट बदल दी गई थी। शो में अलीशा परवीन को फीमेल लीड का रोल मिला। वह शो में रुपाली गांगुली (अनुपमा) की बेटी के रोल में नजर आई थीं। बता दें, रूपाली गांगुली बीते कई दिनों से विवादों में हैं। कुछ समय पहले ही उनकी सौतेली बेटी ईशा वर्मा ने उन पर हैरेसमेंट के आरोप लगाए थे। ईशा के आरोप थे कि पिता को कॉल करने पर रूपाली उन्हें जान से मारने की धमकी देती हैं।

# रेप केस में फंसे कोरियोग्राफर की तारीफ कर फंसीं कियारा

### ट्रोल होने पर एडिट किया कैप्शन, शेयर किया था डांस का रिहर्सल वीडियो




कियारा आडवाणी जल्द ही राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म का गाना 'धोप' जारी किया गया। इसी बीच, कियारा ने इस गाने के डांस रिहर्सल का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें कोरियोग्राफर मास्टर जानी का जिक्र था, जो रेप के आरोपी हैं। इसके बाद यूजर्स कियारा पर बुरी तरह भड़क गए। हालांकि, बाद में कियारा ने अपना कैप्शन बदल दिया। दरअसल, कियारा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, 'मुझे याद है जब मैंने मास्टर जानी की कोरियोग्राफी देखी थी, तो मुझे लगा था कि हम इसे कैसे करेंगे, लेकिन यही हमारे काम की खास बात है कि हम हमेशा कुछ नया सीखते रहते हैं।' कियारा का कैप्शन पढ़कर लोग भड़क गए। एक ने कमेंट करते हुए लिखा, बॉलीवुड एक्टर्स को किसी भी चीज से फर्क नहीं पड़ता। दूसरे ने लिखा, कियारा ने ये क्यों लिखा है, जब जानी मास्टर को जमानत मिलने के बाद हुए हंगामे और उनके राष्ट्रीय पुरस्कार के वापस लिए जाने की खबरें आई थीं?, तीसरे ने लिखा, महिला होते हुए आपने अपनी पोस्ट में जानी मास्टर का नाम क्यों लिया? क्या आपको उनकी हाल की खबरों के बारे में नहीं पता?'। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद कियारा ने अपने कैप्शन से जानी मास्टर का नाम हटा दिया और फिर उन्होंने निर्देशक और को-एक्टर की तारीफ की। फिल्म गेम चेंजर में राम चरण डबल रोल में नजर आएंगे। उनके साथ कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत और समुथिरकानी जैसे स्टार्स भी हैं। फिल्म में राम चरण एक आईएएस अधिकारी का किरदार निभाते हैं, जो भ्रष्ट व्यवस्था को चुनौती देता है। बता दें, तेलुगू कोरियोग्राफर जानी मास्टर यानी शेख जानी बाशा पर एक 21 साल की लड़की ने शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पॉक्सो के तहत मामला दर्ज होने के बाद स्पेशल ऑपरेशन टीम (एसओटी) ने उन्हें 19 सितंबर को गोवा में गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उनसे बेस्ट कोरियोग्राफर का नेशनल अवॉर्ड भी छीन लिया गया था। जानी मास्टर को साल 2022 में रिलीज हुई धनुष की फिल्म 'तिरुचित्रम्बालम' के गाने 'मेघम करुकथा' का डांस कोरियोग्राफ करने के लिए नेशनल अवॉर्ड दिया गया था। इस गाने को उन्होंने सतीश कृष्णन के साथ कोरियोग्राफ किया था।

# फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने की मलयालम सिनेमा की तारीफ

### बोले- वहां स्टार सिस्टम नहीं होता है बॉलीवुड के एक्टर्स को बताया घमंडी

**प्रोड्यूसर-डायरेक्टर अनुराग कश्यप बतौर एक्टर मलयालम सिनेमा में फिल्म राइफल क्लब से कदम रख रहे हैं। हाल ही में यह फिल्म रिलीज हुई है, जिसमें अनुराग कश्यप के लुक और किरदार की काफी तारीफ हो रही हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अनुराग ने बताया कि उन्हें मलयालम सिनेमा से बहुत प्यार है।**



बॉलीवुड की तुलना में उन्होंने मलयालम सिनेमा को बेहतर बताया। अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अपने काम करने के अनुभव शेयर किए। उन्होंने कहा- मैं राइफल क्लब में काम करने के लिए काफी उत्साहित था। जब डायरेक्टर आशिक अबू ने फिल्म की अनाउंसमेंट की थी तो मैं खुद उनके इंस्टाग्राम पेज पर गया और उनके पोस्ट पर लिखा था कि क्या आपको हिंदी भाषी एक्टर चाहिए? इस तरह से मैं इस फिल्म का हिस्सा बना और आज इसे कर बहुत खुश हूं। अनुराग कश्यप ने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री की बॉलीवुड से तुलना करते हुए मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को बॉलीवुड से बेहतर बताया है। उन्होंने बॉलीवुड पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मलयालम फिल्मों में स्टार सिस्टम नहीं होता है। अलग से किसी स्टार्स के लिए वैनिटी वैन नहीं आती है।

सभी एक साथ घुल मिल कर रहते हैं। जबकि बॉलीवुड में एक स्टार खुद को अलग समझता है और बाकी लोगों से अलग-थलग रहता है। वह अपने घमंड में रहता है। बता दें कि हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड में स्टार्स के बढ़ते फीस और वैनिटी वैन के कल्चर पर बात की थी। अनुराग कश्यप ने कहा था- बॉलीवुड में जिस तरह से स्टार्स के फीस बढ़ रहे हैं, उससे फिल्म का बजट काफी बढ़ जाता है। इसके अलावा उनकी सबसे खराब डिमांड यह होती है कि उनका शेफ खाना बनाएगा। जो रोजाना खाना बनाने के लिए 2 लाख रुपए लेता है। कुछ एक्टर्स के पास 5 वैनिटी वैन होती हैं।

जिसमें जिमिंग, कुकिंग, खाने, नहाने और लाइन प्रैक्टिस करने के लिए अलग होता है। ये पागलपन है। कोई पागल ही होगा, जो 5 वैनिटी वैन लेकर चलता है।

जो पानी से नहाएगा वो सिर्फ लिबास बदल सकता है,
लेकिन जो पसीने से नहाएगा वो इतिहास बदल सकता है।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# अजरबैजान से रूस जा रहा विमान कजाकिस्तान में क्रैश

## 38 लोगों के मारे जाने की आशंका



**जमीन से टकराने के बाद धमाका, 2 हिस्सों में टूटा**



बढ़ता राजस्थान

**अस्ताना (एजेंसी)।** कजाकिस्तान के अक्ताऊ में बुधवार सुबह एक पैसेंजर प्लेन क्रैश हो गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक प्लेन में 62 यात्री और 5 क्रू मेंबर्स थे। विमान अजरबैजान से रूस के चेचन्या प्रांत की राजधानी ग्रोज्नी जा रहा था, लेकिन उसे कजाख शहर अक्ताऊ से लगभग 3 किमी दूर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।

क्रैश होते ही प्लेन में आग लग गई और वह 2 टुकड़ों में बंट गया। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहने की वजह से मृतकों और जिंदा बचे लोगों की संख्या लगातार बदल रही है। पहले बताया गया था कि हादसे के बाद सिर्फ 25 लोग बच पाए। अब 29 लोगों के बचने की बात कही जा रही है। अब तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। एजेंसियों के मुताबिक घने कोहरे के चलते फ्लाइट का रूट बदला गया था। प्लेन ने क्रैश होने से पहले एयरपोर्ट के कई चक्कर लगाए थे। पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन भी मांगी थी। हालांकि बाद में उसे एयरपोर्ट के पास बीच पर इमरजेंसी लैंडिंग के लिए मजबूर होना पड़ा।

क्रैश हुआ विमान अजरबैजान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर 190 मॉडल था। कजाकिस्तान के इमरजेंसी मंत्रालय के मुताबिक कुल 52 रेस्क्यू टीम और 11 रेस्क्यू इक्विपमेंट्स दुर्घटनास्थल पर भेजे गए हैं।

# राजस्थान में पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर...

## बीएसएफ ने बॉर्डर पर मारी गोली, पाकिस्तान ने शव लेने से किया इनकार



बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले के भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर घुसपैठिए को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने मार गिराया। मंगलवार की देर रात साढ़े बारह बजे पाकिस्तानी भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहा था। एसपी गौरव यादव ने बताया कि केसरीसिंहपुर इलाके के एक एक्स गांव के पास यह घटना हुई है। फ्लैग मीटिंग में पाकिस्तान के उसका शव लेने से इनकार करने पर बॉडी केसरीसिंहपुर पुलिस को सौंप दी गई है। घुसपैठिए के पास मिले आइडेंटीटी कार्ड पर उसका नाम अब्दुल गफ्फार लिखा है। वह मिंचिनाबाद का रहने वाला है। उसकी आयु 33 वर्ष अंकित है। घुसपैठिया भारतीय सीमा में पिलर की तरफ आने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बीएसएफ जवानों ने उसे सचेत किया। फिर भी वह नहीं माना। इसके बाद जवानों ने उसे ढेर कर दिया। उसके पास कुछ पाकिस्तानी मुद्रा, सिगरेट का पैकेट और कुछ अन्य सामान मिला है।सेना और पुलिस जानकारी जुटाने में लगी बॉर्डर पर मारे गए घुसपैठिए के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। सेना और पुलिस के अफसरों के बीच लगातार बातचीत हो रही है। घुसपैठिए के पास से एक आईडी कार्ड मिला है, जिस पर उर्दू में कुछ लिखा है।

# प्रदेश में बारिश के साथ ओले भी गिरेंगे

## 26-27 दिसंबर को बादल छाएंगे, कई जिले कोहरे और धुंध की चादर में लिपटे रहे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में फिर से बारिश का दौर शुरू होगा। नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के कारण 26 और 27 दिसंबर को पूरे प्रदेश में बादल छाएंगे। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होगी। कुछ जिलों में ओले भी गिरेंगे। मौसम विभाग ने आज (बुधवार) भी प्रदेश के 22 जिलों में कोहरा छाने और दिन में हल्की धुंध-बादल छाने की संभावना जताई है। उधर, पिछले दिनों हुई बारिश के बाद प्रदेश में दिन भी ठंडा होने लगा है। बीकानेर, चूरू, माउंट आबू (सिरोही), गंगानगर समेत कई जिलों में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। दिनभर धुंध, हल्का कोहरा छाने और ठंडी हवा चलने से मंगलवार को पूरे दिन तेज सर्दी रही।



### न्यूनतम तापमान 10 डिग्री गिरा

डूंगरपुर में कल न्यूनतम तापमान 10 डिग्री गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान कल माउंट आबू (सिरोही) में 3 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सिरोही में 5 .6, सीकर में 8 .5, चूरू में 9 .5, बीकानेर में 8 .4 और गंगानगर में 7 .7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। दूसरी ओर, 26 दिसंबर को हनुमानगढ़, पाली और सिराही को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 27 दिसंबर को सभी जिलों के लिए बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

### अधिकतम तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट

पिछले 24 घंटे में सभी शहरों में कल (24 दिसंबर) अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान डूंगरपुर में 24.9 और चित्तौड़गढ़ में 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में कल अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर, सीकर, फतेहपुर में 20 डिग्री, करौली में 20.1, बीकानेर में 19.4, चूरू में 18.4, गंगानगर में 18.6, अजमेर में 20.5, कोटा में 21.8, उदयपुर में 23 और जयपुर में 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, हनुमानगढ़, गंगानगर, बीकानेर, चूरू समेत उत्तर-पूर्वी राजस्थान और दक्षिणी राजस्थान के बारां, बूंदी, कोटा, सवाई माधोपुर जिलों में कल पूरे दिन आसमान में धुंध और कोहरा छाया रहा। दिनभर सर्द हवा चली। अधिकांश शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान औसत से 3 से लेकर 5 डिग्री नीचे दर्ज हुआ, जिस कारण यहां कोल्ड-डे जैसी स्थिति रही।

# कांग्रेस नेता माकन बोले- केजरीवाल देश के फ्रॉड किंग

## उन्हें फर्जीवाल कहना बेहतर; लोकसभा चुनाव में आप के साथ गठबंधन हमारी भूल थी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता अजय माकन ने बुधवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को देश का फ्रॉड किंग यानी सबसे बड़ा धोखेबाज बताया। माकन ने कहा कि अगर केजरीवाल को एक शब्द में परिभाषित करना हो, तो वो शब्द 'फर्जीवाल' होगा।

दिल्ली कांग्रेस की तरफ से आम आदमी पार्टी और भाजपा के खिलाफ 12 पॉइंट का व्हाइट पेपर रिलीज के समय माकन ने यह बात कही। इस व्हाइट पेपर का टाइटल 'मौका मौका, हर बार धोखा' रखा गया है। माकन ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन में आना कांग्रेस की भूल थी, जिसे अब सुधारा जाना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि यह उनकी निजी राय है।

**अजय माकन ने कहा-** मुझे लगता है कि आज दिल्ली की जो हालत है और कांग्रेस जो यहां कमजोर हुई, उसका एक ही कारण है कि हमने 2013 में 40 दिन के लिए आप को सपोर्ट किया था। दिल्ली कांग्रेस ने 12 पॉइंट के व्हाइट पेपर में दिल्ली की आप सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार को टारगेट करते हुए कहा कि दोनों ने अपने वादे पूरे नहीं किए। दोनों पार्टियां प्रदूषण, नागरिक सुविधाओं और कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का प्रबंधन नहीं कर पाई हैं।

# अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती

## पीएम-राष्ट्रपति ने श्रद्धांजलि दी, मोदी बोले- उन्होंने कभी खरीद-फरोख्त की राजनीति नहीं की थी

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंतीपर दिल्ली में स्थित उनके समाधि सदैव अटल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। 16 अगस्त 2018 को 93 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था। वे 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे। उन्हें 27 मार्च 2025 को भारत रत्न से नवाजा गया था। पीएम मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए लेख लिखा है।




# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# यीशु के जन्मस्थान पर लगातार दूसरे साल क्रिसमस सेलिब्रेशन नहीं

## यूक्रेनी सैनिकों ने बंकर में त्योहार मनाया, सीरिया में 20 साल बाद क्रिसमस की रौनक



बढ़ता राजस्थान

येरुशलम (एजेंसी)। दुनियाभर में क्रिसमस को लेकर उत्साह का माहौल है। चर्च सजी हुई हैं, बाजारों में रौनक है। ईसाईयों के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने वेटिकन में 24 तारीख की रात सेंट पीटर बेसिलका चर्च का पवित्र दरवाजा खोलकर क्रिसकम के जश्न की शुरुआत की। वहीं, वेस्ट बैंक में जंग की वजह से ईसा मसीह के जन्मस्थान बेथलेहम में माहौल गमगीन है। उनके जन्मस्थल पर बने चर्च ऑफ द नेटिविटी में लगातार दूसरे साल सजावट तक नहीं की गई है। वहीं, क्रिसमस पर रूस ने पूरे यूक्रेन पर हमले किए हैं। जंग की वजह से यूक्रेनी सैनिक बंकरों में क्रिसमस मनाते दिखाई दिए हैं। दूसरी तरफ सीरिया में असद के भागने के बाद वहां के ईसाई उत्साह के साथ क्रिसमस मना रहे हैं। हालांकि यहां सोमवार रात को क्रिसमस ट्री में आग लगा दी गई थी। जिसके बाद लोगों में नाराजगी देखी गई थी।

